# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**इसलिए, कहा जाता है इंदौर शहर नहीं, एक 'दौर' है...**

# गेर में आए पांच लाख से अधिक लोग 38 मिनट में सफाई, सड़कें 'चकाचक'

**सड़क पर पड़ा रंग और गुलाल ऐसे हुआ साफ**





मंत्री कैलाश विजयवर्गीय संत के रूप में दिखे



मात्र 38 मिनट में सफाई मित्रों ने चमका दिया शहर









## गेर में श्रीनाथजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

रंगपंचमी पर इंदौर में निकली गेर ने फिर इतिहास रच दिया। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। गेर को देखने यूनेस्को की टीम भी आई। गेर निकलते ही इंदौर नगर निगम की टीम ने 38 मिनट में ही सफाई कर डाली। दोपहर तीन बजे से निगम की टीमें सफाई करने में जुट गईं थीं। पहले गेर के रास्तों से कपड़ों, पैकेटों, गुब्बारों, पिचकारियों आदि सामान को उठाया गया। इसके बाद अगले चरण में इसे झाड़ू से पूरी तरह साफ किया गया। इसमें कई किलो गुलाल निकला। पूरी सड़कें गुलाल और पानी से सराबोर हो गईं थीं। अंत में फिर इन सभी सड़कों को निगम के टैंकरों के द्वारा पानी से धोकर साफ कर दिया।



**अधिक भीड़ के चलते 3 बेहोश**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट ने गेर में भाग लिया। इस बार फाग यात्रा में विशेष रूप से झांकियां भी शामिल की गईं। इन झांकियों में ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार होली, रासरंग और श्रीकृष्ण की झांकी प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आईं। इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए इंदौर के लोग छतों पर बैठने के लिए पहले से ही बुकिंग करवा चुके थे। अधिक भीड़ के कारण गेर में शामिल तीन लोग बेहोश होकर सड़क पर गिर गए।

## हादसे से दुखी सीएम नहीं हुए शामिल मृतक के परिजनों को 4 लाख मुआवजा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गेर मे शामिल होने इंदौर जा रहे थे। तभी उन्हे खबर मिली एक युवक के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ गया है जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना से व्यथित मुख्यमंत्री यादव ने मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए की राहत राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा - रंगपंचमी के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मैं इंदौर के विश्वप्रसिद्ध गेर कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परंतु यहां गेर उत्सव के दौरान एक दुखद घटना हुई है, जिसमें एक बंधु ट्रैक्टर से टक्कर में घायल हो गया था जिसका इलाज के दौरान निधन का दुखद समाचार मिला है। इस हादसे के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, मैं अपने इंदौर में रंगपंचमी के कार्यक्रम को स्थगित करता हूं। मैं बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करें।*

### बुरहानपुर में सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी से तनाव

# रात में उबल पड़ा शहर, घेरा थाना, बाजार बंद आरोपी की गिरफ्तारी के बाद... संभले हालात

एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जो धार्मिक भावनाओं के आहत होने से जुड़ी थी



*कलेक्टर और एसपी ने समझाइश देकर शांत करवाया मामला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

सोशल मीडिया पर एक धार्मिक पोस्ट को लेकर विवाद हो गया। इस पोस्ट पर आपत्ति जताते हुए एक समुदाय के लोग कोतवाली थाने में जमा हो गए। पुलिस ने पोस्ट डालने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तनाव को देखते हुए एसपी देवेंद्र पाटीदार और कलेक्टर हर्ष सिंह भी थाने पहुंचे। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। एसपी ने कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और भड़काऊ पोस्ट शेयर न करने की भी अपील की है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में

शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी



**विदिशा:** मस्जिद के पास से पथराव के बाद उमरछा गांव में तनाव

### 8 घरों में तोड़फोड़, चार घरों में आग लगाई, कार और बाइक भी फूंकी

उमरछा गांव में 70 जवान तैनात डीआईजी सहित एसपी मौके पर पहुंचे



कुरवाई। कुरवाई के उमरछा गांव में एक युवती के फांसी लगा लेने के बाद बवाल हो गया। पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा युवती की हत्या का आरोप लगाने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन बुधवार युवती के साथ बलात्कार किए जाने की चर्चा फैल गई। आसपास के गांव के लोग भी एकत्रित होने लगे। आरोपी पर हत्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा

### औरंगजेब के नाम पर 'विवाद' और हिंसा आज के दौर में प्रासंगिक नहीं

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक कल से होगी शुरु | बैठक में पदाधिकारियों सहित 1480 कार्यकर्ता शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

नागपुर में हाल ही में भड़की हिंसा को लेकर राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर का कहना है कि औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं हैं। किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहित नहीं जाना चाहिए। आरएसएस का यह रुख ऐसे समय में आया है जब औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग और इससे जुड़ी विभिन्न अफवाहों को लेकर नागपुर में भड़की हिंसा के बाद तनाव चरम पर है। आंबेकर ने यह बात बेंगलुरू में राष्ट्रीय स्वयं ▶▶ शेष पेज 4 पर



*इस घटना में किसी को चोट नहीं आई*

*सीएम और अन्य लोग अचानक लड़खड़ा गए, मौजूद कार्यकर्ता और अधिकारियों ने सीएम को संभाला*

## सीढ़ियों पर अधिक लोग खड़े थे, सीएम मीडिया से बात कर रहे थे तभी ये टूट गईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रंगपंचमी के अवसर पर बुधवार को अशोकनगर स्थित मां जानकी धाम करीला पहुंचे, यहां मीडिया से बातचीत के दौरान सीढ़ी टूट गई। जिस पर खड़े सीएम और अन्य लोग अचानक लड़खड़ा गए। वहां पर मौके पर मौजूद कार्यकर्ता और अधिकारियों ने सीएम को संभाला। मुख्यमंत्री यादव ने माता जानकी के दर्शन किए। ▶▶ शेष पेज 4 पर






### राजस्थान और मप्र से लगे हिस्सों में बना साइक्लोनिक सर्कुलेशन

*सुबह से शाम तक कुछ शहरों में बौछारें*

# भोपाल सहित आज डेढ़ दर्जन जिलों में आंधी के साथ बारिश, कल भी रहेगा ऐसा ही मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार से दिन के तापमान में बढ़त रही। कुछ शहरों में बौछारें पड़ीं, जबकि कुछ शहरों में देर रात गरज चमक के साथ बारिश हुई। भोपाल में सुबह धूप, दोपहर बाद बादल छाए, जिससे दिन का पारा 2.6 डिग्री बढ़कर 35.8 डिग्री रहा। रात में 17.6 डिग्री पर थमा रहा। गुरुवार से भोपाल सहित 15 से अधिक जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होगी। यह क्रम दो दिन चलेगा। गुरुवार से शनिवार के बीच प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश, बौछारों की उम्मीद है। मौसम केंद्र के ▶▶ शेष पेज 4 पर

*भोपाल सहित अधिकांश जिलों में धूप से चढ़ा पारा, देर रात कुछ शहरों में बारिश*

**तीन दिन पूरे प्रदेश में मौसम में बदलाव**



शाहजहांनाबाद का दृश्य

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बुधवार से मौसम में बदलाव शुरू हुआ है, जो तीन दिन जारी रहेगा। इस बीच प्रदेश के अधिकांश जिलों में बादल, गरज चमक के साथ बारिश और बादलों का असर रहेगा। भोपाल में भी गुरुवार से शुक्रवार के बीच हल्की बारिश होगी। विशेषकर सिंगरौली, सीधी, शहडोल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

***यहां बारिश, ओले का यलो अलर्ट***

*सिंगरौली, सीधी, शहडोल, मंडला, बालाघाट जिलों में बारिश के साथ कुछ जगह ओले का यलो अलर्ट है। रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, सिवनी, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, मैहर जिलों में 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवाओं के साथ बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर में बारिश होगी। है।*



भोपाल। राजधानी के सोमवारा चौक से रंगपंचमी पर इंदौर की तर्ज पर गेर निकाली गई। इस पारंपरिक चल समारोह में शहर में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और जमकर रंग खेला। इसके साथ ही नगर निगम के टैंकरों ने भी हुरियारों पर रंगों की फुहारों से भिगो दिया।

## राजधानी में 128 साल पुरानी परंपरा के तहत निकला रंग पंचमी का चल समारोह, झांकियां, डीजे, ध्वज, घोड़े-ऊंट भी हुए शामिल

# हुरियारों की टोली पर टैंकरों से बरसा रंग, इंदौर की तर्ज पर निकली गेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक बार फिर से होली की मस्ती छाई रही। बुधवार को शहर एक बार फिर रंगों से सराबोर था। रंगपंचमी के मौके पर इंदौर की तर्ज पर गेर निकाली गई। रंग-गुलाल, हुड़दंग और पानी की बौछार में लोग जमकर झूमे। कोई एक-दूसरे को रंग रहा था, तो कोई गुलाल उड़ा रहा था। गली-मोहल्ले और कॉलोनियों में लोग रंग सराबोर थे। शहर में रंगारंग समारोह भी हुए। लोगों में रंगपंचमी का उत्साह देखते ही बन रहा था। वहीं चल समारोह में भी लोगों की भारी भीड़ मस्ती में झूम रही थी।



### सुबह से ही सराफा चौक पर दिखाई देने लगा था रंगपंचमी का असर,10 बजते ही जुटे लोग



पुराने शहर के सराफा चौक पर सुबह-सुबह ही रंगपंचमी का असर दिखाई देने लगा था। जैसे ही 10 बजे लोगों की भीड़ जुटने लगी। देखते-देखते ही सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। 12 बजते ही ढोल-ढमाके, डीजे और रंग-गुलाल के साथ रंगपंचमी पर श्री हिंदू उत्सव समिति का चल समारोह की शुरुआत सुभाष चौक से की गई। यहां डीजे पर फाग गीत के साथ लोग जहां एक-दूसरे को होली के रंग में रंग रहे थे, वहीं छतों से हुरियारों पर रंग-पानी बौछार के रूप में उड़ेल रहे थे। इसी बौछार का आनंद लेते हुए युवाओं की टोली जहां उत्साह में सराबोर दिखी, वहीं बड़े-बुजुर्गों ने भी एक दूसरे को गुलाल-अबीर लगाया। 128 साल पुरानी परंपरा के तहत चल समारोह में झांकियां, डीजे, ध्वज, घोड़े-ऊंट भी शामिल हैं। हुरियारों की टोलियां एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते और नाचते-गाते निकली। मुख्य और बड़ा आयोजन चौक बाजार पर हुआ। इस बार 69वां आयोजन है। हुरियारे भूत-पिशाच बनकर चल समारोह में शामिल हुए। सोमवारा में चल समारोह के पहुंचते ही 6 टैंकरों से रंग बरसाया गया। चल समारोह में महंत अनिलानंद, संयोजक कपिल जाधव, प्रभारी सागर सौदा, पंडित ईशदयाल शर्मा, संजय गुप्ता एडवोकेट, प्रमोद नेमा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न रूपों में स्वांग रचाये हुरियारे शामिल थे।

### दादाजी धाम मंदिर में भगवान के साथ भक्तों ने खूब खेली फूलों की होली



*राजधानी के रायसेन रोड के पास पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में रंग पंचमी के मौके पर बुधवार को होली मिलन का आयोजन हुआ। श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बताया गया है कि होली और रंगपचमी हमारी सांस्कृति की धरोहर है, जिसका संबंध सीधे प्रकृति के रंगों से जुड़ा है, प्रकृति फूलों के रंगों से भरी रहती है। रासायनिक रंग गुलाल के दुष्परिणाम को देखकर दादाजी धाम मंदिर में प्रातः 11:00 बजे सत्यनारायण कथा से शुरुआत हुई। इसके बाद शाम को पुरानी परंपरा अनुसार रंगबिरंगे 2 क्विंटल फूलों से मंदिर में विराजमान सभी भगवान दादाजी गुरुदेव के संग होली खेला गया, जिसमें टेसू पलाश के नारंगी, अमलतास, गेंदा, शेबंती एवं गुलाब के विभिन्न रंगों के फूलों से भक्तों ने रंगीन होकर प्रभु से प्रार्थना की है और रंग रजवा रंग दे ऐसी चुनरिया की रंग ना फीका पड़े।*

**रंगारंग कार्यक्रम हुआ**

### चौरसिया तमोली समाज ने धूमधाम से मनाया रंग पंचमी महोत्सव



*सर्वश्री चौरसिया तमोली समाज द्वारा रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से छोला स्थित मिलन गार्डन में मनाया गया। रंग पंचमी महोत्सव में बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों के साथ में सामाजिक बंधु उपस्थित हुए। राष्ट्रीय संगठन मंत्री पूरन चौरसिया ने समाज के बंधुओं को रंग पंचमी की बधाई देकर गुलाल लगाया। रंग पंचमी महोत्सव में बच्चों और महिलाओं के लिए रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।*

### शाहपुरा से निकला चल समारोह

*हिंदू उत्सव समिति की ओर से रंगपंचमी पर अच्छा और बड़ा आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ के भाग लिया। पुलिस की सुरक्षा में चल समारोह संपन्न हुआ। तो वहीं नया भोपाल त्यौहार उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को शाहपुरा के शैतान सिंह मार्केट में धूमधाम से रंगपंचमी चल समारोह निकाला गया।*

### कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर हुआ विशेष आयोजन

*रंगपंचमी के इस खास मौके पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर विशेष आयोजन किया। इसके अलावा, सुभाष चौक, बरखेड़ी और शाहपुरा से भी गेर निकाली गई। संत नगर, भेल और कोलार क्षेत्र में भी रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।*

**मार्गों की सफाई में जुटा निगम अमला**

## रंगपंचमी के चल समारोह के आधा घंटे बाद ही चकाचक हुईं सड़कें



*भोपाल। रंगपंचमी के चल समारोह के साथ नगर निगम अमले ने नई मिसाल पेश की है। पुराने शहर के जिन इलाकों से पंचमी का जुलूस निकला, वहां नगर निगम के अमले ने सफाई कर दी। जुलूस के साथ सौ से अधिक सफाइकर्मी लगे रहे, जिन्होंने आधा घंटे में सड़कों को चकाचक कर दिया। निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन ने साफ-सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग कर जरूरी हिदायत भी दीं। बुधवार को रंगपंचमी पर पुराने शहर के लोहा बाजार, जुमेराती, सिंधी मार्केट, भवानी चौक, लखेरापुरा, चिंतामन चौराहा, इतवारा, मंगलवारा से चल समारोह निकाला गया। इस दौरान रंग गुलाल और फूल-पंखुड़ी का कचरा एकत्रित हो गया, जिसे निगम अमले ने आधा घंटे में साफ-सफाई कर दी। जुलूस के साथ तीस सफाइकर्मी और पांच कचरा वाहन थे।*

### कायम रही सुंदरता

रंगपंचमी त्यौहार पर चल समारोह की साफ-सफाई प्लॉनिंग से करने की प्रक्रिया शुरू की और चल समारोह शुरू होने से समारोह जैसे आगे बढ़ता गया, निगम के सफाई मित्र मार्ग की पीछे से साफ-सफाई तेज गति से शुरू की और चल समारोह समाप्त होने के अल्प समय में ही चल समारोह मार्ग पूरी तरह से साफ-सुथरा किया गया।



**सामाजिक समरसता का दिया संदेश**

## गायत्री परिवार ने रंग पंचमी एवं आदर्श होली मिलन समारोह आयोजित किया

**भोपाल।** गायत्री शक्तिपीठ पर रंग पंचमी के पावन पर पर होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशेष रूप से मुख्य अतिथि के रूप से जेल अधीक्षक जेल मुख्यालय भोपाल दिनेश नरगावे सपत्नीक उपस्थित हुए। वहीं जोनल समन्वय मध्य प्रदेश राजेश पटेल, खंडेलवाल, न्यायाधीश महाकालेश्वर श्रीवास्तव, जैन साहब एवं आरके गुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रजलन एवं अतिथियों का स्वागत भगवान भोलेनाथ के आभूषणों से किया। होली मिलन में भोपाल के 14 चेतना केंद्र, शाखाओं, सीहोर, मंडीदीप के गायत्री परियोजनाओं की गरिमामय उपस्थिति में सभी परिजनों ने आदर्श होली मिलन के अंतर्गत फूलों की वर्षा और केसर चंदन तिलक लगाकर गीत संगीत के माध्यम से सभी ने आपस में सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए और समाज में फैली कुरीतियों के उन्मूलन, व्यसनों के दुष्परिणामों का समाज में जन जागरण कर व्यसन मुक्त समाज बनाने और व्यसनों से दूर रहने के संकल्पों के साथ होली पर्व मनाया। इस अवसर पर राजेश पटेल ने शांतिकुंज का पर्व संदेश सुनाया एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि दिनेश नरगावे ने गायत्री परिवार के समाज निर्माण एवं जेल में बंदी सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम सफल बनाने में भाई-बहनों ने कविता, गीत, संगीत, मोनो एक्टिंग एवं संस्मरण सुनाए।

# श्रीमद् भागवत कथा में बांटे जाएंगे 'श्रीहरि रक्षाकवच'

### कथा की तैयारियों को लेकर हुई समिति की बैठक

**भोपाल।** मां शीतला माता मंदिर करोंद में सात अप्रैल से शुरू होने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिरियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य राहुल तिवारी को कलश यात्रा, रामेश्वर त्रिपाठी को पंडाल की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी मायाराम अटल व शुभम पांडेय को सौंपी गई है। वहीं श्याम सुंदर, कृष्णा राठौर, दिनेश शर्मा और भैरों सिंह रजक को प्रसादी और भंडारे का व्यवस्थापक बनाया गया है। कथा के आयोजक संतोष जैन ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महिलाएं पीले रंग की साड़ी में सर पर कलश लेकर चलेंगी। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर कथावाचक पंडित सुशील महाराज भक्तों को निःशुल्क 'श्रीहरि रक्षाकवच' वितरित करेंगे।



### मंत्री सारंग को दिया आमंत्रण

समिति के सदस्यों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में आने के लिए करोंद क्षेत्र के घर-घर जाकर पीले चावल देकर आमत्रंण पत्र दिया जा रहा है। कथावाचक पंडित सुशील महाराज के सानिध्य में समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री विश्वास सारंग को श्रीमद् भागवत कथा में आने का आमत्रंण पत्र दिया।



### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

*ओमार वैश्य भवन विनीत कुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन की कथा संत शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने चित्र और चरित्र के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि चित्रकला न हो चलेगा, पर चरित्रकला अनिवार्य है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म की घोषणा हुई, पूरा पंडाल 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्तिमय झूमने लगे और भजन-कीर्तन से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से भर गया।*




भोपाल
गुरुवार, 20 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-6
वर्ष : 11, अंक : 353
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 34
न्यूना. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### छोटे दुकानदारों के लिए बड़ा फैसला
## 2 हजार से कम वैल्यू के यूपीआई लेनदेन के लिए 1,500 करोड़ मंजूर



*नई दिल्ली।* सरकार ने देश के छोटे दुकानदारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपए से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के शेष पेज 4 पर

राष्ट्रपति ने मप्र के सांसदों से हालचाल पूछा और सभी सांसदों से परिचय प्राप्त किया

# मध्यप्रदेश के सांसदों को राष्ट्रपति ने नाश्ते पर बुलाया फोटो सेशन में वीडी के बगल में दिखे दिग्विजय सिंह



◆ मप्र के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, लद्दाख गुजरात के लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसद सत्र के दौरान बुधवार को रंगपंचमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश सहित सात राज्यों के सांसदों को नाश्ते पर आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के सांसदों से हालचाल पूछा और सभी सांसदों से परिचय प्राप्त किया। शेष पेज 4 पर



### राज्यसभा सांसद भी पहुंचे

राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में मप्र से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विवेक तन्खा शामिल हुए। भाजपा की राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, माया नरोलिया और सुमेर सिंह सोलंकी भी शामिल हुए।

### ये लोकसभा सांसद पहुंचे राष्ट्रपति भवन

अनिल फिरोजिया (उज्जैन), शिवमंगल सिंह तोमर(मुरैना), राहुल सिंह लोधी (दमोह), आशीष दुबे (जबलपुर), बंटी साहू (छिंदवाड़ा), भारती पारधी (बालाघाट), भारत सिंह कुशवाह (ग्वालियर), हिमाद्री सिंह (शहडोल), लता वानखेड़े (सागर), गणेश सिंह (सतना), दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद), गजेंद्र पटेल (खरगोन), आलोक शर्मा (भोपाल), सुधीर गुप्ता (मंदसौर), महेंद्र सिंह सोलंकी (देवास), डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बेटों का रिशेप्शन होने के चलते राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में शामिल नहीं हुए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### शिवराज को मानहानि के मुकदमे में कोर्ट से राहत

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बड़ी राहत दी है।



कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा की ओर से दर्ज कराए गए 10 करोड़ के आपराधिक मानहानि मामले में कोर्ट ने उन्हें अधीनस्थ अदालत के समक्ष व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। आरोप लगाया है कि शिवराज ने राजनीतिक लाभ के लिए झूठा अभियान चलाया था।

#### संजय कुमार बने मऊगंज के कलेक्टर

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मऊगंज जिले की घटना के आखिरकार कलेक्टर अजय श्रीवास्तव व



एसपी रसना ठाकुर को हटा दिया। दोनों के आदेश देर रात जारी किए गए। संजय कुमार जैन को मऊगंज का कलेक्टर बनाया गया है। जबकि एसपी ईओडब्ल्यू उज्जैन दिलीप कुमार सोनी को मऊगंज का एसपी बनाया है।

#### इंजीनियर का मकान जलकर हुआ खाक

**ग्वालियर।** बुधवार सुबह नगर निगम के इंजीनियर के घर अचानक आग लग गई। देखते ही



देखते आग से तीन मंजिल मकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते इंजीनियर अपने परिवार के साथ घर से बाहर निकल आया जिससे उसकी जान बच गई। घटना बहोड़ापुर क्षेत्र के श्री विहार कॉलोनी में की है।

### दिल दहला देने वाला हत्याकांड
‘मुस्कान’ ने दे दिया ऐसा ‘दर्द’ कि लोगों की ‘आत्मा’ कांप उठी

# लंदन से पत्नी का जन्मदिन मनाने आया था, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर किए उसके 15 टुकड़े, उन्हें ड्रम में रखकर कर दी चिनाई



### मुस्कान की मां-पिता ने कहा बेटी को फांसी की सजा दी जाए

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ में लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की चार मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने चार मार्च को शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर ऊपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई।

लौटकर मुस्कान ने अपने मां-पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी दी। मंगलवार को मां-पिता मुस्कान के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर सौरभ शव को बरामद किया है। लंदन के एक मॉल में नौकरी कर रहा शेष पेज 4 पर

**ऐसी निर्दयी और वहशी पत्नी**

1 पति का मोबाइल लेकर प्रेमी के साथ हिमाचल के शिमला, कसौली और उत्तराखंड में मौज-मस्ती करती रही

2 पति के मोबाइल से वॉट्सएप अपडेट करती रही, बर्फ-पहाड़ों के फोटो डालती रही, पर पति की तस्वीर गायब थी

सौरभ कुमार मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता रहता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था।

हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है




पेशी के दौरान आरोपी साहिल शुक्ला की वकीलों ने पिटाई की

#### सौरभ के भाई राहुल को घर में तेज बदबू आई

*राहुल ने मुस्कान से पूछा कि उसके साथ आया लड़का कौन है? जिस पर वह चुप्पी साध गई। इसके बाद राहुल घर के भीतर गया। उसे तेज बदबू महसूस हुई। वारदात के दिन पीहू घर में ही थी और और बराबर के कमरे में सो रही थी। हत्यारोपी साहिल शुक्ला सीए है और पड़ोस में ही रहता है। पुलिस ने मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को गिरफ्तार कर सौरभ के शव को बरामद किया।*

### ताकि, कोई शक न करे...वो पहाड़ों पर घूमती रही





आरोपी साहिल शुक्ला

पति की हत्या के बाद प्रेमी के साथ हिमाचल घूमने गई मुस्कान अपने पति सौरभ के फोन पर वॉट्सएप स्टेटस अपडेट करती रही। सौरभ के भाई राहुल उर्फ बबलू ने बताया कि वह अपने भाई का स्टेटस रोजाना वॉट्सएप पर देखता था। स्टेटस पर बर्फ के फोटो और पहाड़ों के फोटो दिखते थे। सौरभ का कोई फोटो अपलोड नहीं किया जाता था। पुलिस ने मुस्कान के कब्जे से सौरभ का मोबाइल भी बरामद कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है।



ये ड्रम जिसमें शव के टुकड़े रखकर चिनाई की थी

#### चार मार्च की रात पूरी तरह बदल गई कहानी

**खाने में नशीली चीज मिलाई, चाकू से हत्या की**

चार मार्च की रात यह कहानी पूरी तरह बदल गई। पत्नी मुस्कान ने रात के समय खाने में कोई नशीली चीज मिलाकर सौरभ को बेहोश कर दिया। इसके बाद पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी साहिल शुक्ला (28) को घर बुलाया और चाकू घोंपकर सौरभ की हत्या कर दी, फिर धारदार हथियार से शव के 15 टुकड़े किए और प्लास्टिक के ड्रम में टुकड़े डालकर डस्ट और सीमेंट से घोल बनाकर ढक्कन को सील कर दिया। सौरभ कुमार मर्चेंट नेवी में काम करता था। वह अक्सर विदेश में जाता रहता था। वर्ष 2020 में लंदन के एक मॉल में नौकरी करने लगा था। वर्ष 2016 में सौरभ का मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह हुआ था। दोनों की पांच साल की बेटी पीहू है। सौरभ पत्नी और बेटी के साथ इंदिरानगर में ओमपाल के मकान में तीन साल से किराए पर रह रहा था। पिता मुन्नालाल, भाई बबलू और मां रेनू ब्रह्मपुरी में ही अलग रह रहे हैं।

### हत्या के एंगल से जांच शुरू
## गोवा के होटल में मिला खंडवा की महिला का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा की रहने वाली 35 साल की महिला का शव गोवा के कलंगुट स्थित राजहंस होटल में



मिला है। गोवा पुलिस हत्या के एंगल से मामले की जांच कर रही है। होटल के सीसीटीवी कैमरे में एक नकाबपोश लड़की और उसका साथी कैद हुआ है। आशंका है कि दोनों महिला का पर्स लूटने के इरादे से कमरे में घुसे थे। कोतवाली पुलिस के मुताबिक रामनगर निवासी भावना चौहान का शव गोवा की होटल में मिला था। शेष पेज 4 पर

### 1 इंदौर हाईकोर्ट के दो अहम फैसले
## पीडब्ल्यूडी के कार्यभारित कर्मचारियों को पेंशन सहित अन्य सुविधा पाने का ‘हक’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

हाई कोर्ट की डिविजन बेंच ने लोक निर्माण विभाग में 30 साल तक काम कर चुके



कार्यभारित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह पेंशन, ग्रेच्युटी और अन्य सुविधाएं देने का आदेश दिया है। यह फैसला 12 कर्मचारियों द्वारा दायर अपील पर सुनाया गया, जिसमें सिंगल बेंच के पहले के आदेश को निरस्त कर दिया गया। सिंगल बेंच ने शेष पेज 4 पर

### 2 मामला खत्म हो चुका तो सरकारी नौकरी में आवेदन के समय जानकारी देना जरूरी नहीं

*इंदौर हाईकोर्ट ने सरकारी नौकरी के आवेदन के लिए बड़ा फैलाया सुनाया है। यह फैसला एक वनरक्षक की याचिका पर सुनाया गया है। इंदौर हाईकोर्ट के फैसला में कहा गया कि अगर आपराधिक मामला खत्म हो चुका है, तो सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करते समय उसकी जानकारी देना जरुरी नहीं है। एक वनरक्षक ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता आरिफ की ओर से अधिवक्ता आनंद अग्रवाल ने केस में तर्क रखे। इसमें बताया गया कि नौकरी में आने से पहले* शेष पेज 4 पर

## चचेरी बहन ने बताया ‘समोसा पार्टी’ का प्लान



*सुनीता विलियम्स को कैप्सूल से बाहर निकालकर स्ट्रेचर से ले जाया गया*



***अहमदाबाद।*** *अंतरिक्ष सुनीता विलियम्स की चचेरी बहन फाल्गुनी पांड्या ने बताया कि अंतरिक्ष से वापस आने के बाद सुनीता के साथ वे छुट्टियां मनाने का प्लान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि सुनीता ने अंतरिक्ष में समोसा खाया था, अब हम उनके लिए एक समोसा पार्टी का* शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### उसकी हत्या के जुर्म में चार आरोपी जेल में सजा काट रहे

बड़ा सवाल-जिसका अंतिम संस्कार किया, वह कौन थी?

## 18 महीने पहले हत्या, लौटी महिला परिवार ने कर डाला था क्रियाकर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले में एक महिला मौत के 18 महीने बाद लौट आई। परिवार उसका अंतिम संस्कार कर चुका था, उसकी हत्या के जुर्म में चार आरोपी थांदला की जेल में सजा काट रहे हैं। अब महिला ने पुलिस को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी है। यह मामला जिले के भानपुरा तहसील क्षेत्र के गांधी सागर थाना इलाके का है। 18 महीने पहले मर चुकी महिला ललिता बाई अब वापस लौट आई है। जिसके बाद उसने गांधी सागर थाने पहुंचकर अपने जिंदा होने की बात कही। ललिता बाई के पिता रमेश पिता नानूराम ने बताया कि 9 सितंबर 2023 को उसने एक वीडियो में एक महिला को ट्रक से कुचलते हुए देखा। इसके बाद उसने थाना थांदला में संपर्क किया और पुलिस द्वारा कब्जे में लिए गए क्षतिग्रस्त शव की पहचान की। उसने बताया कि यह उसकी बेटी ललिता बाई का है।

■ ललिता के बयान से मानव तस्करी का मामला सामने आया



उसके हाथ पर नाम गुदा हुआ था और पैर में एक काला धागा भी बंधा था। रमेश द्वारा पहचान करने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद उन्होंने उसका अंतिम संस्कार किया और फिर उठावने शेष पेज 4 पर

### 15 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी थी माताटीला डैम में

एसडीआरएफ के 15 जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे रहे

## शिवपुरी के डैम से 17 घंटे बाद सभी 7 शव निकाले गए, इनमें तीन बच्चे भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के रजावन गांव के पास स्थित माता टीला डैम मंगलवार को श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। नाव में 15 लोग सवार थे, जिनमें से आठ को बचा लिया गया है। एक महिला श्रद्धालु का शव करीब 17 घंटे बाद बाहर निकाला गया है, इसके बाद दो बच्चे शिवा और कान्हा के शव बाहर निकाले गए। दोपहर करीब एक बजे तक सभी सात लापता श्रद्धालुओं के शव बरामद कर लिए गए हैं। डैम में नाव पलटने से लापता हुए सात लोगों में शामिल कुमकुम पिता शेष पेज 4 पर

### विदिशा और मुरैना से गोताखोर भी बुलाए गए



#### डूबने से इनकी हुई मौत

शारदा पति इमरत लोधी (55), शिवा पिता भूरा लोधी (8), कान्हा पिता कप्तान लोधी (7), लीला पति रामनिवास लोधी (40), चाइना पिता लज्जाराम लोधी (14) और रामदेवी पति भूरा लोधी (35) के शव बाहर निकाल लिए गए हैं।

#### प्रत्येक मृतक के परिवार को मिलेंगे 6-6 लाख रुपए

नाव हादसे में डूबे लोगों की सूचना के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने डूबने वाले लोगों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने का ऐलान किया है, जबकि शव बरामद होने के बाद जिला प्रशासन ने सभी मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

# 15 आईएफएस और 12 राज्य वन सेवा के अफसर भ्रष्टाचार में फंसे, फिर भी कई अहम पदों पर पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




लंबे समय से डीई के चलते चार अफसरों को नहीं मिला प्रमोशन

विधानसभा के बजट सत्र में भ्रष्टाचार के आरोपों में 15 आईएफएस अधिकारियों का मामला उठा। इन अधिकारियों के खिलाफ अभी भी विभागीय जांच लंबित है। सालों चलने वाली डीई की वजह से 7 अफसर तो रिटायर हो चुके हैं, वहीं राज्य वन सेवा के एक दर्जन अधिकारियों के विरुद्ध भी भ्रष्टाचार के मामले पेंडिंग हैं।

विभागीय जांच का समय पर निर्णय नहीं होने की वजह से चार अफसरों को प्रमोशन का लाभ नहीं मिल सका। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने विधायक आतिफ आरिफ अकील के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि जिन अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में विभागीय जांच चल रही है, उनमें आईएफएस अधिकारी व्हीएन प्यासी, निजाम कुरैशी, आरएस सिकरवार, ओपी उचाड़िया, डीएस कनेश, डीएफओ व्हीएस होतगी, एम कालीदुर्रई, आरपी राय, सीएस निनामा, शैलेंद्र कुमार गुप्ता, डीएफओ किरण बिसेन, प्रशांत कुमार सिंह, देवांशु शेखर, नरेश कुमार दोहरे तथा वन संरक्षक अजय कुमार पांडेय का नाम है। इनमें से प्यासी, कुरैशी, सिकरवार, उचाड़यिा, कनेश, कालीदुर्रई, राय, निनामा और गुप्ता रिटायर हो चुके हैं। गुप्ता हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि डीई पेंडिंग होने की वजह से डीएफओ व्हीएस होतगी, किरण बिसेन, प्रशांत कुमार तथा देवांशु शेखर को वन संरक्षक के पद पर प्रमोशन नहीं दिया गया है। हालांकि इसके बाद भी श्रीमती बिसेन अपने प्रभाव की वजह से महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं।

### राज्य वन सेवा के इन अफसरों पर भी आरोप

*भ्रष्टाचार के आरोप में राज्य वन सेवा (एसीएफ) अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है, उनमें सहायक वन संरक्षक आरके गुरूदेव, कैलाश वर्मा, आरएन द्विवेदी, मनीषा पुरवार, सुरेश कुमार अहिरवार, मनोज कटारिया, सुधीर सिंह, वाय एस परमार, सुधीर पाठक, केबी गुप्ता, अंतर सिंह ओहारिया तथा आईबी गुप्ता का नाम शामिल है।*

# विधायक रामेश्वर ने खेली कीचड़ की होली







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को रंग पंचमी पर कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली। रामेश्वर शर्मा ने पानी और गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभाकामनाएं देने के साथ कीचड़ होली का आनंद लिया। शर्मा ने कहा कि यह हमारे देश की पावन मिट्टी है भला इसमें रंगने में क्या दिक्कत होगी। इस मिट्टी को तो हमारे प्रभु श्रीकृष्ण कन्हैया लाल ने अपने मुंह में रखा था।

इस मिट्टी को हमारे अराध्य प्रभु श्रीराम ने स्वर्ग की उपमा दी है। इसी मिट्टी में हमारे गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी खेले हैं, फिर इस मिट्टी से कैसा परहेज। ये होली उत्सव का पर्व है, आनंद का पर्व है और हम इसे मना पा रहे हैं क्योंकि हम भारत भूमि में पैदा हुए हैं। जिस मिट्टी ने ये पर्व मनाने का अवसर दिया उसमें सनकर होली खेलना मेरा सौभाग्य है।

## सीएम आज तराना में नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना का करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 मार्च को उज्जैन जिले के तराना में 2,489 करोड़ 65 लाख रुपए लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों (तराना, घट्टिया) के कुल 83 ग्रामों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल 17 ग्रामों की 2728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

परियोजना से उज्जैन जिले को उद्योग एवं पेयजल हेतु 129.60 एमएलडी, नागदा को उद्योग एवं पेयजल के लिए 129.60 एमएलडी जल तथा तराना, घट्टिया एवं गुराडीया गुर्जर को 21.60 एमएलडी जल पेयजल के लिए प्रदाय होगा। परियोजना से शाजापुर जिले के ग्राम समूह तथा शाजापुर नगर के पेयजल के लिए 43.20 एमएलडी और मक्सी में पेयजल एवं उद्योग के लिए 43.20 एमएलडी जल प्रदाय होगा। परियोजना में ओंकारेश्वर जलाशय से (ग्राम बड़ेल जिला खंडवा) से भूमिगत पाइप लाइन द्वारा 15 घन मी. प्रति सेकेण्ड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन एवं 50 पंप मोटर के माध्यम से उद्वहित किया जाएगा। परियोजना में मुख्य पाइप लाइन एवं वितरण प्रणाली से 2.5 हेक्टेयर चक तक कुल 2254 किमी (3000 एमएम व्यास से 63 एमएम व्यास) पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओएमएस बाक्स अर्थात कुल 1539 बॉक्स स्थापित किए गए हैं।

## सीएम ने किए मां जानकी के दर्शन, सभी के लिए मांगी सुख-समृद्धि

# करीला में मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने सरकार एक करोड़ रु.देगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि करीला धाम मेले की व्यवस्थाओं को और अधिक पुख्ता किया जाएगा, यह प्रयास किया जाएगा कि करीला धाम मेला राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में करीला धाम में आने जाने वाले मार्गों पर श्रद्धालुओं के लिए छाया की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने करीला धाम में भी श्रद्धालुओं को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अशोकनगर के करीला धाम में मां जानकी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने रंगपंचमी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री ने कहा कि करीला धाम में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का संबंध चंदेरी से होने के कारण यहां की गढ़ी को भव्य बनाया जाएगा। सरकार भगवान श्रीराम के प्रदेश में विभिन्न आगमन स्थलों के संरक्षण और उन्नयन का कार्य कर रही है। इसके साथ ही प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण लीला-स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए श्रीकृष्ण पाथेय योजना को क्रियान्वित करने का काम भी किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने खेली फूलों की होली



### दूध उत्पादन में नंबर वन बनाएंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को 175 रुपए बोनस देकर 2600 रुपए क्विंटल गेहूं खरीदा जा रहा है। धान पर भी 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर अनुदान किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दूध उत्पादन को लेकर 'गोपाल योजना' प्रारंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि 10 से अधिक गाय पालने वालों को सरकार अनुदान देगी। वर्तमान में मप्र दूध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हमने प्रदेश को पहले स्थान पर लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्रीराम, माता जानकी और रघुकुल के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी ओर से स्थापित किए गए आदर्श संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि करीला धाम की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा ऐसी है कि एक बार जो यहां आता है, वह स्वयं को बार-बार आने से रोक नहीं पाता। मुख्यमंत्री ने राई नृत्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीराम के घर में लव-कुश का जन्म हुआ होगा, तब इसे 'रघुराई नृत्य' कहा जाता रहा होगा।*

### गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए ऐतिहासिक बजट

*मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में सरकार ने 4.21 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश किया है। इसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आवास योजनाओं को गति दी जा रही है जिससे कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे इसलिये दोबारा सर्वेक्षण कराया जा रहा है।*

### सच्चे अर्थों में रोज होली और दिवाली

*मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का नाम लिया जाता है, तो रोम-रोम में आनंद छा जाता है। इस अवसर पर मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव, जिपं अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव और पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष करीला मंदिर ट्रस्ट महेन्द्र यादव, आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना, कलेक्टर सुभाष द्विवेदी, एसपी विनीत कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।*

### सुनीता के सकुशल लौटने से रंगपंचमी का आनंद और अधिक बढ़ गया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत की बेटी, अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स एवं अन्य साथियों को अपनी 9 महीने की लंबी यात्रा पूर्ण कर सकुशल पृथ्वी पर लौटने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण हैं। यह कीर्तिमान अंतरिक्ष जगत के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। भावी पीढ़ियों और खगोल शास्त्र के क्षेत्र में शोध के लिए उनकी यह यात्रा स्वर्णिम मार्ग प्रशस्त करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की बेटी सुनीता विलियम्स के सकुशल लौटने से रंगपंचमी का आनंद और अधिक बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को जारी संदेश में यह भाव व्यक्त किए।

## होली गीतों पर थिरके पटवारी-सिंघार सहित कई कांग्रेस विधायक

पटवारी बोले-ये होली प्रेम और मोहब्बत की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रंगपंचमी के मौके पर भोपाल में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के बंगले पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए, और गाने गाकर डांस भी किया।

समारोह में डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत गाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली गीत गाया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने डांस किया। अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, सौंसर विधायक विजय चौरे, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, परासिया विधायक सोहन लाल बाल्मीक, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, खरगापुर विधायक चंदा रानी गौर, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर सहित कई विधायक शामिल हुए। मिलन समारोह के दौरान पटवारी ने कहा- ये होली प्रेम, मुहब्बत की है। भारत वर्ष की परंपराओं की होली है।

## मप्र विधानसभा में फाग महोत्सव का आयोजन आज

मप्र विधानसभा में गुरुवार 20 मार्च को शाम 7.30 बजे विधानसभा के मानसरोवर सभागार में फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे। यह कार्यक्रम रंगारंग संगीत प्रस्तुतियों और मनोभावन कार्यक्रमों से सराबोर रहेगा। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश के अन्य वरिष मंत्री, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार एवं विधानसभा के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### भाजपा नेता महेंद्र दवे ने भी कार्यकर्ताओं के संग मनाई रंग पंचमी




### 3 बार फांसी की सजा, अपराधियों के लिए बनेगी मिसाल

# अपराधियों को सजा दिलाकर पीड़ित को न्याय दिलाने सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपराधियों को सजा दिलाकर पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। भोपाल के शाहजहांबाद में सितम्बर 2024 में हुई 5 साल की बच्ची के अपहरण-दुष्कर्म और हत्या के प्रकरण में अपराधी को 3 प्रकरणों के आधार पर 3 बार फांसी की सजा मिली है, जो भविष्य में अपराध करने वालों के लिए मिसाल बनेगी। राज्य सरकार किसी भी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है। डॉ. यादव प्रकरण में हुई त्वरित कार्रवाई और न्यायालय द्वारा दिए निर्णय के संबंध में विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जघन्य अपराध की व्यापक विवेचना के लिए राज्य सरकार ने स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया था। प्रकरण में न केवल अपराधी को पकड़ा गया अपितु तत्परतापूर्वक चालान पेश करवाया गया। इस प्रकरण की सुनवाई भी त्वरित रूप से हुई। माननीय न्यायाधीश ने जो फैसला दिया है, उससे यह फैसला मिसाल बना है।

### किसानों को भूमि के मिलेंगे विकसित भू-खंड

# इंदौर-पीथमपुर कॉरिडोर के निर्णय पर किसानों ने माना सीएम का आभार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बुधवार को इंदौर-पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर क्षेत्र के किसानों ने विकसित भूमि का 60 प्रतिशत हिस्सा आवंटित करने के राज्य सरकार के निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया।

किसानों ने डॉ. यादव से बुधवार को इंदौर एयरपोर्ट पर मिलकर आभार जताया। किसानों ने सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान करना चाहा, जिसे मुख्यमंत्री ने इंदौर गेर में हुए हादसे के कारण विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया। कॉरिडोर में सरकार द्वारा कुल विकसित भूमि का 60% हिस्सा किसानों को आवंटित करने से आस-पास के गांवों के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। प्रस्तावित योजना में कोडियाबर्डी, नैनोद, रिंजलाय, बिसनावदा, नावदा पंथ, श्रीराम तलावली, सिन्दोड़ा, सिन्दोड़ी, शिवखेड़ा, नरलाय, मोकलाय, डेहरी, सोनवाय, भैंसलाय, बागोदा, टीही और धन्नड़ जैसे गांवों के किसानों को लाभ मिलेगा।

### सीएम डॉ.यादव ने प्रदेशवासियों को दी रंगपंचमी की बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशावासियों को रंग पंचमी की मंगलकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि रंगपंचमी, आनंद और उत्साह का पावन पर्व है। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि हमारे जीवन के सारे कलुषित रंग निकलें, चटख बसंती रंग के साथ हम अपने जीवन की नई यात्रा आरंभ करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रंगों का ये उल्लास सभी के जीवन में खुशियां भर दे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि प्रेम-सौहार्द्र और उमंग से भरा यह पर्व सबके जीवन में उल्लास और सुख-समृद्धि लेकर आए।

## प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने मनाई कर्ज पंचमी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को रंग पंचमी का त्योहार कर्ज पंचमी के रूप में मनाया। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को गुलाल लगा कर राज्य सरकार द्वारा लिए जा रहे कर्ज के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार करने के लिए कर्जा ले रही है। इस दौरान कार्यकर्ता हाथ में कार्टून बनी तख्तियां लिए हुए थे। इस अवसर पर रविशंकर मिश्रा, तारिक अली, मुकेश पंथी, प्रिंस नवांगे, अमित खत्री, मुजाहिद सिद्दीकी, संदीप सरवैया, अलीम उद्दीन बिल्ले, उल्लास सोनकर, शानू खान, मो फहीम, राजकुमार राय, साद उस्मानी, जितेंद्र सिंह, सुशील ठाकुर, अनूप पांडे, दर्शन कोरी, आदि मौजूद थे।

शोक संदेश



श्रीमती मीरा राजोरिया का महाप्रयाण
( निधन ) 19 मार्च 2025 को हो गया है।
उनका अंतिम संस्कार 20 मार्च 2025
दिन गुरुवार को भदभदा विश्राम घाट पर सुबह 10 बजे किया जाएगा।
अंतिम यात्रा निज निवास S- 300, कोपल स्कूल के पास, नेहरू नगर से निकलेगी।
उनका स्नहे, आर्शीवाद हम सब पर सदैव बना रहे .....
श्रद्धावनत
पंडित विष्णु राजोरिया,
अध्यक्ष परशुराम कल्याण बोर्ड
कृष्ण शरण राजोरिया ,दीपक राजोरिया, शांतनु राजोरिया
मो. 9827060295, 9752395940,9770312337

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल

# नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन आज शाम से

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्य आनंद संस्थान द्वारा गुरुवार 20 मार्च को प्रातः 10 बजे से नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सेमिनार में सायं 5:45 बजे शामिल होंगे। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिभागी भाग लेंगे।

सेमिनार का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय आनंद दिवस पर किया जा रहा है, जिसका समापन 21 मार्च को होगा। संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि दो दिवसीय सेमिनार के दौरान आनंद के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा सत्र आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश में आनंद गतिविधियों से जुड़े संगठन और स्वयंसेवी सम्मिलित हो रहे हैं। सेमिनार में भारतीयता में आनंद के आयाम, दैनिक जीवन में निरंतर आनंद, भारतीय संस्कृति एवं आनंद, एक आनंदित समाज के लिए वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि का समीकरण विषय पर पहले दिन प्रो रजनीश अरोड़ा, स्वामी समर्पणानंद, डॉ. एन रविचंद्रन, रिटायर्ड आईपीएस मुकेश जैन आदि के व्याख्यान भी होंगे। बच्चों में मानवीय मूल, आंतरिक आनंद की अनुभूति विषय पर भी परिचर्चा सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### लिफ्ट और फायर सेफ्टी के होंगे पुख्ता इंतजाम

# पुलिस बल के लिए बनेंगे हाइटेक सुविधाओं से लेस 360 मकान

भदभदा रोड स्थित रेडियो कॉलोनी में बनाए जाने की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पुलिसकर्मियों के लिए हाइटेक सुविधाओं से लेस 360 नए मकान बनाए जाएंगे। ये सभी मकान मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में होंगे। इसके लिए जगह को चयनित कर लिया गया है। पांच मंजिला मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में बनने वाले हाइटेक मकान भदभदा रोड स्थित रेडियो कॉलोनी में बनाए जाने की स्वीकृति मिली है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा नए मकानों की मंजूरी मिलते ही पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन ने इनके निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को तय समय सीमा में उक्त आवासों का निर्माण कराना है।

### 18 महीने की तय की गई है समय-सीमा




इस मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के लिए प्रदेश के 10 बड़े ठेकेदारों ने टेंडर में भाग लिया है। इन मकानों का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए 18 महीने की समय सीमा तय की गई है। पुलिस हाउसिंग कॉपोरेशन की तैयारी है कि जनवरी 2027 में इन मकानों को आरक्षकों को आवंटित कर दिया जाय। पुलिसकर्मियों के लिए बनने वाली मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में कुल 360 फ्लैट्स का निर्माण होगा। करपोरेशन के प्रोजेक्ट अधिकारियों के अनुसार इस निमार्णाधीन बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर रहवासियों के वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा मिलेगी, जबकि ऊपर की पांच मंजिलों में आरक्षक और उनके परिवार रहेंगे। खास बात है कि इस बिल्डिंग में पावर बैकअप वाली लिफ्ट भी लगाई जानी है और अगजनी से बचाव के लिए फायर सेफ्टी के पुख्ता इंतजाम भी होंगे।

### पुलिसकर्मियों के नए आवास पर फोकस

*मप्र पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन ही पुलिसकर्मियों के लिए मकानों का निर्माण कराता है। देखा जाए तो अभी भोपाल में मौजूद पुलिसबल के लिए मकानों की कमी है, जो मकान पुराने है वो जर्जर हो चुके हैं। इसलिए सरकार पुलिस कॉलोनियों में स्टाफ के लिए ज्यादा से ज्यादा नए आवास निर्माण पर पर फोकस कर रही है। रेडियो कॉलोनी में बनने वाली नई बिल्डिंग की लागत लगभग 55 करोड़ 98 लाख का आंकलन किया गया है।*

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 20 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.37 शाम (गुरु)
सहरी 05.01 सुबह (शुक्र)








अवैध शराब की तस्करी

## कार सवार तस्करों ने पुलिस के बैरिकेड्स तोड़े, कार छोड़ भागे



***गुनगा पुलिस ने जब्त की 20 पेटी अवैध शराब, जब्त कार के नंबर से आरोपियों की तलाश जारी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुनगा पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध शराब की तस्करी कर रहे युवक को रोकना चाहा तो उसने इमला चौकी के पास लगे बेरीगेटिंग तोड़ दिए। इसके बाद पुलिस ने कार का पीछा किया तो कार सवार गांव सेमरी के पास कार छोड़कर फरार हो गया।

थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद कार बैरसिया की तरफ से आ रही है। पुलिस ने इमला पुलिस चौकी के पास कार को रोकना चाहा, लेकिन कार सवार पुलिस के बेरिगेट्स तोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया। तब सेमरी के पास कार खड़ी कर आरोपी जंगल में भाग निकला। कार की डिक्की में देशी शराब की 20 पेटी मिलीं, जिसकी कीमत 1 लाख 6 हजार रुपए है। कार में नंबर नहीं लिखा था। पुलिस चेचिस नंबर लेकर गुरुवार को आरटीओ पहुंचेंगी और कार मालिक का पता लगाएगी।

नेताओं के दवाब में दावे-आपत्ति लेने की बढ़ाई तारीख

## बैरागढ़, एयरपोर्ट रोड, गोंदरमऊ में भी प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोत्तरी, अब तक सौ से अधिक आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की आधी लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दामों में प्रस्तावित की गई बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर विरोध तेज हो गया है। प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप, सांसद आलोक शर्मा और स्थानीय विधायकों के विरोध को देखते हुए पंजीयन विभाग ने दावे-आपत्ति की तारीख बढ़ा दी है। अफसरों का तर्क है कि दावे-आपत्तियों को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक की जाएगी, तब तक आम लोग आपत्ति पेश कर सकते हैं। इधर दाम बढ़ने की आशंका को देखते हुए प्रॉपर्टी के खरीदारों ने बुधवार को रंगपंचमी की छुट्टी होने के बाद भी रजिस्ट्री करा‌ईं। शाम तक करीब 143 रजिस्ट्री दर्ज की गईं। इस बार बैरागढ़, एयरपोर्ट रोड, लालघाटी, गोंदरमउ, पीपलनेर जैसे इलाकों में भी 10 प्रतिशत से लेकर 130 प्रतिशत तक बढ़ोतरी प्रस्तावित की है।

पंजीयन विभाग के परी बाजार, आईएसबीटी दफ्तर सहित ऑनलाइन नई कलेक्टर गाइडलाइन में रेट बढ़ाने के विरोध में 100 से ज्यादा दावे-आपत्ति आए हैं। आने वाले दिनों में इनकी तादाद बढ़ जाएगी। दरअसल भोपाल की 1283 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव है। बढ़े हुए रेट एक अप्रैल से लागू कर दिए जाएंगे। जिससे इन जगहों पर प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। इधर बढ़ोतरी के विरोध में क्रेडाई अध्यक्षक मनोज मीक पंजीयन विभाग को 80 से अधिक आपत्तियां पेश कर चुके हैं।

दाम बढ़ने की आशंका पर छुट्टी के दिन रजिस्ट्री कराने पहुंचे खरीदार

हायर रेट की रजिस्ट्री को आधार बनाना जनप्रतिनिधियों ने ठहराया गलत



### सांसद बोले- वृद्धि गलत

भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन में की गई बढ़ोत्तरी पर आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने इसे लेकर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को पत्र लिखा है। सांसद ने कहा कि गाइडलाइन दरों में किसी तरह की बढ़ोत्तरी नहीं की जानी चाहिए।

### अफसरों के गांव में नहीं बढ़ाए दाम

हुजूर तहसील में आने वाले मेंडोरा गांव में सबसे अधिक जमीनें अफसरों की हैं, लेकिन इस गांव में दाम नहीं बढ़ाए गए है। यही वजह है कि यहां पिछले पांच साल से रेट नहीं बढ़ाए गए हैं। जबकि यहां काफी महंगे सौदे होते हैं। वर्तमान में मेंडोरा में आवासीय भूमि 3400 और व्यवसायिक भूमि 5100 का है।


### इन स्थानों पर ज्यादा बढ़ोतरी

| लोकेशन | वर्तमान | प्रस्तावित | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सीहोर रेलवे फाटक से आगे | 33000 | 50000 | 51 |
| अलर्क शापिंग काम्प्लेक्स | 27000 | 40000 | 48 |
| पुराना बी वार्ड बैरागढ़ | 11000 | 20000 | 82 |
| बीडीए मार्केट | 26400 | 40000 | 51 |
| बेहटा अन्य सड़क पर | 10400 | 22000 | 111 |
| इंदौर मार्ग से हटकर | 36000 | 45000 | 25 |
| सिंधु टॉकीज के पीछे | 28000 | 36000 | 28 |
| गोल्फ लिंक लालघाटी | 20000 | 35000 | 75 |

आधा दर्जन से ज्यादा मवेशी उठाकर खेत में ले जाकर खाते देखा गया

भोजपुर, इमलिया, नीमखेड़ा और आशापुरी सहित आसपास के गांवों में डर का माहौल

## चिकलोद रेंज में 15 दिन से दो शावकों के साथ घूम रही बाघिन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल औबेदुल्लागंज की रेंज चिकलोद बीट भोजपुर में इन दिनों दो शावकों के साथ बाघिन का मूवमेंट विगत 15 दिनों से जारी है। बाघिन के दोनों शावक नर हैं। इन तीनों बाघों को आधा दर्जन से भी ज्यादा विद्यासागर गोशाला से मवेशी उठाकर खेत में रात 10 बजे तक खाते हुए देखा गया है। फॉरेस्ट की टीम सक्रिय है। डीएफओ हेमंत रैकवार ने भी मौके पर जाकर देखा। दो शावक और एक बाघिन का मूवमेंट होने के कारण भोजपुर, इमलिया, नीमखेड़ा और आशापुरी सहित आसपास के गांवों मे डर का माहौल बना हुआ है।

**डीएफओ रैकवार भी मौके पर जाकर देख चुके हैं**

### बेतवा नदी से पी रहे पानी, लगातार मॉनिटरिंग

वन विभाग के रातापानी अधीक्षक सुनील भारद्वाज ने बताया कि बाघ पानी पीने के लिए जंगल छोड़कर बेतवा नदी पर आ रहे हैं। रास्ते में विद्यासागर गोशाला से ये मवेशी को पकड़कर ले जाते हैं और खेत में जाकर खाते हुए देखे जा रहे हैं। चिकलोद रेंजर कुलस्ते ने बताया कि लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### *सीसीटीवी फुटेज में दीवार पर आए नजर*

*विद्यासागर गोशाला अध्यक्ष विमल चंद राजदीप ने बताया कि गोशाला की 6 फीट ऊंची दीवार लांघ कर बाघिन गोशाला से मवेशी बछड़े उठाकर ले जाते हैं और खेत में खाते रहते हैं। इनकी मौजूदगी सीसीटीवी फुटेज में भी देखी जा सकती है, जिसमें ये गोशाला की दीवार के रास्ते आते हैं और गोशाला में मौजूद कुत्ते भौंकते रहते हैं, इसी बीच ये मवेशियों को उठाकर ले जाते हैं।*






# बिंदी लगाने के लिए कर दिया ट्रोल...

**मुंबई।** पाकिस्तान की एक्ट्रेस हानिया आमिर के भारत में बहुत फैंस हैं। हानिया आमिर 'कभी मैं कभी तुम', 'मेरे हमसफर', 'दिल रुबा' और 'अना एंड मोर' जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। उनके फैंस सिर्फ पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में भी हैं। हानिया आमिर को पाकिस्तान की आलिया भट्ट बुलाया जाता है। यह नाम सुनकर काफी खुश होती हैं। वह इसे अपनी तारीफ समझती हैं। हानिया ने होली के मौके पर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह बिंदी लगाए हुए नजर आ रही थीं। हानिया आमिर की ये चीज लोगों को पसंद नहीं आई। उन्होंने हानिया को बिंदी लगाने के लिए ट्रोल कर दिया। एक यूजर ने लिखा 'इस बिंदी की वजह से मैं आपको अनफालो कर रहा हूं। रमजान का महीना है और आप ये पाकिस्तान में कर रही हैं।'

# ओटीटी पर रिलीज होने जा रही 'स्काई फोर्स'

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की देशभक्ति के रंग में रंगी एक्शन फिल्म 'स्काई फोर्स' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म अब रिलीज के लगभग दो महीने बाद ओटीटी पर आने जा रही है। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से दी गई है। फिल्म 21 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो ने अक्षय और वीर पहाड़िया का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों थिरकते दिख रहे हैं। इसके कैप्शन में प्राइम वीडियो ने लिखा है,



'आप जानते हैं क्या लैंड होने जा रहा है? 'स्काई फोर्स' 21 मार्च से प्राइम वीडियो पर।'

'स्काई फोर्स' 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर आधारित है।

## महीनेभर में दूसरी बार अकेले लौटीं मुंबई

*मुंबई। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं प्रियंका चोपड़ा हाल ही में अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए आई थीं। मगर बीच में वह एक बार और भारत आई थीं। उन्हें हैदराबाद में देखा गया था। क्योंकि, एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू के साथ वह काम कर रही हैं। अब शायद उसी के लिए वह फिर से मुंबई पहुंची हैं। उन्हें कलीना एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। मगर यहां लोगों की नजर उन पर नहीं, बल्कि उनके पेट पर अटकी रही। प्रियंका चोपड़ा ने काफी समय पहले नेवल (नाभि) पियर्सिंग करवाई थी। अब जब वह एयरपोर्ट पर दिखीं तो दूर से ही उनका पेट शाइन करने लगा। क्योंकि, उन्होंने जो बेली बटन पहना था वो डायमंड का था और उसकी कीमत 2.7 करोड़ रुपए बताई जा रही है।*





# 'सिकंदर' में होगा 'गजनी' जैसा सरप्राइज...

**मुंबई।** सलमान खान ईद के मौके पर दो साल बाद धूम मचाने आ रहे हैं। एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनी उनकी एक्शन फिल्म 'सिकंदर' रविवार, 30 मार्च को रिलीज होने वाली है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी फिल्म को लेकर डायरेक्टर ने मजेदार खुलासे किए हैं। अब जब फिल्म की रिलीज को महज 10 दिन बचे हैं, मुरुगादॉस ने कहा कि 'सिकंदर' में उनकी फिल्म 'गजनी' की तरह ही सरप्राइज एलिमेंट होगा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुत्र मोक्ष जय (Moksh J) का जन्म भोपाल में हुआ है। जन्म के समय मेरे पुत्र का नाम मोक्ष जय (Moksh J) रखा गया था जो कि उसके जन्म प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड में भी अंकित है। अब मैंने मेरे पुत्र का नाम मोक्ष जय (Moksh J) से परिवर्तित कर लिखित जय (Likith J) कर लिया है। आज दिनांक से मेरे पुत्र का नाम लिखित जय (Likith J) पुत्र श्री जयशंकर बी निवासी 96/41 टी तुलसी नगर सेकेण्ड स्टाफ भोपाल म.प्र. के नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा।

भवदीय
जयशंकर बी पुत्र श्री बाथरप्पा
आयु वयस्क निवासी -96/41 टी तुलसी नगर सेकेण्ड स्टाफ भोपाल म.प्र.

# 'बी हैप्पी' से लेकर 'कल हो ना हो' तक में दिखाई गई कैंसर की बीमारी

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही की अदाकारी से सजी फिल्म 'बी हैप्पी' 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने एक सिंगल पिता का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी तब दुखभरी हो जाती है जब अभिषेक की बेटी (धारा रस्तोगी) को कैंसर हो जाता है। हालांकि, अभिषेक अपनी बेटी के सपने को पूरा करने की कोशिश करते हैं। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जिनमें कैंसर की बीमारी दिखाई गई है।



***ऐ दिल है मुश्किल :*** रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय की अदाकारी से सजी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' में प्यार और दिल टूटने की कहानी दिखाई गई है। साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म का निर्देशन करण जौहर ने किया था। फिल्म फवाद खान (अयान) के आस पास घूमती है। उसे अलीजेह (अनुष्का) से प्यार है, लेकिन उसे कैंसर की बीमारी रहती है। फिर रणबीर कपूर एक्ट्रेस का हाथ थामते हैं।

***कल हो ना हो :*** साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'कल हो ना हो' का निर्देशन निखिल अडवाणी ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और सैफ अली खान एहम किरदार में थे। फिल्म में प्यार, दोस्ती और संघर्ष दिखाया गया था। फिल्म में अमन नाम के शख्स की कहानी दिखाई गई थी जो कैंसर से जूझ रहा था।

***आशाएं :*** फिल्म 'आशाएं' साल 2010 में रिलीज हुई थी। फिल्म में जॉन अब्राहम और सोनल सहगल ने अहम किरदार अदा किया था। फिल्म की कहानी राहुल नाम के शख्स के आस पास घूमती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है जब उसे पता चलता है कि उसे कैंसर है। लेकिन उसके साथ जो मरीज हैं वह उसे जिंदगी जीने का हौसला देते हैं। वह जिंदगी को खुलकर जीता है।

***दिल बेचारा :*** दिल बेचारा फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत के साथ संजना संघी हैं। यह फिल्म 'द फॉल्ट ऑफ अवर स्टार्स' नॉवेल पर बनी है। फिल्म में संजना संघी कैसर की मरीज होती है। दोनों की दोस्ती कैंसर का गम भुला देती है।

***आनंद :*** साल 1971 में रिलीज हुई फिल्म 'आनंद' में राजेश खन्ना ने सहगल का किरदार अदा किया है। फिल्म में आंतों के कैंसर के बारे में दिखाया गया है। सहगल को पता होता है कि उसकी बीमारी का इलाज नहीं है लेकिन वह जिंदगी के मजे लेता है और अपने पास लोगों को खुश रखता है।

## जैकेट का शेष...

### रात में उबल पड़ा शहर...

**आरोपी पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी:** पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जोकि धार्मिक भावनाओं के आहत होने से जुड़ी थी। इसको लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, मामला दर्ज करने से पहले बड़ी संख्या में एक समुदाय के लोग कोतवाली थाने में भीड़ की शक्ल में जमा हुए थे। जो हंगामा करने की कोशिश कर रहे थे, जिस पर उन्हें समझाइश दी गई। इसके बाद मामला दर्ज किया गया और भीड़ को तितर-बितर कर समझाइश देकर घर भेज दिया गया।

**शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी:** पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रख रही है ताकि कोई और भड़काऊ पोस्ट शेयर न करें। वहीं, कलेक्टर हर्ष सिंह ने भी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्थिति पर नजर रख रहा है और किसी को भी कानून व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

### 8 घरों में तोड़फोड़...

एवं बलात्कार का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर ग्रामीण युवती के शव को ट्रैक्टर ट्राली में रखकर एसपी के पास जाने लगे तब प्रशासन ने बासौदा बंजारी माता मंदिर के पास परिजनों को रोक लिया। ग्रामीण एवं परिजनों को समझा बुझाकर वापस गांव भेज दिया। गांव पहुंचकर परिजन जब अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे तभी आरोपी मुबारक खान के परिजन व अन्य लोगों ने पथराव कर दिया। गुस्साए लोगों ने 8 घरों में तोड़फोड़ कर दी। चार घरों में आग लगा दी। एक कार और बाइक भी फूंक दी। बढ़ते तनाव को देखते हुए गांव में 70 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। प्रशासन कुछ समझ पाता इससे पहले भीड़ ने बेकाबू होकर आरोपी के घर के बाहर तोड़फोड़ कर दी। प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की मांग करते हुए स्थिति को नियंत्रण किया। ग्राम उमरछा में पुलिस दलबल के साथ मौजूद है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। कुछ बाहरी लोग ने आकर गांव में अशांति फैलाने का प्रयास किया था। स्थिति को देखते हुए डीआईजी ओम प्रकाश त्रिपाठी भी मौके पर पहुंचे।

### औरंगजेब के नाम पर...

सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुरू होने के पहले कही। बैठक 21-23 मार्च को होनी है। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी और पिछले वर्ष के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संघ के सर्वोच्च पदाधिकारी मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले और सभी सहयोगी संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सहित 1480 कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई विवाद सही नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जो भी जरूरी होगा पुलिस कार्रवाई करेगी। यह पूछे जाने पर कि आज के दौर में क्या औरंगजेब के नाम पर विवाद प्रासंगिक है? आंबेकर ने जवाब दिया- ऐसा कतई प्रासंगिक नहीं है।

### सीढ़ियों पर अधिक...

इसके बाद दर्शन करने के लिए रैलिंग से निकल रहे श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की। इस दौरान सीएम सीढ़ीयों से उतर कर जा रहे थे। तभी वह नीचे पहुंचकर मीडिया से चर्चा करने लगे। इस दौरान अचानक से सीढ़ियां टूट गईं। हालांकि, इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। सीढ़ियों पर अधिक लोग खड़े थे, अधिक वजन होने से यह हादसा हुआ। इसके बाद करीला मंदिर के सामने बने मंच पर सभी लोग पहुंचे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने सीएम के सामने माता जानकी धाम को करीला लोक बनाने, यहां बड़ी होटल खुलवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं की मांग रखी। साथ ही करीला मंदिर क्षेत्र में शराब की बिक्री पर रोक लगाने की भी मांग की। सीएम ने भी अपने संबोधन में व्यवस्थाएं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मेले के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की थी, जो दे दिए गए। इसके बाद सीएम डॉ. यादव ने करीला मेले के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। बता दें कि धाम में रंगपंचमी पर तीन दिवसीय मेला चल रहा है।

### भोपाल सहित ...

अनुसार बुधवार को देर रात तक मंडला, जबलपुर, सिवनी, पन्ना, उमरिया और डिंडौरी आदि जिलों में कहीं कहीं बारिश हुई। गुरुवार को भी डेढ़ दर्जन जिलों में बारिश होगी।

### तीन दिन पूरे प्रदेश ...

मंडला, बालाघाट जिलों में बुधवार से गुरुवार के बीच मध्यम बारिश होगी।

## पेज एक का शेष...

### 2 हजार से कम ...

*तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपए से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपए तक का यूपीआई (पी2एम) लेनदेन आएगा। प्रोत्साहन योजना एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 1,500 करोड़ रुपए के अनुमानित परिव्यय के साथ लागू की जाएगी। छोटे व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2,000 रुपए तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।*

### मध्यप्रदेश के सांसदों ...

फोटो सेशन के दौरान राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के बाएं तरफ केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, दुर्गादास उईके, एल मुरुगन, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, वंशीलाल गुर्जर, भिंड सांसद संध्या राय बैठे थे। दाएं तरफ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, इंदौर सांसद अनिल फिरोजिया, रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा, राज्यसभा सांसद डॉ. उमेशनाथ महाराज, कविता पाटीदार बैठे दिखे। राष्ट्रपति भवन में ब्रेकफास्ट के लिए मप्र के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, लद्दाख, गुजरात के लोकसभा और राज्यसभा सांसद भी पहुंचे।

### लंदन से पत्नी का...

ब्रह्मपुरी के इंदिरानगर की मास्टर कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार (29) 24 फरवरी को अपने घर लौटा। दरअसल, 25 फरवरी को उसकी पत्नी मुस्कान (26) जन्मदिन था। इसी को मनाने के लिए वह वापस आया था, साथ ही 28 फरवरी को बेटी पीहू (5) का जन्मदिन था। मुस्कान के मां- पिता ने पुलिस से कहा कि बेटी को फांसी दी जाए। उसे जीने का हक नहीं है।

### गोवा के होटल...

उसका पोस्टमॉर्टम हो चुका है, लेकिन रिपोर्ट नहीं आई है। मौत कैसे हुई इस बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। भाई अवधेश अपनी बहन भावना का शव लेने गोवा पहुंचा है। अवधेश ने पुलिस को बताया कि भावना होटल के कमरे में थी। सुबह एक नकाबपोश लड़की एक साथी के साथ कमरे के गेट पर पहुंची। उसने गेट खटखटाया। भावना ने जैसे ही गेट खोला तभी लड़की और उसका साथी कमरे में घुस गए। फिर वे पर्स लूटकर भागने का प्रयास कर रहे थे। भावना ने उन्हें भागने से रोका और संघर्ष किया। इस बीच आरोपियों ने उन्हें मार दिया फिर भाग निकले। ये पूरी घटना होटल के सीसीटीवी में कैद हुई है।

### पीडब्ल्यूडी के कार्यभारित ...

फुल कोर्ट द्वारा ममता विरुद्ध मप्र सरकार के मामले में दिए गए आदेश का हवाला देते हुए याचिका खारिज कर दी थी। कर्मचारियों ने इस आदेश के खिलाफ अपील दायर की, जो काफी विलंब से पेश की गई थी।

### मामला खत्म हो चुका तो ...

*आरिफ पर मारपीट, गाली-गलौज जैसी धाराओं में केस दर्ज हुआ। इस केस में वह बरी हो गया। नौकरी ज्वॉइन करते समय उसके खिलाफ थाने में कोई केस नहीं था।*

### चचेरी बहन...

*आयोजन करेंगे। पिछले साल सितंबर में सुनीता विलियम्स ने स्पेस में अपना 59वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया था और इस मौके पर उनकी चचेरी बहन ने काजू कतली भेजी थी। फाल्गुनी की मानें तो सुनीता को इंडियन फूड्स काफी पसंद है और यही वजह है कि भारत दौरे पर वे कई फूड्स का लुत्फ उठाने का प्लान बना सकती हैं। वहीं दूसरी तरफ सुनीता की धरती पर वापसी होने पर समुद्र में उनका कैप्सूल उतरा तो उन्हे स्ट्रेचर पर लाया गया।*

### 18 महीने पहले...

व मौसर तक का कार्यक्रम भी किया। इधर, थांदला पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर भानपुरा निवासी इमरान, शाहरुख, सोनू और एजाज को गिरफ्तार किया, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

ललिता बाई ने पुलिस को बताया कि वह भानपुरा निवासी शाहरुख नाम के व्यक्ति के साथ भानपुरा गई थी। वहां दो दिन रहने के बाद उसने उसे कोटा में रहने वाले शाहरुख को करीब पांच लाख रुपए में बेच दिया। इसके बाद से वह शाहरुख के साथ कोटा में ही रह रही थी। पहला सवाल यही है कि ललिता समझकर जिस महिला का अंतिम संस्कार किया गया वह कौन थी? जो चार आरोपी ललिता की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं, उनस हत्या तो हुई ही नहीं है? ललिता के बयान से मानव तस्करी का मामला सामने आया है।

### शिवपुरी के डैम...

अनूप लोधी (15) का आखिर में शव बरामद हो सका। एसडीआरएफ के 15 जवान रेस्क्यू अभियान में जुटे रहे। विदिशा और मुरैना से गोताखोर भी बुलाए गए थे। शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि माता टीला डैम में 15 श्रद्धालुओं से भरी नाव डूब गई। नाव सवार सभी लोग टापू पर बने मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान नाव हादसे का शिकार हो गई। हादसे के बाद आठ में से कुछ लोग खुद बाहर आ गए और कुछ को ग्रामीणों ने बचा लिया था। लेकिन, सात लोग लापता थे। दोपहर एक बजे तक सभी सात लोगों के शव बरामद कर लिए गए।

**इन्हें बचाया गया:** नाव में सवार नाविक प्रदीप लोधी पिता कृपाल लोधी (18), शिवराज पिता हरिराम लोधी (60), जानसन पिता अनूप लोधी (12), उषा पति लाल सिंह लोधी (45), लीला पति सूरी सिंह लोधी (45), गुलाब पिता जगदीश लोधी (40), रामदेवी पति प्राण सिंह लोधी (50) और सावित्री पिता अनूप लोधी (10) को बचा लिया गया था।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवायें।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नहीं तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल



| | |
|---|---|
| मेष | मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा। |
| वृष | व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है। |
| मिथुन | भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। |
| कर्क | क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। |
| सिंह | नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। |
| कन्या | धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। |
| तुला | व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है। |
| धनु | पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। |
| मकर | आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा। |
| कुंभ | कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें। |
| मीन | शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा। |

## शब्द पहेली - 5810



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 5809 का हल**



## सूडोकू नवताल - 5820

***** कठिनतम



**सूडोकू नवताल - 5819 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### थमने का नाम नहीं ले रही सोने की कीमतें, भाव बना रहा है रोज नए रिकॉर्ड

# कीमत पहुंच सकती है एक लाख रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर

**दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है और कई देशों के बैंक भी सोना खरीद रहे हैं**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की कीमत हर रोज नए रिकॉर्ड बना रही है। राजधानी के सराफा चौक बाजार में इसकी कीमत पहली बार 91,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। तो वहीं चांदी 1 लाख 1500 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच कर ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाई है। सराफा व्यापारी संजीव गर्ग गांधी और आनंद सोनी के अनुसार जिस तरह से सोने की कीमत बढ़ रही है, उसके देखते हुए यह जल्दी ही 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

भारत, चीन, पोलैंड और तुर्की सहित कई देशों के सेंट्रल बैंक सोना खरीद रहे हैं। दुनिया में लड़ाई-झगड़े और महंगाई की चिंताएं भी बढ़ रही हैं। इसलिए सोने की कीमत रुकने का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। सोना अभी और महंगा होगा। उनके अनुसार सोने की मांग बहुत ज्यादा है। दुनिया में अनिश्चितता का माहौल है और कई देशों के बैंक भी सोना खरीद रहे हैं।



**इतिहास में पहली बार इतनी कीमत**

पिछले 210 दिनों में सोने की कीमतें 2,500 डॉलर प्रति औंस से बढ़कर 3,000 डॉलर प्रति औंस हो गई हैं। आमतौर पर सोने की कीमत में इतनी बढ़ोतरी होने में लगभग 1,700 दिन लगते हैं, लेकिन इस बार तेजी से उछाल देखने को मिला है। सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आ सकती है, लेकिन भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता, बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों में कटौती और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने में निवेश जारी रहेगा।

### पांच दिनों में 2,500 रुपए महंगा हुआ सोना

पिछले 5 दिनों में सोने की कीमतों में कुल 2,500 रुपए का इजाफा हुआ है। सोने की कीमतों में बुधवार को एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 3000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर बनी रहीं। विशेषज्ञों के मुताबिक मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मान रहे हैं।

### *करीब 15 फीसदी की तेजी आ चुकी*

*सराफा व्यापारी आनंद सोनी के अनुसार पिछले पांच साल में सोने की कीमत में आई तेजी की वजह ज्यादातर निवेशकों की मांग रही। लोग अब सोना सिर्फ गहने के तौर पर नहीं खरीद रहे हैं, बल्कि इसे निवेश के तौर पर देख रहे हैं। सोने की छड़ों और सिक्कों की मांग में भारी वृद्धि देखी है। इस बदलाव के कारण दुनिया भर में सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 3,012 डालर प्रति औंस है। इस साल अब तक इसकी कीमत में करीब 15 फीसदी की तेजी आ चुकी है और यह थमने का नाम नहीं ले रहा है। व्यापारियों के अनुसार लंबी अवधि में यह 1 लाख रुपए तक जा सकता है।' हालांकि शॉर्ट टर्म में यह एमसीएक्स पर सोना 90,700-91,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3,200 डालर प्रति औंस तक जा सकता है। अभी भी सोने का ट्रेंड ऊपर की ओर है। जनवरी 2025 से सोना और चांदी ही ऐसी चीजें हैं जिन्होंने बाकी चीजों से बेहतर प्रदर्शन किया है।*

**नए आयकर विधेयक पर मांगे सुझाव**

# हितधारक ई-फाइलिंग पोर्टल पर भेज सकते हैं अपने सुझाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पिछले महीने संसद में पेश किए गए आयकर विधेयक को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने हितधारकों की राय मांगी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का कहना है कि आयकर अधिनियम, 1961 के रिव्यू के लिए सुझाव और इकट्ठा करने और आयकर नियमों के साथ-साथ फॉर्म्स को आसान बनाने पर काम करने का प्रयास जारी है।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने बताया कि नया आयकर विधेयक 2025 सिलेक्ट कमिटी के पास है और सरकार का कहना है कि हितधारक अपने सुझाव भेज सकते हैं जिन्हें कमिटी को भेज दिया जाएगा। इसके लिए ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूटिलिटी भी लांच की गई है। इसके लिए एक लिंक दिया गया है जो 8 मार्च 2025 से खुल गया है। हितधारक अपने नाम और मोबाइल नंबर को एंटर करके ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद अपने इनपुट भेज सकते हैं। अपने सुझाव में आयकर नियम 1962 से जुड़े प्रावधान को सही से लिखकर बदलाव बताना होगा। ये सुझाव 4 श्रेणियों में दिए जा सकते हैं- भाषा को सरल करने को लेकर, विवादों को कम करने को लेकर, पालन के बोझ को कम करने को लेकर और पुराने हो चुके नियमों और फॉर्म्स को चिन्हित करने के लिए।




### *अधिकारियों का काम भी आसान होगा*

*वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन के अनुसार नए आयकर विधेयक के जरिए आयकर से जुड़े नियमों को साफ, पालन करने के लिए आसान और करदाताओं के इस्तेमाल करने के लिए सरल प्रक्रियाओं वाला बनाने की कोशिश की जा रही है। आसान फाइलिंग से अधिकारियों का काम भी आसान होगा और गलतियां कम की जा सकेंगी। आयकर कानून के रिव्यू का प्रस्ताव इसलिए दिया गया था क्योंकि यह समझने में जटिल और बेहद लंबा था। 823 पन्नों के पुराने कानून के मुकाबले नए विधेयक में करीब 625 पन्ने हैं। इसमें 536 सेक्शन, 23 चैप्टर और 16 शेड्यूल हैं जबकि मौजूदा कानून में 819 सेक्शन, 47 चैप्टर और 11 शेड्यूल हैं। उन्होंने कहा कि नए आयकर विधेयक के तहत टैक्स रेट या कोई स्लैब या आमदनी की श्रेणियों में बदलाव का सुझाव नहीं दिया गया है। हालांकि इसमें 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के 12 महीनों को 'टैक्स इयर' कहा गया है। किसी नए बिजनेस या प्रफेशन या किसी नई आमदनी के एक वित्त वर्ष में बनने पर टैक्स इयर तब शुरू होगा जब वह बिजनेस या आमदनी बनी होगा और खत्म उसी वित्त वर्ष के साथ होगा।*

## बिजनेस न्यूज

### मप्र में रियल एस्टेट, लॉजिस्टिक्स एवं कमर्शियल स्पेसेस की मांग उत्पन्न होगी : अंशुमन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश बजट 2025-26 आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, इंडस्ट्रियल एक्सपेंशन और एग्रीकल्चर सपोर्ट पर विशेष ध्यान दिया गया है। 39 नए इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने की घोषणा की गई है, जिससे 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह बात इंडिया, साउथ-ईस्ट एशिया, मिडिल ईस्ट एंड अफ्रीका के चेयरमैन एंड सीईओ अंशुमन मैगजीन ने कहा। अंशुमन ने कहा कि यह राज्य के आर्थिक परिदृश्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी और रियल एस्टेट, लॉजिस्टिक्स एवं कमर्शियल स्पेसेस की मांग उत्पन्न करेगी, जिससे मध्य प्रदेश एक आकर्षक इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बन जाएगा। बजट, औद्योगिक प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के माध्यम से बिजनेस के लिए अनुकूल वातावरण को सुदृढ़ कर, कमर्शियल रियल एस्टेट, वेयरहाउसिंग और रिटेल में दीर्घकालिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा और कौशल विकास पहलों पर विशेष जोर दिया गया है, जैसे कि नए आईआईटी और आईटीआई संस्थानों की स्थापना। यह पहल प्रतिभा पूल को मजबूत करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उद्योगों को प्रशिक्षित कार्यबल उपलब्ध हो। इससे राज्य में आर्थिक एवं व्यावसायिक वृद्धि को और अधिक गति मिलेगी।

### इंडियन ऑयल ने किया सुधार गृहों के लिए परिवर्तनकारी पहलों का विस्तार

**हरिद्वार।** इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एएस साहनी ने राज्य सरकार और जेल अधिकारियों की उपस्थिति में भारत के विभिन्न स्थानों पर इंडियन ऑयल के 'परिवर्तन-जेल से गौरव तक' के चरण 10 और 'नई दिशा - भविष्य को पुनर्परिभाषित करना' के चरण 7 का शुभारंभ किया। इंडियन ऑयल द्वारा क्रमशः 15 अगस्त, 2021 और 26 जनवरी, 2023 को शुरू की गई दोनों पहलों का उद्देश्य खेल की शक्ति के माध्यम से जेलों और सुधार गृहों में बंद कैदियों के जीवन को बदलना है। नए चरण में इंडियन ऑयल 22 जेलों और 5 बाल सुधार गृहों में 1000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा। इंडियन ऑयल के चेयरमैन ने कहा कि इस कार्यक्रम की हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह विश्वास है कि हमेशा दूसरा मौका मिलता है। विभिन्न खेलों में कोचिंग के बाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंटों में भाग लेने से लाभार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से चैनलाइज करने का अवसर भी मिल रहा है। अपने छोटे से प्रयास के माध्यम से, हम कैदियों में अनुशासन, उद्देश्य और आशा की भावना पैदा करने की उम्मीद करते हैं ताकि वे समाज में सम्मान के साथ शामिल हो सकें। इस अवसर पर, भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठे हस्तक्षेप के लिए इंडियन ऑयल को धन्यवाद दिया, जो सुधार गृहों में कैदियों और बच्चों को बेहतर जीवन बनाने और समाज में उपयोगी योगदान देने में मदद करेगा।शुरुआत से ही, इस पहल ने भारत के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10,000 से अधिक व्यक्तियों को कवर करते हुए 200 से अधिक जेल स्थानों को छुआ है। इंडियन ऑयल हमारी उम्मीद-एक उम्मीद परियोजना के माध्यम से राज्य कारागार विभागों के साथ भी सहयोग कर रहा है, जिसके तहत वर्तमान और पूर्व कैदियों द्वारा संचालित 63 ईंधन स्टेशन सामाजिक एकीकरण के माध्यम से कैदियों में अपनेपन और गर्व की भावना को बढ़ावा दे रहे हैं।

### एमजी ने कॉमेट ईवी को बेहतर सुविधा के साथ किया पेश



**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेटईवी 2025 पेश किया है। एमजीकॉमेट ईवी 2025 को 4.99 लाख की आकर्षक शुरुआती कीमत के साथ पेश किया गया है। बेहतर सुविधाओं और एडवांस टेक्नोलॉजी फीचर्स के साथ इस कार में भविष्य की डिजाइन देखने को मिलती है। वे ग्राहक जो तकनीक से भरपूर और शहरी आवागमन के लिए एक प्रैक्टिकल कार चाहते हैं, वे अपनी नजदीकी एमजीडीलरशिप पर जाकर नई एमजी कॉमेट 2025 और हाल ही में लांच किए गए कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को 11,000 में बुक कर सकते हैं। एमजी कॉमेट ईवी 2025 को पांच अलग-अलग वैरिएंट में पेश किया गया है, इन वैरिएंट में एग्जीक्यूटिव, एक्साइट, एक्साइट फास्ट चार्ज, एक्सक्लूसिव और एक्सक्लूसिव फास्ट चार्ज-शामिल हैं। एमजी मोटर इंडिया के सेल्स हेड राकेश सेन ने कहाकि एमजी कॉमेट ईवी की इनोवेटिव डिजाइन और यूजर फ्रेंडली फीचर्स ने उन ग्राहकों के लिए इसे एक बेहतरीन विकल्प बना दिया है, जो रोजना आने जाने के लिए एक प्रैक्टिकल समाधान चाहते हैं। कॉमेट ईवी की बढ़ती स्वीकार्यता इसके बिक्री आंकड़ों में साफ नजर आती है।

### एचडीएफसी बैंक में भारत सरकार की वरिष्ठ नागरिक बचत योजना भी उपलब्ध

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने घोषणा की कि वह अब वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के तहत जमा स्वीकार करेगा, जो बुजुर्गों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक बचत साधन है। एचडीएफसी बैंक भारत सरकार के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में कार्य करेगा और ग्राहकों को निर्बाध सेवा प्रदान करते हुए योजना जमा को स्रोत करने में मदद करेगा। सभी पात्र ग्राहक बैंक की किसी भी शाखा में जाकर एससीएसएस के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए पात्र ग्राहकों में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति और 55 वर्ष या उससे अधिक आयु के सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हैं। इसके अलावा रक्षा सेवाओं के सेवानिवृत्त कर्मी भी 50 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर इस योजना के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। एससीएसएस में निवेश आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत लाभ के लिए पात्र है। यह योजना पांच साल की लॉक-इन अवधि के साथ तिमाही ब्याज भुगतान प्रदान करती है। इसे तीन साल के लिए कई बार बढ़ाया जा सकता है।

### रसना ने लांच किया 'रसना रिच' नया उत्पाद

**हमदाबाद।** रसना ने 'रसना रिच' के नाम से एक अनूठा और नया उत्पाद लांच किया है। यह एक फ्लेवर रिच पाउडर कॉन्संट्रेट है, जिसका टेक्सचर एवं स्वाद शानदार है। यह बहुत किफायती भी है। 10 रुपए के पाउच से 3 गिलास पेय बनता है, जिससे प्रभावी कीमत 3 रुपए प्रति गिलास बनती है। नए उत्पाद में मुख्य आकर्षण फलों के राजा आम का स्वाद है। आम रसना के सबसे ज़्यादा बिकने वाले फ्लेवर में से एक है। इसीलिए, 'रसना रिच' लाइन-अप में भी इस फ्लेवर को शामिल किया गया है। नया रसना रिच ऑरेंज, लेमन, पाइनएप्पल, अमरूद और मिक्सफ्रूट जैसे कई अन्य फ्लेवर्स में भी उपलब्ध है। 10 रुपए से 20 रुपए प्रति गिलास की कीमत वाले अन्य मैंगो ड्रिंक की तुलना में रसना रिच स्वाद को लेकर अपनी विरासत के साथ किफायती मूल्य पर उपलब्ध है।

# नौ करोड़ से अधिक लोगों ने जमा किया आईटीआर: आयकर विभाग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने जानकारी दी है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक 9 करोड़ से अधिक लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल कर दिया है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 4.68 लाख करदाताओं ने 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय घोषित की है।



आंकड़ों के मुताबिक 3.89 लाख लोगों ने 1 करोड़ से 5 करोड़ रुपए के बीच आय की रिपोर्ट की, जबकि 36,274 करदाताओं ने 5 करोड़ से 10 करोड़ रुपए के बीच की आय घोषित की है। इसके अलावा, 43,004 लोगों ने 10 करोड़ रुपए से अधिक की आय दर्ज कराई है। देशभर में अब तक 9.11 करोड़ करदाताओं ने आईटीआर फाइल किया है, जो कुल 13.96 करोड़ पंजीकृत करदाताओं का लगभग 65 प्रतिशत है। आयकर विभाग ने बताया कि इनमें से 8.56 करोड़ आईटीआर ई-वेरिफाइड किए जा चुके हैं और 3.92 लाख करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड भी जारी किया गया है।राज्यों की बात करें तो महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 1.38 करोड़ आईटीआर दाखिल किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में 90.68 लाख और गुजरात में 87.90 लाख लोगों ने रिटर्न भरा है। दिल्ली में 44.45 लाख लोगों ने आईटीआर फाइल किया, जबकि आंध्र प्रदेश में 30.76 लाख और पंजाब में 43.79 लाख रिटर्न दाखिल किए गए हैं। आयकर विभाग ने उम्मीद जताई है कि आईटीआर फाइल करने वालों की संख्या 31 मार्च 2025 तक और बढ़ेगी।

### बैंक कर्मियों ने दिया बैंकों में पर्याप्त भर्ती की आवश्यकता पर जोर

# बैंकों में एक दशक में हुई क्लर्क की संख्या में 151836 की कटौती

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैंक पब्लिक यूटिलिटी ऑर्गेनाइजेशन हैं, जो हमारे देश के बड़ी संख्या में लोगों को दैनिक आधार पर सेवा प्रदान करते हैं। इसलिए बैंकों को ग्राहकों और आम बैंकिंग जनता की सेवा के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराए जाने चाहिए, लेकिन पिछले एक दशक से भी अधिक समय से हम पाते हैं कि बैंक अपने लिए पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती नहीं कर रहे हैं।



इसलिए शाखाओं में कर्मचारियों की भारी कमी है । इस कारण कर्मचारी संतोषजनक ग्राहक सेवा प्रदान करने में असमर्थ हैं। यह बात यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस मप्र के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल (24 और 25 मार्च 2025) का समर्थन करते हुए कही। शर्मा ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक सरकार की सभी योजनाओं को लागू कर रहे हैं ,लेकिन इन बैंकों को ग्राहकों की सेवा के लिए पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। बैंकों में साल 2013 में 398801 क्लर्क थे। साल 2024 इनकी संख्या घटकर 246965 रह गई। अर्थात इनकी संख्या में 151836 की कटौती की गई। इसी प्रकार साल 2013 में चपरासियों की संख्या 1,53,628 थी। साल 2024 में इनकी संख्या घट कर 94,348 रह गई। अर्थात इनकी संख्या में 59,280 की कटौती की गई। इसलिए हम मांग करते हैं कि सभी शाखाओं में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भर्तियां की जानी चाहिए ।

**इन संगठनों का राष्ट्रव्यापी हड़ताल को समर्थन**

यूनाइटेड फोरम ऑफ़ बैंक यूनियंस, जिसमें नौ बैंक कर्मचारी-अधिकारी संगठन- ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन, नेशनल कनफेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लाईज,ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्प्लाईज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, इंडियन नेशनल बैंक एम्प्लाईज फेडरेशन , इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कांग्रेस, नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स ,नेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ बैंक ऑफिसर्स शामिल है।

### आकाश डिजिटल ने जेईई और नीट की परीक्षा तैयारियों में स्थापित किए कीर्तिमान

# एआई-पावर्ड लर्निंग से रचा नया इतिहास छोटे शहरों से आए शानदार टॉप रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अब उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग अब परीक्षा तैयारियों में बाधाओं को तोड़ पहले से कहीं अधिक सुलभ, किफायती, लचीला और परिणाम केंद्रित बना कर इस क्षेत्र में नई राहें बना रहा है। आकाश 2.0 रणनीतिक योजना के तहत, एईएसएल और अपने डिजिटल प्रयासों को और मजबूत करते हुए ऑनलाइन स्पेस में एक नई और अनोखी सेवा पेश कर रहा है।

आकाश के सभी उत्पादों को डिजिटल स्पेस में एक ही मंच पर एकीकृत किया गया है - आकाश डिजिटल 2.0 एक परिवर्तनकारी ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म है, जो एआई - पॉवर्ड, इंटरएक्टिव और परिणाम-केंद्रित कोचिंग प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म नीट, जेईई और ओलंपियाड की तैयारी करने वाले छात्रों को उच्च गुणवत्ता, किफायती और प्रभावी शिक्षा का अनुभव देता है। एआई - पॉवर्ड इनसाइट, इंटरएक्टिव लर्निंग टूल्स और विशेषज्ञ मेंटरशिप का लाभ उठाते हुए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भारतभर के छात्र अपने घरों से ही शीर्ष-स्तरीय कोचिंग प्राप्त करें।



### *छात्रों ने आकाश डिजिटल की नई पेशकश का लाभ उठाया*

*आकाश डिजिटल 2.0 का बीटा संस्करण एक साल पहले लॉन्च किया गया था और इसके परिणाम बेहद उत्साहजनक और चौंकाने वाले रहे हैं। देश के दूरदराज इलाकों में रहने वाले छात्रों ने आकाश डिजिटल की इस नई पेशकश का लाभ उठाया और नीट और जेईई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। यह एक ऐसा अवसर है जो उन्हें आकाश डिजिटल के बिना मिल पाना मुश्किल था। इनमें से कुछ शानदार रिजल्ट की बात करें तो गुजरात के दीसा, बनासकांठा के गांधी वरदा जैमिन ने नीट 2024 में एआईआर 358 हासिल किया। जलगांव, महाराष्ट्र की मृण्मयी चौधरी ने नीट 2024 में एआईआर 426 प्राप्त किया। सुंदरगढ़, ओडिशा की रश्मि प्रकाश पलाई को नीट 2024 में एआईआर 649 मिला। पश्चिम बंगाल के त्रबेनी के रितम बनर्जी ने जेईई एडवांस 2024 में एआईआर 226 हासिल किया। डिब्रूगढ़, असम के धृतिश्मान दत्ता ने जेईई एडवांस 2024 में एआईआर 1422 प्राप्त किया।*

**10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार**

# राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ें : अश्विनी वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों और चर्चा पर जवाब दिया। उन्होंने भारतीय रेल की प्रगति को रेखांकित करते हुए नियमितता, रोजगार, सुरक्षा, निर्यात और इंफ्रा डेवलपमेंट को प्राथमिकता दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रोजगार देने में भी रेलवे सबसे आगे है।



बुलेट ट्रेन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे ले जाना है। बुलेट ट्रेन जैसे प्रोजेक्ट्स आने वाली पीढ़ियों के लिए बनाए जा रहे हैं। रेल मंत्री ने कहा कि सिक्किम में सेवक से रंगपो तक रेल प्रोजेक्ट पहुंच रहा है, असम में नए काम शुरू हुए हैं और त्रिपुरा में आजादी के बाद पहली बार ब्रॉड गेज लाइन शुरू हुई है। केंद्र सरकार ने हर राज्य के लिए रेलवे विकास के लिए ऐतिहासिक बजट आवंटित किया है। देश की प्रगति के लिए सभी से राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। भारतीय रेल ने पिछले 10 वर्षों में 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान में भी 1 लाख लोगों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

### *50 हजार किमी पुराने ट्रैक को हटाकर नए ट्रैक बिछाए गए*

*रेल मंत्री ने कहा कि अब भारतीय रेल में सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कई तकनीकी बदलाव किए गए हैं। लंबे रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस जैसे कदमों ने रेल यात्रा को और सुरक्षित बनाया है। 50,000 किलोमीटर पुराने ट्रैक को हटाकर नए ट्रैक बिछाए गए हैं, जिससे सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए गए हैं, जो जर्मनी के पूरे रेल नेटवर्क से भी अधिक है। लोकोमोटिव उत्पादन में भी भारत ने बाजी मारी है। रेल मंत्री ने कहा कि देश में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ जो अमेरिका और यूरोप के कुल उत्पादन से अधिक है। भारतीय रेल ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। रेल मंत्री ने सदन को जानकारी देते हुए कहा कि आज भारत एक बड़ा रेलवे निर्यातक बन चुका है। रेल मंत्री ने कहा कि कोलकाता मेट्रो रेल प्रोजेक्ट में ऐतिहासिक प्रगति हुई है।*

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजगढ़ म.प्र.**

क्रमांक/915/तक./ग्रायांसे/2025 राजगढ़, दिनांक 17-03-2025

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 10 (2024-25)**

**:: संक्षिप्त निविदा सूचना ::**

मध्य प्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू. हजार में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | आमंत्रण का क्रम | दर अनुसूची का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES _410370_1 | दो अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हायर सेकेण्ड्री स्कूल घोघटपुर | जीरापुर | 12.85 | 26000 | 2000 | 6 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | ग्रायांसे द्वारा दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील एवं निविदा प्रकाशन दिनांक तक अद्यतन संशोधित से लागू दर अनुसूची |
| 2 | 2025_RES_ 410371_1 | बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य हाईस्कूल ग्राम सेमलापार | ब्यावरा | 11.35 | 23000 | 2000 | 3 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | |
| 3 | 2025_RES _410372_1 | बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य हाईस्कूल ग्राम पाटक्या | सारंगपुर | 16.76 | 34000 | 2000 | 3 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | |
| 4 | 2025_RES _410374_ 1 | बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य मिडिल स्कूल ग्राम मगराना | सारंगपुर | 5.53 | 11000 | 2000 | 3 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | |
| 5 | 2025_RES_ 410375_ 1 | बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य प्राथमिक शाला भवन ग्राम माना | नरसिंहगढ़ | 7.47 | 15000 | 2000 | 3 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | |
| 6 | 2025_RES _ 410376_ 1 | सामुदायिक भवन में अतिरिक्त निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 01 बड़ा महादेव मंदिर के समीप स्थित राजपूत समाज की धर्मशाला के पास नरसिंहगढ़ | नरसिंहगढ़ | 2.36 | 5000 | 2000 | 3 माह (वर्षाकाल सहित) | प्रथम | |

उपरोक्त वेबसाईट पर निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेगें। **निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27-03-2025 समय 05.00 बजे तक निर्धारित है।** विस्तृत NIT एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है, संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग राजगढ म.प्र.**

जी- 24560/24 स्वच्छता ही सेवा

**पी. एम. श्री केंद्रीय विद्यालय गंज बासौदा, सेमरा रोड, ग्राम महागौर गंजबासौदा, विदिशा, मध्य प्रदेश पिन 464221 मोबाइल नं. 9425149253**

F.2341/1/केवीगंवा/2024-25/साक्षात्कार दिनांक: 18-03-2025

**वॉक-इन-इंटरव्यू (Walk In Interview) सूचना (सत्र 2025-26)**

सत्र 2025-26 के लिए पूर्णतः संविदा /अंशकालीन अनुबंध के आधार पर शिक्षकों के पैनल तैयार करने हेतु केन्द्रीय विद्यालय गंज बासोदा में निम्नलिखित तालिका के अनुसार साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा

| क्र. | पद का नाम | साक्षात्कार दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक शिक्षक, संगीत एवं नृत्य प्रशिक्षक, योग व स्पोर्ट्स प्रशिक्षक, नर्स (महिला), स्पेशल एजुकेटर | 24.03.2025 |
| 2. | स्नातकोत्तर शिक्षक - अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस<br>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक-अंग्रेजी, संस्कृत, हिन्दी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कंप्यूटर अनुदेशक | 26.03.2025 |

साक्षात्कार से निर्मित पैनल को नियमित शिक्षकों की अनुपस्थिति या पद रिक्त होने पर या आवश्यकता अनुसार उपयोग में लिया जाएगा । संबंधित पदों हेतु इच्छुक एवं निर्धारित योग्यता रखने पाले उम्मीदवार आवेदन फॉर्म भर कर स्वयं के मूल शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों एवं स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों सहित उपरोक्त पद के सम्मुख अंकित दिनांक को विद्यालय में प्रातः 08:30 बजे से 10 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवाकर निर्धारित समय पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारण हेतु लिखित परीक्षा भी ली जा सकती है। साक्षात्कार में शामिल होने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भता देय नहीं होगा। विस्तृत योग्यता एवं अन्य महत्वपूर्ण विवरण तथा आवेदन फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट https://ganjbasoda.kvs.ac.in/ के Announcement सेक्शन में उपलब्ध है।

**भवदीय / प्राचार्य
पी. एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय
गंज बासौदा**

## चिंतन

# सुनीता व विल्मोर की वापसी स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर सकुशल लौट कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह स्पेस साइंस की बड़ी उपलब्धि है। भारतीय मूल की वैज्ञानिक कल्पना चावला इतनी खुशनसीब नहीं थीं, वापसी के दौरान उनकी मौत हो गई थी। विलियम्स यूं तो पहले भी दो बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जा चुकी हैं लेकिन शायद ही उन्होंने यह कल्पना की होगी कि तीसरी बार अंतरिक्ष में जाने के बाद उन्हें वापसी के लिए लंबा इंतजार करना होगा और यह घटना इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। इससे पहले विलियम्स 16 अप्रैल 2007 को अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली व महिला बनीं। वह 2012 में अपनी दूसरी अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का नेतृत्व करने वाली एकमात्र दूसरी महिला बनीं। विलियम्स ने अपने अंतरिक्ष मिशन के तुरंत बाद 2007 और 2013 सहित कम से कम तीन बार भारत का दौरा किया है और उन्हें 2008 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इस बार सुनीता ने अंतरिक्ष में मानवीय जीवटता और दृढ़ता का इतिहास फिर से लिख दिया है। सुरक्षित वापसी एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और यह नासा, 'स्पेसएक्स' तथा अंतरिक्ष अभियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भारत के पास अपने अंतरिक्ष अभियान में विलियम्स की विशेषज्ञता का लाभ उठाने का अवसर मिल सकता है। नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। दोनों अंतरिक्ष यात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्ष यात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। दोनों नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे हैं। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। विल्मोर और विलियम्स के अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसने के बाद दुनिया का ध्यान उनकी ओर गया और 'स्टक एट वर्क' शब्द गढ़ा गया तथा उन्हें 'बुच और सुनी' जैसे नामों से बुलाया जाने लगा। इससे पहले किसी भी अंतरिक्ष यात्री को इतनी अनिश्चितता का सामना नहीं करना पड़ा या उनका मिशन इतना लंबा नहीं खिंचा। सुनीता विलियम्स ने नौ बार अंतरिक्ष में चहलकदमी करके रिकॉर्ड बनाया। इस क्रम में उन्हें 62 घंटे लगे। विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहलकदमी करने का महिला अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने का दोष किसी पर नहीं मढ़ा। यह दोनों का बड़प्पन है। यह मिशन धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा थी। उनकी ऐतिहासिक यात्रा असाधारण साहस की कहानी है। विलियम्स की दृढ़ता और समर्पण दुनियाभर में अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

# वक़्फ संस्थाओं में सुधार की जरूरत



विश्लेषण
सैयद नसरुद्दीन चिश्ती

**इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।**

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक्फ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक्फ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक्फ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक्फ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक्फ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक्फ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक्फ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक्फ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतरे दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक्फ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है। वक्फ

कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक्फ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

(लेखक दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (आरए) के वंशानुगत सज्जादानशीन के उत्तराधिकारी और एआईएसएससी के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## प्रेरक व्यक्तित्व
डॉ. सत्यवान सौरभ




# सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

(लेखक कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
**प्रेरणा**

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## सटाका




## आज की पाती

### होली, मस्जिदें और तिरपाल

जैसे ही होली के पावन अवसर पर खबर आई कि मस्जिदों पर तिरपाल ओढ़ाई गई, ख्याल आया कि मस्जिदों का सफेद रंग होने के चलते रंग-बिरंगे रंगों से वे खराब न हो जाएं, इसलिए मुस्लिम भाइयों ने मस्जिदों को ढका होगा। लेकिन यहां तो सांप्रदायिकता की बू आ रही है। पता चल रहा है कि वे होली के रंग अपने धर्मस्थलों पर लगवाना ही नहीं चाहते। यह धर्मान्धता है। हिंदू-मुसलमान त्योहारों को खुशी से मनाते हैं, जैसे क्रिसमस, ईद आदि, और अगर कोई त्योहार मनाते नहीं हैं तो किसी त्योहार का इस तरह तिरस्कार नहीं करते हैं। अगर मस्जिदों को ढकने का निर्णय सिर्फ प्रदूषण से बचाव है, तो ठीक है, परंतु अगर रंगों से बचाव संस्कृति से बचाव है, तो यह सही नहीं है।

*- संतोष जायसवाल, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संगीत दिग्गज इलैयाराजा



राज्यसभा सांसद थिरु इलैयाराजा एक ऐसे संगीत दिग्गज हैं जिनकी प्रतिभा का हमारे संगीत और संस्कृति पर बहुत बड़ा प्रभाव है। वे हर मायने में एक अग्रणी व्यक्ति हैं और उन्होंने कुछ दिन पहले लंदन में अपनी पहली पश्चिमी शास्त्रीय सिम्फनी, वैलिएंट प्रस्तुत करके इतिहास रच दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विलियम्स का स्वागत



पृथ्वी पर वापस आने पर आपका स्वागत है, सुनीता विलियम्स। अंतरिक्ष में आपकी 9 महीने की अविश्वसनीय यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक रही है। आपका साहस और समर्पण पीढ़ियों तक सपनों को प्रज्ज्वलित करता रहेगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### नारी सुरक्षा की व्यवस्था



सपा के शासनकाल में उप्र में शुरू हुए 'महिला सुरक्षा' के लिए समर्पित '1090' मॉडल को अब राजस्थान सरकार अपना रही है। इससे नारी सुरक्षा की प्रभावकारी और सार्थक व्यवस्था तैयार होगी।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### सक्रिय दृष्टिकोण



भारत सरकार ने बहुत सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। ऊर्जा स्वतंत्रता और खनिज सुरक्षा के अलावा, संसाधन क्षेत्र विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन प्रदान करेगा।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

## करंट अफेयर

### बलूचिस्तान में तीन विवि ने ऑनलाइन कक्षाएं शुरू की


पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के तीन विश्वविद्यालयों ने सुरक्षा कारणों से अनिश्चित काल के लिए परिसर में कक्षाएं निलंबित कर दी हैं और छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। प्रांत में आतंकी हमलों में वृद्धि के बीच विश्वविद्यालयों ने यह कदम उठाया है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बलूचिस्तान विश्वविद्यालय, सरदार बहादुर खान महिला विश्वविद्यालय और तुर्बत विश्वविद्यालय ने डीन और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों के साथ परामर्श के बाद यह निर्णय लिया। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने सिबी के पास जाफर एक्सप्रेस को कब्जे में लेकर यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 26 बंधकों की जान चली गई थी। तब से बलूचिस्तान में कई हमले हो चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में हुए हमलों और सुरक्षा खतरों के बाद तीनों विश्वविद्यालयों ने कक्षाएं ऑनलाइन कर दी हैं।



## ऑफ बीट

### बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं

हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796-1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है।



**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।





### डीजे, ढोल-बाजे और शहनाई की धुन पर हुरियारों ने जमकर किए नृत्य, युवा, बच्चों और बुजुर्गों में दिखा उत्साह

# औबेदुल्लागंज, मंडीदीप में रंगपंचमी पर निकाला चल समारोह, हुरियारों की टोलियों पर टैंकरों ने खूब बरसाया रंग-गुलाल, रंगों से सराबोर हुईं गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगपंचमी पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। श्री हिंदू उत्सव समिति ने मंडी स्थित बाल विहार से रंग पंचमी फाग उत्सव की शुरुआत की। डीजे, ढोल-बाजे और शहनाई की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। नगर पालिका की दमकल ने रंग बरसाकर समारोह में चार चांद लगा दिए।

श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह चौहान ने बताया कि बुधवार को नगर के वरिष्ठ जनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी उत्सव की शुरुआत की। यहां से हुरियारों की टोली मंडी होते हुए आंबेडकर भवन पहुंची। जहां बड़ी संख्या में हुरियारे पहले से ही इकट्ठा थे। रंगों का कारवां पटेल नगर से होते हुए मंगलवार बाजार पहुंचा। फिर यहां से चल समारोह महारानी अवंतीबाई मार्ग, वार्ड 3, गांधी चौक, गणेश चौक, श्री राधा कृष्ण चौक और दुर्गा चौक होते हुए स्टेशन रोड पहुंची। समारोह का समापन प्राचीन श्री बाबा रामदेव मंदिर पर किया गया। जहां पारंपरिक रूप से रंग पंचमी महोत्सव का समापन हुआ।



## लोगों ने उड़ाया गुलाल, दमकल ने बरसाए रंग

रंग पमचमी त्यौहार की खुशियां बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों सब पर नजर आई। हुरियारों की टोलियां सुबह से ही सड़कों पर उतर आई। अबीर-गुलाल की बरसात में हर कोई नहाता नजर आया। हुरियारों की टोलियों ने ढोल-बाजे एवं डीजे की थाप पर नाचते हुए गुलाल बरसाकर पर्व का आनंद लिया। वहीं नपा की दमकल ने रास्ते भर लोगों पर रंग बरसाया।



### वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया

नगर की सामाजिक संस्था श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस चल समारोह में नगर के सभी वरिष्ठ गणमान्य नागरिक शामिल होकर वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष बद्री सिंह चौहान, विपीन भार्गव, सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, प्रेम शंकर साहू, जगदीश सोनी, अशोक भार्गव, कृष्णकुमार चौबे, जीवन चौकसे, सुनील पाल, उधमसिंह पाल, कैलाश गुप्ता, रमेश शिवानी, सुरेन्द्र चौहान, मुकेश प्रजापति, राजू चौहान, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हुरियारों पर जमकर हुई रंग-गुलाल की बौछार

**औबेदुल्लागंज।** रंग पंचमी पर्व पर बुधवार को हुरियारों पर जमकर रंग-गुलाल की बौछार हुई। हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया। गंगा-जमुना तहजीब के साथ हुरियारों का स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष गुड्डू मियां ने सदस्यों के साथ हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक को गुलाल लगाया और हुरियारों पर गुलाल की जमकर बौछार की।

रंग पंचमी पर वार्ड 13 में मोंटी ठाकुर, टिंकू ठाकुर परिवार ने खूब गुलाल उड़ाया। परिवार के सभी सदस्यों ने जमकर नृत्य भी किए। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे के साथ कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, बंटी जोशी, गुड्डू यादव आदि ने कहा कि रंग रिश्तों में मिठास घोलते हैं। हिंदू उत्सव समिति के संतोष गुप्ता, राहुल माहेश्वरी, सोनू अग्रवाल, विक्रम धाड़ी, कमल मालवीय, व्यापार महासंघ, किराना व्यापार संघ आदि ने जमकर रंग खेला। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। हर नुक्कड़, चौराहों पर पुलिस बल तैनात था।





### खबर संक्षेप

#### प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार से की भेंट



**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू और उत्तम यादव भोपाल पहुंच कर प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार से मिले और क्षेत्र के विकास पर चर्चा की।

#### 1 करोड़ 20 लाख 28 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति के आदेश

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** रोड एक्सीडेंट में रेलवे कर्मचारी राजकुमार सिसोदिया की मौत हो जाने के मामले में प्रधान जिला न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 20 लाख 28 हजार रुपए क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश एक्सीडेंट करने वाले ट्रक मालिक अब्दुल वहीद, ट्रक ड्राइवर संदीप ककोडिया और श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एमपी नगर भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से सीनियर एडवोकेट आरके हिंगोरानी और सनी हिंगोरानी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई की।

#### विष्णु राजोरिया की माता मीरा राजोरिया का निधन

**भोपाल।** परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष आचार्य विष्णु राजोरिया की माता का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार को भदभदा विश्राम घाट पर सुबह 10 बजे की जाएगी। अंतिम यात्रा निज निवास कोपल स्कूल के पास नेहरू नगर से निकलेगी। विष्णु राजौरिया की माता के निधन पर मंत्री राकेश शुक्ला ने दुख व्यक्त किया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 579 | 14 | 347 |
| रात: | 226 | 03 | 120 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 680 | 47 | 700 |
| रात: | 460 | 08 | 170 |

### श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी मोहल्ले का मामला


## आर्थिक तंगी से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित मानस भवन के पीछे आदिवासी मोहल्ले में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि उसने यह कदम आर्थिक तंगी से परेशान होकर उठाया है। पुलिस के अनुसार बिशन पिता आरमा (28) आदिवासी मोहल्ला, मानस भवन के पीछे रहता था और फाल सीलिंग का काम करता था।

मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात करीब सवा 12 बजे बिशन अपने घर के बाथरूम में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। बिशन पांच भाइयों में सबसे छोटा था और उसकी एक बहन है। परिजन बिशन की शादी के लिए वधू की तलाश कर रहे थे, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण बिशन शादी के लिए तैयार नहीं हो रहा था। वह कहता था कि जब कुछ बन जाऊंगा तभी शादी करुंगा।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी बंगला इलाके में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार बाला प्रसाद अहिरवार (29) मूलतः परवलिया सड़क इलाके का रहने वाला था। वह पत्नी और बच्चों के साथ भौंरी बंगला में किराए से रह रहा था और मजदूरी करता था। बुधवार सुबह करीब सवा 11 बजे बाला प्रसाद अहिरवार ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही पत्नी ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाला प्रसाद का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। बाला प्रसाद की पत्नी ने बताया कि वह शराब पीने के आदी थे और होली के दिन से ही कुछ ज्यादा ही शराब पी रहे थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से घायल नाबालिग की मौत

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। गत 14 मार्च धुलेंडी की रात वह ट्रेन की चपेट में आया था और उसका हाथ कट गया था। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार महेश उर्फ छोटू यादव (17) मकान नंबर-15 बरखेड़ी फाटक के पास रहता था और कंडक्टरी करता था। गत 14 मार्च की रात उसे सुभाष नगर रेलवे ट्रैक के पास देखा गया था। कुछ देर बाद ही वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया था। राहगीरों ने एंबुलेंस को कॉल किया, लेकिन कॉल प्रतिक्षा में होने के कारण रिसीव नहीं हो रहा था। इस दौरान छोटू बार-बार ट्रैक पर जाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई।

### फोटो वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था दैहिक शोषण

## घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म शादी के बाद भी बनाए संबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने इलाके में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर निगरानी बदमाश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी करीब तीन साल से युवती को धमकी देकर उसका दैहिक शोषण कर रहा था। युवती ने शादी कर ली तो भी आरोपी उसे फोटो वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाने लगा। आरोपी से परेशान होकर युवती ने बागसेवनिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है।



पुलिस के अनुसार 21 साल की युवती इलाके में रहती है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि तीन साल पहले वह पढ़ाई करते समय उसकी पहचान अजय उईके से हुई थी। अजय स्कूल के सामने आया करता था। वहीं से दोनों की दोस्ती हो गई। दोस्ती होने के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पहली बार अजय ने होटल में युवती से दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह उसके घर जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। कुछ समय पहले युवती की शादी हो गई। शादी के बाद भी आरोपी की हरकत नहीं सुधरी। आरोपी युवती को मिलने का दबाव बनाने लगा। युवती ने मिलने से मना किया तो वह पुराने फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। मजबूरन युवती को उससे मिलने जाना पड़ा। आखिरी बार आरोपी ने जुलाई महीने में उससे धमकाते हुए शारीरिक संबंध बनाए थे। आरोपी उस पर लगातार मिलने का दबाव बना रहा था। आरोपी से परेशान होकर युवती ने पति को जानकारी दी। पति उसे लेकर थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 31 तक

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। शासन द्वारा किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। किसान स्वयं मोबाइल से एमपी किसान एप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकते हैं। किसानों को पंजीयन केंद्रों में लाइन लगाकर पंजीयन कराने की समस्या से मुक्ति मिलेगी। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र और एमपी किसान एप पर भी की गई है।



## आदिनाथ मंदिर में की शांति धारा

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर स्थित आदिनाथ मंदिर में रंग पंचमी पर बुधवार को पंडित लक्ष्मीचंद इजारदार, मुकेश जैन, भोजपुर कमेटी अध्यक्ष विमलचंद राजदीप सहित औबेदुल्लागंज, मंडीदीप के श्रद्धालुओं ने शांति विधान कर शांति धारा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कविता, पूर्व पार्षद मीना जैन का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।

### धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने पर पुलिस से की थी शिकायत

## कोर्ट में अपने पक्ष में गवाही देने और समझौता करने के लिए महिला को डरा-धमकाकर बना रहे दबाव

◆ महिला का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को अगवा करने और जान से मारने की दे रहा धमकी

**आरोपी की शिकायत पूर्व में शाहजहांनाबाद थाना और सीएम हेल्प लाइन में कर चुकी है पीड़िता**

### दीवार कूदकर घर में घुसा

महिला ने दावा किया कि माजिद उसके घर की दीवार कूदकर कभी भी अंदर आ जाता है। आए दिन वह घर में घुसकर परेशान कर रहा है। पुलिस भी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में माजिद उस पर लगातार धर्म परिवर्तन कर निकाह कर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं वह उस पर दबाव बना रहा है कि बिना किसी कोर्ट कार्रवाई के वह बच्ची को उसे सौंप दे। धमकाता है कि बेटी मेरी है, उसे तो मैं लेकर जाऊंगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित ईदगाह हिल्स में कोर्ट में गवाही पेशी से पूर्व महिला पर दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि धर्म परिवर्तन के लिए प्रताड़ित करने पर उसने पुलिस को शिकायत की थी। अब कोर्ट में केस चल रहा है। पेशी से पूर्व आरोपी महिला को धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि आरोपी उसकी बेटी को अगवा करने की धमकी दे रहा हैं। उसने पुलिस को बताया कि आरोपी खुद को अधिवक्ता बताता है।

पुलिस के अनुसार ब्राइट कॉलोनी ईदगाह हिल्स निवासी 45 साल की महिला गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि इलाके में रहने वाले माजिद की बहन तबस्सुम के खिलाफ उन्होंने धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन है। 24 मार्च को गवाही पेशी होनी है, जिसके लिए माजिद के भाई-बहन उक्त प्रकरण में समझौता करने के लिए जुलाई 2024 से प्रताड़ित कर रहे हैं। मना करने पर उसकी मम्मी, बेटी को धमकियां दी जा रही हैं। इसकी शिकायत वह पूर्व में शाहजहांनाबाद थाना और सीएम हेल्प लाइन में कर चुकी हैं, लेकिन माजिद के खिलाफ कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई। तीन दिन पहले रात में माजिद उसके घर पर आकर उससे लड़ाई-झगड़ा करने लगा। धमकाते हुए बोला कि अगर 24 मार्च को कोर्ट गई तो मेरे भाई-बहन तेरी मम्मी व बेटी को जान से मार देंगे। तब उसने डायल-100 को बुला लिया था। पुलिस के पहुंचने से पहले भाग गया।

### युवाओं से भक्ति मार्ग अपनाने का किया आह्वान

## लटेरी में जैन मुनियों के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के मुनिभक्त व मुनिसेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने रंग पंचमी के अवसर पर लटेरी में विराजमान आचार्य आर्जवसागर महाराज ससंघ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रवचन सुने एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। जैन मुनियों ने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों की सेवा का जो बीड़ा उठाया है, उसमें निरतंर आगे बढ़ते रहो, ताकि लोगों का भला हो सके। आचार्यश्री ने कहा कि भक्ति करने में इतने मशगूल हो जाए कि किसी वस्तु का भय और कोई चाह बाकी नहीं रहे। उन्होंने युवाओं से भक्ति का मार्ग अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिनाभिषेक, गुरुओं को आहार दान सेवा करनी चाहिए। सांसारिक इच्छाओं से बचकर भक्ति की इच्छा जगाएं।



# आज विश्व गौरैया दिवसः काले परिवार की सालों की मेहनत से बनाए घर की छत पर गार्डन बना पक्षियों का स्वर्ग, 30 से अधिक गौरैयाओं का बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व गौरैया दिवस गुरुवार को है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और बदलते पर्यावरण के कारण गौरैया, जो कभी हमारे घरों की पहचान थी, अब विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी है। लेकिन इसी दौर में खंडवा के दादाजी वार्ड निवासी काले परिवार ने एक ऐसी मिसाल कायम की है। मुकेश काले और उनके परिवार ने अपने घर की छत को गौरैयाओं के लिए ऐसा सुरक्षित आश्रय बना दिया है, जहां करीब 30 से अधिक गौरैयाएं अपना बसेरा बना चुकी हैं। काले परिवार की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने वाला प्रयास भी बन गया है।



### सुबह का अलार्म बना गौरैयों का चहचहाना

मुकेश काले बताते हैं कि उन्होंने अपनी छत पर दस सालों की मेहनत से गार्डन तैयार कर गौरैयाओं के लिए बाजरा और पानी के सकोरे रखना शुरू किया था। धीरे-धीरे गौरैयाएं लौटने लगीं और अब उनकी संख्या 30 से भी अधिक हो गई है। परिवार की सदस्य पूर्णिमा काले कहती हैं कि हर सुबह हम गौरैयाओं की चहचहाहट से उठते हैं। ये हमारे परिवार का हिस्सा बन गई हैं। शाम होते ही ये लौटकर छत पर आ जाती हैं, जैसे अपना घर समझती हों।



### मन गार्डन में मिला गौरैयों को सुरक्षित घर

काले परिवार ने अपनी छत को मन गार्डन का नाम दिया है। यहां खास तौर पर छोटे-छोटे पौधे लगाए गए हैं ताकि गौरैयाओं को प्राकृतिक वातावरण मिल सके। साथ ही एक विशेष लोहे का स्टैंड तैयार कराया गया है, जिसमें लकड़ी के घर बनाए हैं। छत पर हमेशा दाना-पानी की व्यवस्था रहती है। गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए छायादार स्थान और पानी के सकोरे भरे रहते हैं।



### वनवासी परिषद का होली मिलन समारोह

## व्यंजनों के स्वाद के बीच महिलाओं ने खेली फूलों से होली, युवाओं ने किया डांस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंग पंचमी के अवसर पर वनवासी कल्याण परिषद, भोपाल महानगर की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एमपी नगर जोन 1 स्थित वनवासी कल्याण परिषद के एकलव्य संकुल परिसर में आयोजित इस समारोह में परिषद के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और जमकर धूम मचाई।

इस दौरान परिषद की महिला इकाई की भी सदस्य उपस्थित हुईं और उन्होंने फूलों से होली खेली। आपसी प्रेम व भाईचारे के इस मिलन उत्सव में जहां व्यंजनों का स्वाद था तो दूसरी तरफ होली के गीतों पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डांस किया और एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. भरत शरण सिंह, सूर्यनारायण सूरी अखिल भारतीय संगठन मंत्री जनजातीय सुरक्षा मंच, प्रवीण ढोलके, अखिल भारतीय प्रशासनिक प्रमुख, सौभाग़ सिंह मुजाल्दा प्रांत अध्यक्ष, तिलक राज दांगी, प्रांत संगठन मंत्री, योगीराज परते, प्रांत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### ग्रामीणों ने तिलक गुलाल लगाकर किया आगंतुकों का स्वागत, दिखी अपनेपन की झलक

## रंग पंचमी के मौके पर नेशनल डिफेंस कॉलेज के अध्ययन दल ने किया खारी के होम स्टे का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली का 16 सदस्यीय अध्ययन दल रंग पंचमी के दिन भोपाल के पास खारी ग्राम में दो होम स्टे की सुविधाओं का भ्रमण करने पहुँचा, ग्रामीणों द्वारा गुलाल लगाकर स्वागत किया गया एवं स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का अनुभव भी दिया गया। अध्ययन दल ने मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा की नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के अध्ययन दल ने ग्रामीण होम स्टे का भ्रमण कर प्रदेश के समृद्ध सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर के साथ-साथ सतत पर्यटन को भी सराहा है। टूरिज्म बोर्ड लगातार ग्रामीण पर्यटन के जरिये ग्रामीणों को रोजगार एवं जीवन यापन के अवसर प्रदान कर रहा है, इसके साथ ही पर्यटकों को ग्रामीण अंचल का अनोखा अनुभव भी मिल रहा है।



- ग्रामीणों में दिखा अटूट उत्साह
- प्रयासों की हो रही सराहना
- ग्रामीण अंचल में अनोखा अनुभव





### भारत भवन में आज होगी सिल्वर फ्लूट और बांसुरी की जुगलबंदी



**भोपाल।** कलाओं के घर भारत भवन में 20 मार्च को संगीत की विशेष सभा का आयोजन किया जा रहा है। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि इस सभा में संगीत प्रेमियों को पहली बार अंतरंग सभागार में सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी की प्रस्तुति देखने का अवसर मिलेगा।

- 20 को संगीत की विशेष सभा का किया जा रहा आयोजन

भारत भवन और आलियांस फ्रांसिस द भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह संगीत सभा इंडो-फ्रेंच क्लासिकल कंसर्ट के अंतर्गत हो रही है। इसमें फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट और भारतीय कलाकार ऋषभ प्रसन्ना की सिल्वर फ्लूट और बांसुरी पर जुगलबंदी होगी। इस प्रस्तुति में तबले पर संगत अभिषेक मिश्र करेंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।

**भोपाल**

### खबर संक्षेप

#### दो शिफ्ट में होगी नीट पीजी की परीक्षा

**भोपाल।** नीट पीजी परीक्षा को लेकर तिथि निर्धारित हो गई है। यह परीक्षा 15 जून को दो शिफ्ट में आयोजित की जा रही है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस ने इसको लेकर पत्र जारी किया है। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड प्लेटफॉर्म पर होगी। इससे जुड़ी अतीरिक्त जानकारी आवेदन करने वाले मेडिकल स्टूडेंट्स एनबीईएमएस की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

#### आरजीपीवी के अनुनय ने गेट में पाई 118वीं रैंक

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अनुनय शर्मा राष्ट्रीय स्तरीय गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 118 अर्जित की। अनुनय की इस उपलब्धि पर कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग एवं राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने गौरवान्ति महसूस करते हुए अनुनय एवं उनके परिवार को बधाई दी है।



#### लाइब्रेरियन के लिए 6 दिवसीय प्रशिक्षण 24 से

**भोपाल।** राजधानी स्थित एनआईटीटीटीआर द्वारा प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत ग्रंथपालों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण 24 मार्च से शुरू होगा। यह 29 मार्च तक आयोजित किया जाना है। इस प्रशिक्षण के लिए विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार लाइब्रेरियन के लिए निटर में प्रशिक्षण के कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित कराने संबंधित कॉलेजों को उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

### मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों की संख्या में होगा इजाफा

## एमपी बोर्ड में बारहवीं का आज समाज शास्त्र का पेपर, कल से आएगी मल्यांकन में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। कक्षा बारहवीं का 20 मार्च को समाज शास्त्र का पेपर होगा। वहीं अब दसवीं का अंतिम पेपर 21 मार्च को विज्ञान का होगी। परीक्षाओं के साथ ही मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो चुका है, लेकिन मूल्यांकन केंद्र पर परीक्षकों की कमी के चलते माध्यमिक शिक्षा मंडल की उत्तर पुस्तिकाओं मूल्यांकन कार्य धीमी गति से चल रहा है। हालांकि 21 मार्च के बाद मूल्यांकन कार्य में तेजी आएगी।

10वीं की परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षकों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। विभागीय जानकारों के अनुसार, एक मार्च तक हुए दसवीं-बारहवीं के पेपर की कॉपियों का मूल्यांकन लगभग अंतिम चरण में हैं। वहीं एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 20 मार्च से शुरू हो जाएगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला मूल्यांकन स्तर पर किया जा रहा है। राजधानी में मूल्यांकन केंद्र समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर को बनाया गया है। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जा रही हैं। इसमें बारहवीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाना है।



#### 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं

उल्लेखनीय है कि, दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में प्रदेश में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हो रहे।

## बीयू: बीएड, एमएड की परीक्षाएं 30 मार्च तक हों, प्रेक्टीकल सहित अन्य अंक विवि को भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को अधिसूचना जारी कर शिक्षा विभाग की प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करने को कहा है। जारी अधिसूचना के अनुसार बी.एड. तृतीय सेमेस्टर एवं एम.एड. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाएं 30 मार्च तक आयोजित की जाना निर्धारित किया गया है। इस लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों के सहयोग से निर्धारित तिथि तक प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक विवि को महाविद्यालय द्वारा प्रेशित किए जाएं। प्रेक्टिकल परीक्षा के अंक निर्धारित प्रपत्र पर इंटरनल और एक्सटर्नल मार्क्स एवं बाह्य परीक्षक के नाम, मोबाइल आदि के साथ प्रस्तुत किए जाएं। इनके अभाव में अंक स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। सभी महाविद्यालयों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे विवि द्वारा घोषित तिथियों में ही प्रायोगिक परीक्षाएं संपन्न कराकर अंक निर्धारित तिथियों तक ऑनलाइन निर्धारित लिंक पर अपलोड करें। अकों की कागज प्रति भी गोपनीय शाखा में जमा कराई जाए।

- विवि प्रशासन ने सभी संबद्ध बीएड, एमएड कॉलेजों के प्राचार्यों को जारी किए निर्देश

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड आज से

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आयोजित राज्य स्तरीय शैक्षिक ओलंपियाड अंग्रेजी प्रतियोगिता 20 और 21 मार्च को राजधानी के प्रगत शैक्षिक संस्थान, पीजीबीटी में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में जिला स्तर की अंग्रेजी ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी पूर्व में शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखंड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहं तक पहुंचे हैं। अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के करीब 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

भोपाल में 20 एवं 21 मार्च को आयोजित प्रतियोगिता में हर जिले से कक्षा 2 से 8 तक के 364 विजेता विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

## कई लोगों की आंखों की बचाई रोशनी, बिना परीक्षा दिए ही बनीं कार्निया विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल की डॉ. भावना शर्मा को आंख के कार्निया (आंख का पारदर्शी भाग) की विशेषज्ञता के लिए एक बड़ा सम्मान मिला है। उन्हें आल इंडिया ऑप्थल्मोलाजिकल सोसायटी ने मानद एफएआईसीओ की उपाधि दी है। इसका मतलब है कि उन्हें बिना परीक्षा दिए ही कार्निया का बड़ा विशेषज्ञ माना गया है। डा. भावना शर्मा एम्स भोपाल के नेत्र विज्ञान विभाग की मुखिया हैं। उन्होंने आंखों के इलाज में बहुत अच्छा काम किया है। खासतौर पर कार्निया की बीमारियों के इलाज में उनका बहुत नाम है। उन्होंने कई लोगों की आंखों की रोशनी बचाई है। इसी को देखते हुए डा. भावना शर्मा को यह सम्मान मिला है। उन्होंने कई सालों तक मरीजों की सेवा की है और नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में बहुत योगदान दिया है। आमतौर पर यह सम्मान पाने के लिए परीक्षा देनी होती है, लेकिन डा. शर्मा ने परीक्षा नहीं दी। उन्होंने अपनी जगह एक युवा डाक्टर को दी, ताकि उसे भी मौका मिल सके। सम्मान मिलने पर डा. शर्मा ने कहा कि उन्हें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने परीक्षा न देकर एक युवा डाक्टर को मौका दिया, जिससे उन्हें और भी खुशी हुई।

- एम्स भोपाल की डॉ. भावना शर्मा को मिली एफएआईसीओ उपाधि

### भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने दी जानकारी

## मुंबई सेंट्रल-कटिहार के बीच चलेगी विशेष ट्रेन, मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना पर रहेगा स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अगले माह से समर सीजन शुरू होने जा रहा है। रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा। भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि गाड़ी संख्या 09189/09190 मुंबई सेंट्रल-कटिहार विशेष ट्रेन (02-02 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

### अगले माह से शुरू होने जा रहा समर सीजन



गाड़ी संख्या 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार होली विशेष ट्रेन 22, 29 मार्च 2025 को मुंबई सेंट्रल स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 03:00 बजे संत हिरदाराम नगर, सुबह 04:08 बजे विदिशा, सुबह 05:53 बजे बीना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद तीसरे दिन सुबह 07:30 बजे कटिहार स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल होली विशेष ट्रेन 25 मार्च एवं 1 अप्रैल 2025 को रात 00:15 बजे कटिहार स्टेशन से प्रस्थान कर, अगले दिन मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए रात 01:30 बजे बीना, रात 02:38 बजे विदिशा, रात 03:50 बजे संत हिरदाराम नगर एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव के बाद अगले दिन शाम 18:40 बजे मुंबई सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी।

#### इन स्टेशनों पर ट्रेन का रहेगा हाल्ट

मुंबई सेंट्रल, बोरिवली, वापी, उधना जंक्शन, भरूच जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, उज्जैन जंक्शन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, ओरई, कानपुर सेंट्रल, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, बरौनी जंक्शन, बेगूसराय, खगड़िया जंक्शन, नौगछिया, कटिहार जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

## 'मैं' से 'हम' बनें तो संस्थान आगे बढ़ेंगेः डॉ. धीरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एनआईटीटीटीआर में 17 से 19 मार्च तक उच्च शिक्षा विभाग के प्रधानमंत्री उत्कृष्टता और स्वशासी महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए संस्थान के प्रशासन और प्रबंधन के लिए शैक्षणिक नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। बुधवार को समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल, ओएसडी, उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि जिस संस्थान में आप कार्य करते हैं, वह आपके लिए सर्वोपरि होना चाहिए। 'मैं' से 'हम' बने तो संस्थान आगे बढ़ेंगे। आप सभी कुशल प्रशासक के रूप में उदहारण प्रस्तुत करें। प्रो. संतोष भार्गव ने प्राचार्यों के प्रभावी नेतृत्व के गुणों को रेखांकित किया।



#### दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं

एनआईटीटीटीआर के निदेशक, प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। प्राचार्यों का कर्तव्य है कि वे अपने महाविद्यालयों में एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहां छात्र, शिक्षक और प्रशासन एक साथ मिलकर संस्थान के उद्देश्यों की ओर अग्रसर हो सकें।

रेल मंत्री वैष्णव ने दी कैबिनेट फैसलों की जानकारी

# रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए की बैठने की विशेष सुविधा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि भारतीय रेलवे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को लोअर बर्थ (निचली बर्थ) पर यात्रा की विशेष सुविधा दे रहा है। रेलवे ने इन यात्रियों की सुविधा के लिए कोटा तय किया है, जिससे उन्हें यात्रा में अधिक आराम मिले। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं और गर्भवती महिलाओं को



टिकट बुकिंग के समय, उपलब्धता के अनुसार, स्वचालित रूप से लोअर बर्थ दी जाती है, भले ही उन्होंने बुकिंग के दौरान इसका विकल्प न चुना हो। रेलवे ने सभी ट्रेनों में विशेष कोटा तय किया है।

### गोकुल मिशन के कार्यान्वयन को दी मंजूरी

मंत्रिमंडल ने पशुधन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) को मंजूरी दे दी है। संशोधित राष्ट्रीय गोकुल मिशन को 15वें वित्त आयोग (2021-22 से 2025-26) के दौरान 3400 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ मंजूरी दी गई है।

### डेयरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वीकृत

कैबिनेट ने संशोधित राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। इस कार्यक्रम के लिए केंद्र सरकार ने 1,000 करोड़ का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया है, जिससे इसकी कुल लागत बढ़कर 2,790 करोड़ हो गई है।

**महाराष्ट्र में 6 लेन हाईस्पीड हाईवे बनेगा**

कैबिनेट समिति ने महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पागोटे) से चौक तक एक छह-लेन हाई-स्पीड ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दी है। 29.219 किमी लंबी सड़क को बिल्ड,ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल के तहत बनाया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 4,500.62 करोड़ खर्च होंगे। **असम में नामरूप-4 उर्वरक संयंत्र की स्थापना होगी:** ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड , नामरूप असम के मौजूदा परिसर में 12.7 लाख मीट्रिक टन वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता का नया ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया कॉम्प्लेक्स स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# मुफ्त सुविधाओं पर हो चर्चा, एक राष्ट्रीय नीति बनाएं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मुफ्त की योजनाओं और सब्सिडी पर चर्चा की वकालत की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है, जिससे सरकार द्वारा किए जा रहे निवेश का सही तरीके से उपयोग हो सके। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बातचीत होनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि मुफ्त की योजनाओं को लेकर सदन में विचार विमर्श किया जाना चाहिए। देश तभी विकसित होता है, जब पूंजीगत व्यय उपलब्ध हो। देश में चुनावी प्रक्रिया ऐसी है कि ये चुनावी प्रलोभन बन गए हैं।

**उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सरकार और विपक्ष को दी सलाह**



### विधायकों के वेतन का भी उठाया मुद्दा

धनखड़ ने विधानसभा सदस्यों (एमएलए) और संसद सदस्यों (एमपी) के लिए पेंशन और भत्तों में असमानता के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान है, लेकिन इसमें एक समान व्यवस्था नहीं है। इसलिए कई राज्यों में विधायिकाएं संसद सदस्यों से कहीं ज़्यादा विधानसभा के सदस्यों को भत्ते और वेतन देती हैं और यहां तक कि विधानसभा के पूर्व सदस्यों के लिए पेंशन में भी 1 से 10 के पैमाने पर अंतर होता है। उन्होंने कहा कि ये ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर कानून बनाने से राजनेताओं, सरकार और कार्यपालिका को मदद मिलेगी।

**दल भी हो रहे असहज**

धनखड़ ने कहा कि राजनीतिक दल चुनावी दौर में वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने वाली सरकारें खुद को बहुत असहज महसूस करती हैं। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है, जिससे किसी भी रूप में सरकार के सभी निवेशों का उपयोग अच्छे के लिए संरचित तरीके से किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### चहल-धनश्री के तलाक पर आज आएगा फैसला

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा को



तलाक के समय 6महीने की कूलिंग पीरियड से छूट देने की याचिका को मंजूरी दे दी है। हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत को चहल-धनश्री की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने का निर्देश दिया है।

### केंद्र-किसानों के बीच अब 4 मई को होगी बैठक


**नई दिल्ली।** किसानों की केंद्र के साथ बैठक खत्म। तीसरी बार हुई यह बैठक भी बेनतीजा रही। इस



बैठक में भी किसानों की मांगों को लेकर कोई सहमती नहीं बन पाई है। अब चार मई को केंद्र और किसानों के साथ फिर बैठक होगी। केंद्र ने एक सेक्रेटरी लेवल के अधिकारी की नियुक्ति की है, जो एमएसपी पर किसानों से सुझाव लेगा।

### विज्ञान धारा योजना से 57,869 ने लिया लाभ

**नई दिल्ली।** देश के वैज्ञानिक अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी विकास क्षेत्र को बढ़ाने के लिए केंद्र



ने विज्ञान धारा योजना के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। 'विज्ञान धारा' के कार्यान्वयन के लिए परिव्यय 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए 10,579.84 करोड़ रुपए है। मार्च तक 57,869 लाभार्थियों ने लाभ उठाया है।

### सत्येंद्र पर 7 करोड़ की रिश्वत वाला केस दर्ज

**नई दिल्ली।** आप सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री रहे सत्येंद्र जैन की मुसीबतें लगातार बढ़ रही हैं। जैन



के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज हो गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में धांधली से जुड़े मामले में जैन पर 7 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप है।

## नागपुर हिंसा मामले में दर्ज एफआईआर में बड़ा खुलासा, सीएम बोले- पाताल से खोज निकालेंगे

सोमवार को ऐसा रहा मंजर, सिहर गया शहर

# दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की, पेट्रोल बम फेंके, पथराव व आगजनी की

### औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन में मचा भारी उत्पात

एजेंसी ⏭ नागपुर

यहां हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने कुछ महिला पुलिसकर्मियों के कपड़े फाड़ने की कोशिश की और पुलिसकर्मियों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। हिंसा में दर्ज 5 एफआईआर में यह खुलासा हुआ है। नागपुर में सोमवार को उस वक्त हिंसा भड़क गई थी, जब विश्व हिंदू परिषद ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अफवाह फैली कि प्रदर्शन के दौरान एक धार्मिक ग्रंथ को जलाया गया, जिससे हिंसा भड़क गई।

हिंसा सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे नागपुर के चिटनिस पार्क के महाल इलाके में शुरू हुई। पुलिस पर दंगाइयों की भीड़ ने पथराव कर दिया,पेट्रोल बम भी फेंके गए। दर्जनों वाहनों में आग दी। गणेशपेठ पुलिस स्टेशन में एफआईआर में कहा गया कुछ लोगों ने भलदारपुरा चौक पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया। अंधेरे का फायदा उठाकर भीड़ ने एक महिला पुलिसकर्मी को छून,वर्दी फाड़ने की कोशिश की। भीड़ ने अन्य महिला पुलिसकर्मियों को गालियां दीं और आपत्तिजनक टिप्पणियां की। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मियों को गलत इशारे भी किए। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उन्हें हम पाताल से खोज निकालेंगे।

**संवेदनशील इलाकों में 2000 सुरक्षाकर्मी तैनात, कर्फ्यू**

हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण लेकिन शांत बने हुए हैं। साथ ही शहर के संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू जारी है। संवेदनशील इलाकों में 2,000 से अधिक सशस्त्र पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसी तरह, त्वरित प्रतिक्रिया दल और दंगा नियंत्रण पुलिस को एक डीसीपी-रैंक अधिकारी के नेतृत्व में गश्त पर तैनात किया गया है। वर्तमान में कर्फ्यू कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांत नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थानों के तहत आने वाले इलाकों में लागू है।



**एक अफवाह ने भड़काई आग**

**कश्मीर पैटर्न पर की पत्थरबाजी**

महाराष्ट्र गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार दावा किया गया है कि नागपुर हिंसा के दौरान पत्थरबाजी कश्मीर पैटर्न पर हुई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। नागपुर के पुलिस कमिश्नर रविंद्र कुमार सिंघल ने बताया कि घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा क्यूआरटी और दंगा नियंत्रण पुलिस को भी तैनात किया गया है।

पुलिस को सफलता

### मास्टरमाइंड फहीम को धर-दबोचा

नागपुर हिंसा मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले का मास्टरमाइंड फहीम खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विश्व हिंदू परिषद के आंदोलन के बाद मुस्लिम संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। फहीम शमीम शेख सोमवार दोपहर को उस विरोध प्रदर्शन में शामिल था। फहीम माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का नागपुर जिला अध्यक्ष है। सोमवार दोपहर को विरोध प्रदर्शन करने के लिए फहीम के खिलाफ आरोप दर्ज किए गए। फहीम ने 50 से 60 लोगों की भीड़ इकट्ठा कर थाने में बयान दिया था। फहीम का नाम उन 51 लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### गडकरी के खिलाफ लड़ा था चुनाव

फहीम 2024 का विधानसभा चुनाव नागपुर से लड़ा चुका है। इस चुनाव में उसकी जमानत जब्त हो गई थी। फहीम ने 2024 लोकसभा चुनाव भी नागपुर से लड़ा था। वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरा था।

### फहीम ने किया था भीड़ का नेतृत्व



नागपुर में सोमवार को बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग फहीम खान के नेतृत्व में गणेश पेट पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा हुए थे। उसके बाद शहर में हिंसा भड़क उठी थी। नागपुर हिंसा के मामले में 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। कुल 1250 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है जिसमें से 100 से 200

**हिंसा मामले में 60 लोग गिरफ्तार**

### 27 आरोपी 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर

महाराष्ट्र में नागपुर में बीते सोमवार को औरंगजेब की कब्र विवाद को लेकर हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। अबतक 60 दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया है। 3 पुलिस स्टेशन में अभी तक 6 एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, सीसीटीवी के आधार पर 100 से 200 लोगों को चिन्हित किया गया है। नागपुर में दंगा करने वाले 27 लोगों को कल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को 21 मार्च तक पीसीआर में रिमांड पर भेज दिया है।


### कोर्ट में रात 2.30 बजे तक हुई सुनवाई

आरोपियों की तरफ से सीनियर एडवोकेट आसिफ कुरैशी ने जिरह की, देर रात 2.30 बजे तक यह



जिरह चलती रही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पुलिस पर हमला किया, जिन लोगों ने महिला पुलिसकर्मी के साथ छेड़खानी की और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया उन्हें सजा होनी चाहिए लेकिन बेगुनाहों को सजा नहीं होनी चाहिए। जिन लोगों ने डीसीपी अर्चित चांडक,डीसीपी निकेतन कदम पर हमला किया, सरकारी संपत्ति जलाई और महिला पुलिसकर्मी के साथ गलत व्यवहार किया, उन सभी लोगों को सजा होनी चाहिए।

### विहिप-बजरंग दल के 8 लोग अरेस्ट



नागपुर में प्रदर्शन के दौरान धार्मिक भावनाएं आहत करने में वीएचपी और बजरंग दल के 8 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। इन्होंने खुद ही पुलिस के सामने सरेंडर किया था, जिसके बाद अरेस्ट कर अदालत में पेश किया गया। इन लोगों के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी और तलाश की जा रही थी।इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने दूसरे मजहब से जुड़े लोगों की भावनाओं को आहत किया है।

केंद्र सरकार के साथ बैठक बेनतीजा

# डल्लेवाल और सरवण पंधेर समेत कई हिरासत में, खनौरी-शंभू में टेंट उखाड़ा

एजेंसी ⏭ लुधियाना

केंद्र सरकार और किसान संगठनों की बुधवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक बेनतीजा रही। एमएसपी की गारंटी की मांग पर सहमति नहीं बन पाई। बैठक खत्म होने के बाद खनौरी व शंभू बॉर्डर लौट रहे किसान नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर व अन्य किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने खनौरी व शंभू बॉर्डर पर किसानों का मंच व टेंट भी उखाड़ दिया है। इस दौरान किसानों व पुलिस के बीच हाथापाई भी हुई, जिमसें कुछ किसान नेताओं की पगड़ियां उतर गईं। सरकार ने बॉर्डर पर



भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद किसानों में काफी रोष है। सुखविंदर कौर भारतीय किसान यूनियन की जनरल सेक्रेटरी सुखविंदर कौर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं भाकियू एकता आजाद के दिलबाग सिंह हरिगढ़ और बीकेएमयू के दिलबाग सिंह गिल को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सुप्रीम कोर्ट के 6 जज जाएंगे मणिपुर

# रिलीफ कैंपों का लेंगे जायजा जरूरतों का करेंगे आंकलन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के 6 जज 22 मार्च को मणिपुर का दौरा करेंगे। मैतई और कुकी समाज के बीच बीते 2 सालों में हुई हिंसा में दोनों तरफ से सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। कई लोग ऐसे हैं जो राहत शिविरों में रह रहे हैं। इन रिलीफ कैंपों का भी जायजा लिया जाएगा और उनकी सहायता के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इन 6 जजों में न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन



और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह शामिल है। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य हिंसा पीड़ितों को कानूनी सहायता प्रदान करना और उनकी मानवीय आवश्यकताओं का आकलन करना है। इस दौरान वो आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) को आवश्यक राहत सामग्री भी वितरित करेंगे।

जेडीएस विधायक की सदन में अजीब मांग

# महिलाओं को कई सुविधाएं दी, पुरुषों को हर हफ्ते 2 बोतल फ्री शराब दी जाए

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

जनता दल (सेक्युलर) विधायक एमटी कृष्णप्पा ने कर्नाटक विधानसभा में अजीब मांग रख दी। जिसके बाद इस मामले की हर जगह चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को इतनी सारी मुफ्त चीजें दे रही है तो पुरुषों को भी हर सप्ताह 2 बोतल मुफ्त शराब दी जाए। उन्होंने ये बात बुधवार को सदन में चर्चा के दौरान कही।

### अध्यक्ष से की मांग

कृष्णप्पा ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, मुझे गलत मत समझिए, लेकिन जब आप 2000 रुपए मुफ्त देते हैं, जब आप



बिजली मुफ्त देते हैं तो यह हमारा पैसा है, है न? तो उनसे कहिए कि वे शराब पीने वालों को भी प्रति सप्ताह दो बोतल मुफ्त दें। हर महीने पैसे देना संभव नहीं है, है न? बस दो बोतल। यह हमारा पैसा है जो शक्ति योजना, मुफ्त बस और करंट के लिए दिया जा रहा है, है न? तो पुरुषों को हर सप्ताह दो बोतल देने में क्या बुराई है? इसे करवाइए। कोऑपरेटिव सोसाइटी के जरिए सरकार को ये करने दीजिए। मंत्री जॉर्ज को यह करने दीजिए।

एक प्रश्न के जवाब में बोले जितेंद्र सिंह, 2040 तक एक भारतीय मूल के व्यक्ति को चांद पर उतारने की है योजना

# लोकसभा में गूंजा सुनीता विलियम्स की सुरक्षित धरती पर हुई वापसी का मुद्दा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को एक अनोखा संयोग देखने को मिला। जिसमें एक ओर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सुरक्षित धरती पर वापसी का मामला उठा। तो दूसरी ओर प्रश्नकाल में पहला प्रश्न भी अंतरिक्ष (चंद्रयान-4 मिशन) से ही जुड़ा हुआ था और उसे शिवसेना (यूबीटी) के सांसद धैर्यशील.एस. माणे ने सरकार से पूछा। जिसके जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की योजना वर्ष 2029-30 तक अंतरिक्ष में अपना स्वयं का स्टेशन (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) स्थापित करने और 2040 तक एक भारतीय व्यक्ति को चांद पर उतारने की है। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष और प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने संदेशों के जरिए सुनीता विलियम्स को बधाई दी।



**बिरला ने दी सुनीता को बधाई :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुनीता और उनके क्रू 9 को एक अविश्वसनीय टीम बताकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विलियम्स ने अपनी भारतीय जड़ों और वैश्विक भावना के साथ अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों और अटूट दृढ़ संकल्प से पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। मिशन के दौरान सुनीता विलियम्स ने अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ दृढ़ता, टीमवर्क और साहस की शक्ति का प्रदर्शन किया है। उनका मिशन न केवल अंतरिक्ष अन्वेषण में एक मील का पत्थर है।

### *इससे लाखों लोगों को मिलेगी प्रेरणाः प्रधानमंत्री मोदी*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका स्वागत है क्रू 9! पृथ्वी को आपकी याद आती है। यह सुनीता की दृढ़ता, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। उन्होंने और उनकी पूरी टीम ने हमें दिखाया है कि दृढ़ता का असली मतलब क्या है? पीएम ने यह भी कहा कि विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा। अंतरिक्ष अन्वेषण का अर्थ है मानवीय क्षमता की सीमाओं को आगे बढ़ाना, सपने देखने का साहस करना और उन सपनों को हकीकत में बदलने का साहस रखना। सुनीता विलियम्स, एक अग्रणी और एक आइकन ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन सभी लोगों पर बहुत गर्व है, जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने दिखाया है कि जब सटीकता जुनून से मिलती है और तकनीक दृढ़ता से मिलती है तो क्या होता है?*

# राज्यसभा में विनोद, कटाक्ष,'सेंटा' बने गडकरी जिसने जो मांगा दिया, सभापति का गांव किठाना जुड़ेगा एनएच से

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लंबे समय के बाद राज्यसभा में पक्ष, विपक्ष के बीच स्वस्थ्य टीका टिप्पणी, हास्य विनोद देखने को मिला। सदन का माहौल हल्का रहा तो सभापति जगदीप धनखड़ ने भी अपनी मांग आसंदी से सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष रख दी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे झुंझुनू जिले के इस जिस किठाना गांव से पढ़े लिखे उसकी सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर देने से उसका चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि किठाना गांव के लोगों का ये हक है कि एक उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने का सौभाग्य मिले। मामला चूंकि सीधे सभापति की मांग से जुड़ा था। उनके गांव से जुड़ा था, लिहाजा, नितिन गडकरी ने बिना समय गंवाए उन्हें आश्वस्त किया कि सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर किठाना गांव को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। उसकी सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग में लिया जाएगा।



### *खरगे की चुटकी गडकरी का मनमोहक जवाब*

*इतना ही नहीं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने चुटकी लेते हुए गडकरी पर कटाक्ष किया कि काम आप कर रहे हो। अच्छा कर रहे हो। दिमाग तेज है। मगर, श्रेय प्रधानमंत्री को देते हो जब कि मुझे पता है कि हर काम पीएमओ से पूछ कर किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कर्नाटक की कुछ राष्ट्रीय राजमार्ग का मामला उठाया। उसी अंदाज में जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि किसी काम के लिए पीएमओ का कोई दखल नहीं। न ही फंड की कमी है। खरगे साहब मुझे बुला लें। मुझसे वे जो भी परियोजनाओं की मांग करेंगे मैं तत्काल अनुशंसित करूंगा। खरगे सहित विपक्ष को केंद्र के मंत्री से ऐसे जवाब की आशा नहीं थी, लिहाजा पक्ष और विपक्ष सभी ने मेजें थपथपा कर गडकरी का अभिवादन किया।*

### *विधायक, सांसदों के वेतन भत्ते हों एकसमान*

*हमारे संविधान में विधायिका, सांसदों, विधायकों के लिए प्रावधान किया गया था, लेकिन एक समान तंत्र नहीं था। इसलिए, आप देखेंगे कि कई राज्यों में विधानसभाएं सदस्यों को सांसदों की तुलना में अधिक भत्ते और वेतन देती हैं, और यहां तक कि पूर्व विधायकों की पेंशन में भी 1 से 10 तक का अंतर है। यदि एक राज्य में किसी को एक रुपया मिलता है, तो दूसरे राज्य में पेंशन 10 गुना हो सकती है। इसलिए, ये ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें कानून के माध्यम से हल किया जा सकता है और इससे राजनेताओं, सरकार, कार्यपालिका को लाभ होगा और यह उच्च गुणवत्ता वाले निवेश को भी सुनिश्चित करेगा। लाभान्वितों को सब्सिडी डायरेक्ट भेजी जाए यदि कृषि क्षेत्र जैसी आवश्यकताओं के लिए सब्सिडी की जरूरत है, तो इसे सीधे प्रदान किया जाना चाहिए।*

हलक में अटकी सांसें, चिंता में लोग डूबे

# 1900 डिग्री तापमान... 7 मिनट के लिए टूटा संपर्क, जब सुनीता सहित चार अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के दौरान मंडराया कल्पना चावला जैसा खतरा!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में बिताने के बाद सकुशल धरती पर लौट आए। जिसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, उपलब्धि के इन पलों के बीच एक समय ऐसा भी आया जब लोग चिंता में डूब गए। बुधवार तड़के स्पेसएक्स का ड्रैगन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्री निक हेग, बुच विल्मोर, सुनीता विलियम्स और रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव को धरती पर वापस लाने वाला ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तट पर उतरा। अंतरिक्ष से धरती तक का यह सफर 17 घंटे का था। लेकिन लैंडिंग की इस प्रक्रिया में सांसें थामने वाला 7 मिनट का एक पल भी था। जैसे ही स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो उसका तापमान 1900 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया। यह वह समय था जब सात मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट हो गया।

## साल 2003 में अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ हुआ था ऐसा हादसा

स्पेसक्राफ्ट का पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश बहुत ही निर्णायक

तापमान अधिक होने से स्पेसक्राफ्ट के क्रैश होने की आशंका बढ़ जाती



*हालांकि, यह सामान्य है लेकिन चुनौतीपूर्ण चरण होता है। इस दौरान नासा का स्पेसक्राफ्ट से संपर्क नहीं रहता। स्पेसएक्स के ड्रैगन के साथ भी ऐसा ही हुआ। सात मिनट बाद ही बुधवार तड़के लगभग 3:20 बजे स्पेसक्राफ्ट से संपर्क फिर से बहाल हुआ। एक फरवरी 2003 को नासा के अंतरिक्ष यान कोलंबिया के साथ इसी दौरान हादसा हुआ था, जब पृथ्वी के वायुमंडल में घुसते ही अंतरिक्षयान क्रैश हो गया था, जिसमें कल्पना चावला दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। ऐसे में यह समय किसी भी स्पेसक्राफ्ट के लिए बहुत सावधानी भरा होता है।*

**जानिए क्या है कम्युनिकेशन ब्लैकआउट?**
जब भी कोई स्पेसक्राफ्ट अंतरिक्ष से पृथ्वी के वायुमंडल से प्रवेश करता है तो उसकी रफ्तार लगभग 28000 किमी प्रति घंटे की होती है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है। इसी घर्षण की वजह से कैप्सूल का तापमान और बढ़ता है, जिससे स्पेसक्राफ्ट क्रैश हो जाता है। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट का मिशन कंट्रोल से सिग्नल टूट जाता है। इस बीच यान का किसी तरह से संपर्क नहीं रहता।

### सबसे लंबे समय तक स्पेसवॉक करने वाली महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं सुनीता, 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया

59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने 62 घंटे 9 मिनट तक स्पेसवॉक किया, जो किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री की तरफ से किया गया सबसे लंबा समय है। स्पेसवॉक का अर्थ है, आईएसएस के बाहर खुले अंतरिक्ष में बिताए गए घंटे। सुनीता ने ताजा मिशन में 16 और 30 जनवरी को दो महत्वपूर्ण स्पेसवॉक किए, जिनमें से एक 5 घंटे 26 मिनट और दूसरा 6 घंटे का था। मिशन के दौरान उन्हें आईएसएस का कमांडर भी बनाया गया, जो किसी भी अंतरिक्ष यात्री के लिए बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। सुनीता विलियम्स अब तक नौ बार स्पेसवॉक में हिस्सा ले चुकी हैं, जो कि पेगी व्हिट्सन के 10 स्पेसवॉक से कम है। हालांकि, अवधि में सुनीता का रिकॉर्ड पेगी से आगे है। नासा के अनुसार, सुनीता विलियम्स और उनकी टीम ने 150 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों पर 900 घंटे से अधिक शोध कार्य किया। इस दौरान उन्होंने आईएसएस पर बागवानी जैसे कार्यों में भी हिस्सा लिया।

### सर्वाधिक दिनों तक रहने वाली दूसरी अंतरिक्ष यात्री

सुनीता विलियम्स अब तक तीन बार अंतरिक्ष मिशन पर जा चुकी हैं। इनमें 2006, 2013 और 2024 के स्पेस मिशन शामिल हैं। जहां उन्होंने कुल मिलाकर 608 घंटे अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए हैं। नासा के किसी अंतरिक्ष यात्री के लिहाज से यह अंतरिक्ष में दूसरी सबसे ज्यादा अवधि है। अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों में उनसे आगे सिर्फ पेगी व्हिटमोर हैं, जिन्होंने आईएसएस पर 675 दिन बिताए हैं। एक बार में 286 दिन तक अंतरिक्ष में रहकर सुनीता नासा की रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति एर्दोगन का बड़ा प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार



**इस्तांबुल।** तुर्की पुलिस ने बुधवार को इस्तांबुल के मेयर और कई अन्य प्रमुख हस्तियों को कथित भ्रष्टाचार तथा आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस्तांबुल के मेयर विपक्ष के लोकप्रिय नेता हैं और राष्ट्रपति एर्दोगन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी हैं। यह तुर्की में विपक्ष की उठती आवाजों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई की बढ़ती घटनाओं का एक हिस्सा है। उन्हें आतंकी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है।

### मोदी की विदेश नीति की तारीफ पर कायम थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख की आलोचना करने वाले अपने पुराने नजरिए को गलत माना था। उनके अपनी गलती मानने पर कांग्रेस में ही सवाल उठने लगे थे, जिस पर उन्होंने सफाई दी है और कहा कि यह राजनीतिक मामला नहीं है। थरूर ने कहा कि मैं एक भारतीय के तौर पर अपनी राय रखी और वह इसमें कोई राजनीति नहीं देखते। रूस यूक्रेन युद्ध छिड़ने के बाद भारत के रुख का विरोध करना उनके लिए शर्मिंदगी भरी बात साबित हुआ है।

## मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे से पूर्वोत्तर क्षेत्र में एकजुटता और विकास को मिलेगा बढ़ावा

*भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की महत्वपूर्ण भूमिका*

*भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बना रहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर सीमावर्ती इलाकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित मेजर बॉब खाथिंग मेमोरियल कार्यक्रम में उन्होंने इस हाईवे को पूरे क्षेत्र और देश के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारत की विकास यात्रा में पूर्वोत्तर की भूमिका को स्वीकार किया और इस क्षेत्र के योगदान और इसकी प्रगति को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है। इनमें बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई गई सेला सुरंग शामिल है, जो असम के तेजपुर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग से जोड़ती है। इसके अलावा, अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे के खुलने से यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। लगभग 2,000 किलोमीटर लंबा यह राजमार्ग भारत के लिए एक रणनीतिक और आर्थिक परिसंपत्ति के रूप में काम करेगा। सरकार द्वारा शुरू की गई विकास परियोजनाओं का ही परिणाम है कि पूर्वोत्तर तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है।

### मेजर बॉब खाथिंग असाधरण व्यक्तित्व के धनी थे



*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सदैव राष्ट्र को सर्वोपरि रखने, एकजुट रहने, सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में निडरता से आगे बढ़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह मेजर बॉब खाथिंग के मूल सिद्धांत थे और वह एक असाधारण व्यक्तित्व थे जिन्होंने पूर्वोत्तर क्षेत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सुधारों से आज भी सरकार को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल और नागालैंड सशस्त्र पुलिस के गठन में अहम भूमिका निभाई, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापना हुई और जनता और सरकार के बीच दूरी कम हुई।*

### डिजिटल इंडिया से सरकारी सेवाएं लोगों के लिए सुलभ हुई

रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विदेश नीति और प्रशासन में भी मेजर खाथिंग के सिद्धांतों को अपना रही है। उन्होंने बताया कि भारत अब सख्त और नरम शक्ति का संतुलन बनाकर अपनी वैश्विक स्थिति मजबूत कर रहा है। प्रशासनिक सुधारों का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' और 'गुड गवर्नेंस' जैसी पहल से प्रशासन अब जनता के करीब आ गया है। उन्होंने डिजिटल इंडिया और जैम ट्रिनिटी (जन धन-आधार-मोबाइल) का भी उल्लेख किया, जिससे सरकारी सेवाएं अब लोगों के लिए अधिक सुलभ और सरल हो गई हैं।

#### शांतिपूर्ण ढंग से अनुच्छेद 370 हटाया

*रक्षा मंत्री ने कहा कि मेजर बॉब खाथिंग ने एक भी गोली चलाए बिना तवांग को भारत में कुशलतापूर्वक शामिल किया और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ऐसे क्रांतिकारियों के सिद्धांतों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने एक भी गोली चलाए बिना सबसे बड़ी बाधा- अनुच्छेद 370- को हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में पूर्ण विलय किया। यह कार्य सभी हितधारकों को ध्यान में रखते हुए पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से किया गया।*

## रायसीना संवाद में बोले एस. जयशंकर

# 'टैरिफ व प्रतिबंध' अब अपने हितों की रक्षा के शक्तिशाली उपकरण बने



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ते टैरिफ और प्रतिबंधों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि अब ये केवल आर्थिक उपाय नहीं रहे, बल्कि देशों के लिए अपने हितों की रक्षा करने के शक्तिशाली उपकरण बन चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक दशक में वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसी कई आर्थिक गतिविधियों का तेजी से एक हथियार के रूप में इस्तेमाल होने लगा है। ऐसे में, दुनिया एक नए आर्थिक समीकरण की ओर बढ़ रही है, जहां नीतियां और प्रतिबंध एक नए दौर की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन गए हैं। जयशंकर ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना संवाद के दौरान पैनल चर्चा 'कमिसार और पूंजीपतिः राजनीति, व्यापार और नई विश्व व्यवस्था के दौरान यह टिप्पणी की।

### क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं

जयशंकर ने कहा कि यह दुनिया की सच्चाई है। आप अपने कारोबार के लिए लड़ते हैं, क्योंकि आप अपने रोजगार के लिए लड़ रहे हैं, आप अपनी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति के लिए लड़ रहे हैं, जिसमें कारोबार का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। दुनिया भर में विकसित हो रहे वैश्विक स्तर पर अलग-अलग देशों के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि आज, विभिन्न क्षेत्रों को विभाजित करने वाली रेखाएं मिट गई हैं। यदि आप अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देखें, तो मुझे लगता है कि आज की संस्कृति एक दशक पहले की तुलना में कम संयमित है। इससे पहले 13 मार्च को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने विभिन्न देशों की ओर से अमेरिका पर लगाए गए टैरिफ पर दुख जताते हुए भारत की ओर से अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का जिक्र किया था।

### डिजिटल युग में राष्ट्रीय सुरक्षा जरुरी

विदेश मंत्री ने डिजिटल व्यापार पर भी अपना तर्क देते हुए कहा कि डिजिटल युग में मुझे लगता है कि सिर्फ लागत के बारे में नहीं है बल्कि सुविधा के बारे में बात होनी चाहिए क्योंकि यह भरोसे के बारे में है। यदि आप आज रणनीतिक स्तर पर गंभीर व्यापारिक बातचीत को देख रहे हैं, तो आप लचीलापन, विश्वसनीयता और पारदर्शिता को ध्यान में रखेंगे। इसलिए आप उन लोगों के साथ अधिक से अधिक व्यापार करना चाहते हैं जिनके साथ आप सुरक्षित हैं। जयशंकर ने कहा कि हर भागीदार कुछ जोखिम पेश करता है, लेकिन आप उन लोगों के साथ जोखिम लेना पसंद करेंगे जहाँ आपके हित विरोधाभासी नहीं हैं।

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शून्यकाल में उठाया मुद्दा

# लोकसभा में उठी कर्नाटक में सरकारी ठेकों से जुड़े मुस्लिम आरक्षण को रद्द करने की मांग

संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बोले सदन की भावना को विभागीय मंत्री तक पहुंचाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा में कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को दिए जा रहे 4 फीसदी आरक्षण को रद्द करने की मांग जोरदार अंदाज में सुनाई दी। शून्यकाल में सत्ता पक्ष की तरफ से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मामले को उठाते हुए केंद्र सरकार से मांग की कि इस पर एक कानून बनाकर आरक्षण की 4 फीसदी व्यवस्था को रद्द किया जाना चाहिए। इसका सत्ता पक्ष के कई अन्य सांसदों ने भी समर्थन किया। जबकि विपक्षी सांसद इसके विरोध में खड़े नजर आए और उनकी दुबे के साथ कुछ देर तक सदन में तीखी नोकझोंक भी हुई। इनके बीच केंद्रीय संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वह सदन की भावना को संबंधित विभाग के मंत्री तक पहुंचाएंगे।

### संविधान में नहीं धार्मिक भेदभाव

*निशिकांत दुबे ने कहा कि कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। यह उन्हें पिछले दरवाजे से आरक्षण का लाभ देने जैसा है। कांग्रेस और उसकी गठबंधन सरकारों में यही किया जाता है। जबकि हमारे देश के संविधान में मौजूद धारा- 14, 15, 16,17 और 28 धार्मिक आधार पर किसी प्रकार का कोई भेदभाव न करने की व्यवस्था पर आधारित हैं। इसलिए 4 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था के मामले पर कानून बनाकर तत्काल आधार पर उस पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि दलितों का आरक्षण लेकर उसे मुसलमानों को दिया जा रहा है। दुबे ने 1919 के खिलाफत आंदोलन और 1921 के असहयोग आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके बाद ही कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के साथ समझौता किया और मुसलमानों के वोटर आईडी कार्ड बनाए। बाद में विभाजन के साथ पाकिस्तान बना। अब ये लोग जातिगत जनगणना और मुस्लिम आरक्षण के नाम पर पिछले दरवाजे से मुसलमानों को आरक्षण देने जा रहे हैं।*

## विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

# गाजा के हालात पर भारत ने जताई चिंता कहा- सभी बंधकों की रिहाई होनी चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने बुधवार को गाजा में बढ़ते संघर्ष और मानवीय त्रासदी के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की आपूर्ति जारी रखने का भी आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

वहीं, भारत शुरुआत से ही इस मामले में दो राज्यों पर आधारित समाधान के पक्ष में रहा है। गौरतलब है कि गाजा के मामले पर भारत का यह बयान एक ऐसे समय में सामने आया है। जब इजराइल ने बीते मंगलवार को गाजा में भीषण हवाई हमले किए थे। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से इजराइल द्वारा किए गए हालिया हमलों में 400 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। उसका यह कार्रवाई इस साल 19 जनवरी से लागू हुए संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन करते हुए की गई है। खुद इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि उन्होंने इन हमलों की अनुमति दी थी। क्योंकि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार को सुरक्षित करने के प्रस्तावों को मानने से इंकार कर दिया था। संघर्ष विराम समझौता तीन चरणों पर आधारित है। करीब छह सप्ताह पहले दोनों पक्षों के बीच इसके दूसरे चरण पर बातचीत शुरू हुई थी। लेकिन इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

## तटीय इलाकों में पहुंचा फ्लेमिंगो का झुंड



**चेन्नई।** तमिलनाडु के थूथुकुडी (तूतीकोरिन) के तटीय इलाकों में फ्लेमिंगो का एक बड़ा झुंड पहुंचा है। अपने आकर्षक गुलाबी पंखों के लिए जाने जाने वाले ये पक्षी इस क्षेत्र के समृद्ध संसाधनों का लाभ उठाते हुए प्रजनन और भोजन के लिए यहां आए हैं। दरअसल, फ्लेमिंगो का यह झुंड खारे पानी के निकायों और नमक के मैदानों से आकर्षित हुआ है, जो इन प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करते हैं। अक्टूबर से मार्च तक, तटीय शहर के नमक के मैदान फ्लेमिंगो के लिए आदर्श भोजन स्थल बन जाते हैं। अफ्रीका, दक्षिणी एशिया, मध्य पूर्व और दक्षिणी यूरोप के विभिन्न हिस्सों से बड़े फ्लेमिंगो थूथुकुडी में प्रवास करते हैं। केकड़े, झींगा, कीड़े, कीड़े और कंद जैसे खाद्य स्रोतों की उपलब्धता के कारण फ्लेमिंगो इस क्षेत्र की ओर आकर्षित होते हैं। तूतीकोरिन बीच रोड के पास अलायथी वन इन पक्षियों के लिए एक प्रसिद्ध घोंसला बनाने की जगह है।

## फर्जी पासपोर्ट रैकेट उजागर

# 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि इनमें से कुछ वे 'आर्थिक शरणार्थी' हैं जो आजीविका कमाने के लिए रास्ते तलाश रहे हैं और दूसरे वे जो बांग्लादेश से संचालित होने वाले भूमिगत आतंकी समूहों से है और वे स्लीपर सेल स्थापित करने सहित अन्य नापाक इरादों से भारत में घुसे होंगे।




## गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स ने भारत के प्रयासों को सराहा कहा

# ग्लोबल हेल्थ और विकास में डिजिटल समाधान तैयार कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मद्देनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए।

*स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन में भारत की अहम भूमिका*

*भारत एआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी से आगे बढ़ रहा*

### भारत इनोवेटिव सॉल्यूशन बढ़ाने पर दे रहा जोर



गेट्स ने कहा कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

### भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर दुनिया के लिए एक मॉडल

गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की।

**गेट्स के नेतृत्व की सराहना की**
अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वालिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं।

# आईपीएल-18 : कप्तान बदला... खिलाड़ी बदले... अब लखनऊ-बेंगलुरु दिल्ली और पंजाब को पहले खिताब की आस, छह टीमें बन चुकीं चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईपीएल-18 में खेल रही 10 में से छह टीमें ऐसी हैं, जिन्हें इस ट्रॉफी को जीतने का गौरव हासिल हो चुका है, लेकिन चार टीमें ऐसी हैं, जिन्हें अब तक खिताबी जीत नसीब नहीं हुई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने अब तक आईपीएल नहीं जीता है। ये चारों टीमें इस बार नए भरोसे और नए कप्तान के दम पर पहली खिताबी जीत पर दांव लगाने उतर रही हैं। चारों टीमों ने सिर्फ अपने कप्तान ही नहीं बदले हैं बल्कि टीम और कोचिंग स्टाफ में भी बड़ा बदलाव किया है। यह देखना होगा कि इन चारों टीमों का हर क्षेत्र में किया गया बदलाव रंग लाएगा या नहीं। इन चार में से तीन टीमें ऐसी हैं जो आईपीएल के फाइनल में पहुंचकर खिताब से दूर रह गईं। इनमें आरसीबी तीन बार और दिल्ली-पंजाब की टीमें एक-एक बार फाइनल में पहुंची है। लखनऊ को फाइनल में भी प्रवेश नसीब नहीं हुआ है।



## बेंगलुरु को 'रजत से गोल्ड' का भरोसा

आरसीबी ने रजत पाटीदार के रूप में नया कप्तान चुना है। उन्होंने मेंटर के रूप में दिनेश कार्तिक को अपने साथ जोड़ा है, जबकि गेंदबाजी कोच की भूमिका ओमकार साल्वी निभाएंगे। कोचिंग की जिम्मेदारी एंडी फ्लावर के ही जिम्मे है। आरसीबी ने इस बार अपने तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड को जोड़ा है। दोनों पर उन्होंने 23.25 करोड़ की राशि खर्च की है। फिर विराट कोहली अपने कॅरिअर के अंतिम दौर में आरसीबी को पहला खिताब दिलाने में इस बार कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## लखनऊ को पंत-जहीर का साथ

लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत को टीम का नया कप्तान बनाया है। उन्होंने केएल राहुल की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंत लखनऊ के साथ पहले सत्र में शुरुआत में दबाव में होंगे। उनकी तेज गेंदबाजों की तिकड़ी मयंक यादव, आवेश खान और मोहसिन खान की फिटनेस संदेह के घेरे में है। इसके बाद उनके बेड़े में मुख्य गेंदबाज आकाशदीप, शामार जोसेफ और रवि बिश्नोई ही बचते हैं। हालांकि लखनऊ के पास मेंटर के रूप में दिग्गज जहीर खान हैं। जस्टिन लेंगर हेड कोच की भूमिका में बरकरार रखे गए हैं।




## अक्षर बदलेंगे दिल्ली की किस्मत

दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल के रूप में ऐसे ऑलराउंडर को कप्तानी की जिम्मेदारी दी, जिसकी लोगों को कम उम्मीद थी। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को उन्होंने नया हेड कोच नियुक्त किया है। वहीं, इंग्लैंड के दिग्गज केविन पीटरसन को



उन्होंने मेंटर की जिम्मेदारी है। मैथ्यू मॉट्स सहायक कोच होंगे और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच होंगे। यही नहीं अनुभवी फॉफ डुप्लेसिस उनके उपकप्तान होंगे।

## पंजाब ने अय्यर को दिया श्रेय

पंजाब किंग्स ने केकेआर को बीते वर्ष विजेता बनाने वाले श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी है। यही नहीं उन्होंने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करते हुए दिल्ली और मुंबई के पूर्व कोच रिकी पोंटिंग को हेड कोच बनाया है। देखना होगा कि



श्रेयस और पोंटिंग की जोड़ी पंजाब की किस्मत बदल पाती है या नहीं है। पंजाब ऐसी टीम है, जिसने प्रभसिमरन और शशांक को रिटेन रखते हुए बाकी पूरी टीम बदल डाली। उन्होंने अर्शदीप सिंह को 18 करोड़ में राइट टू मैच कार्ड का उपयोग कर बरकरार रखा। लेग स्पिनर के रूप में उन्होंने युजवेंद्र चहल की सेवाएं ली हैं।

## सलमान, कैटरीना और माधुरी आईपीएल में मचाएंगे धमाल, इस बार 13 शहरों में होगी ओपनिंग सेरेमनी!

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का आगाज 22 मार्च को कोलकाता में होगा. जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा. पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। इससे पहले ओपनिंग सेरेमनी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इस बार टूर्नामेंट में सभी 13 वेन्यू पर 13 ओपनिंग सेरेमनी कराई जा सकती हैं। इस दौरान सलमान खान, वरुण धवन, कैटरीना कैफ, तृप्ति डिमरी, अनन्या पांडे, माधुरी दीक्षित, जान्हवी कपूर, अरिजीत सिंह और श्रद्धा कपूर जैसे बड़े स्टार धूम मचा सकते हैं। दिशा पटानी का नाम तय हो गया है।

### 8 शहरों में हुई थी ओपनिंग सेरेमनी

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना है। ऐसे में यहां ओपनिंग सेरेमनी में श्रेया घोषाल, करन औजला और दिशा पाटनी के आने की भी खबर है। बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब एक से ज्यादा आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी होने जा रही हैं। इससे पहले 2017 सीजन में सभी 8 शहरों में यह सेरेमनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई टूर्नामेंट को एक नया टच देना चाहती है। इससे सभी शहरों में मौजूद लोग ओपनिंग सेरेमनी का आनंद ले पाएंगे। हर एक वेन्यू के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय कलाकारों को प्रदर्शनी का मौका दिया जाएगा।

## ऑलराउंडर ही 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में खेलेगा मैच : पंड्या

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं।



## सूर्यकुमार पहले मैच में करेंगे कप्तानी, हार्दिक पर लगा बैन

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में टीम के धीमी ओवर गति उल्लघंन के लिए एक मैच के लिए निलंबित हैं। इससे वह मौजूदा चरण का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे जिससे इस मुकाबले में कप्तानी की जिम्मेदारी सूर्यकुमार यादव उठाएंगे। मुंबई इंडियंस रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। सूर्यकुमार राष्ट्रीय टी20 टीम के कप्तान हैं और उन्होंने टीम को घरेलू मैदान पर हाल में इंग्लैंड पर 4-1 से जीत दिलाई। पंड्या ने यहां मुंबई इंडियंस के सत्र पूर्व आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, 'सूर्यकुमार भारतीय टीम की कप्तानी भी करते हैं। जब मैं नहीं होता हूं तो वह आदर्श विकल्प होते हैं।' मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा कि बीसीसीआई ने पिछले सत्र में उनकी टीम के तीन बार 'धीमी ओवरगति' उल्लंघन के कारण पंड्या पर लगे एक मैच के प्रतिबंध के बारे में टीम को बता दिया है।



## खबर संक्षेप



### स्कूलों में डोपिंग शिक्षा शामिल करने की अपील

**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने स्कूलों में डोपिंग शिक्षा शामिल करने और ग्रामीण इलाकों में जागरुकता अभियान शुरू करने की अपील की ताकि इस खतरे से निपटा जा सके। एनडीटीएल की सालाना कांफ्रेंस में 'डोपिंग निरोधक विज्ञान : पहल और चुनौतियां' विषय पर मांडविया ने दोहराया कि सरकार खेलों में निष्पक्ष और स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी द्वारा आयोजित सम्मेलन में वैज्ञानिकों, कोचों, शारीरिक शिक्षा पेशेवरों, खेल महासंघों और छात्रों के बीच डोपिंग निरोधक विज्ञान में नई प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी।

### फिर देखने को मिलेगी फिनिसर धोनी की चमक

**बेंगलुरु।** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि आईपीएल के आगामी सत्र में क्रिकेटप्रेमियों को महेंद्र सिंह धोनी के हुनर की झलक देखने को मिलेगी। 43 वर्ष के धोनी ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के अभ्यास सत्र में उम्दा बल्लेबाजी करके अपनी तैयारी की झलक दी। उन्होंने तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना के यॉर्कर पर उनके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। उथप्पा ने कहा, 'जहां तक माही का सवाल है तो मुझे लगता है कि हमें उसकी जबर्दस्त प्रतिभा की झलक देखने को मिलेगी क्योंकि वह सातवें या आठवें नंबर पर उतर सकते हैं। पिछली बार भी हमने देखा कि उन्होंने इसी क्रम पर उतरकर 12 से 20 गेंदें खेली।'



### हम अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं : नारायण

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने बुधवार को कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लौटे वरुण चक्रवर्ती आईपीएल में टीम के स्पिन आक्रमण का अहम हिस्सा होंगे। वेस्टइंडीज के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला नारायण का केकेआर के साथ यह 14वां सत्र है। उन्होंने 'परीमैच' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'इतने सालों में हमने साबित कर दिया है कि हम मिलकर अच्छी गेंदबाजी करते हैं।

# नोवाक जोकोविच के संघ ने टेनिस आयोजकों पर किया मुकदमा

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

पेशेवर टेनिस के प्रभारी समूहों को /"कार्टेल/" कहते हुए, नोवाक जोकोविच द्वारा सह-स्थापित खिलाड़ियों के संघ ने न्यूयॉर्क में संघीय अदालत में महिला और पुरुष टूर्स, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ और खेल की अखंडता एजेंसी के खिलाफ एक अविश्वास मुकदमा दायर किया।

पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों के संघ ने इसमे कहा कि खेल का संचालन करने वाले संघठनों ने खिलाड़ियों के भुगतान और खेलने के हालात पर पूरा नियंत्रण कर लिया है। इसमें यह भी कहा गया कि उनकी



व्यवस्था "राज्य और संघीय कानून का सरासर उल्लंघन" है जो "पेशेवर टेनिस की सामान्य बाजार की ताकतों से रक्षा करती है और पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों और अन्य उद्योग प्रतिभागियों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के उनके अधिकार से वंचित करती है।

उन्होंने मामले की जूरी द्वारा सुनवाई की मांग की और कहा कि खिलाड़ियों की कमाई बढ़नी चाहिए क्योंकि चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों (विम्बलडन, अमेरिकी ओपन, फ्रेंच ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन) और अन्य पेशेवर टूर्नामेंटों का संचालन करने वाली ईकाइयों ने पुरस्कार राशि की सीमा तय कर रखी है और कोर्ट से इतर भी खिलाड़ियों की कमाने की क्षमता पर उनका नियंत्रण है।

## प्रथम ध्रुव नारायण सिंह वन-डे अंडर 15 'दरबार ट्रॉफी' क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**भोपाल।** सुनील श्रवण क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में प्रथम ध्रुव नारायण सिंह 'दरबार ट्रॉफी' अंडर-15 वन डे किर्केट टूर्नामेंट का आयोजन एमवीएम ग्राउंड पर 20 मार्च से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप ए मे रेल्वे यूथ, अंकुर, अरेरा और अकीरा क्रिकेट अकादमी की टीम हैं, जबकि ग्रुप बी मे रेल्वे गर्वित, मयंक, एनसीसीसी और पीपीसीए सीहोर की टीम हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता मे सभी मैच 50-50 ओवर के रेड लैदर बाल से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट आधार पर खेली जाएगी। कम उम्र के होनहार और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने और उनकी हौसलाअफजाई और प्रोत्साहन के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हे। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन पूर्व विधायक मध्य विधानसभा क्षेत्र और बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह करेंगे।

विदेशी दौरे पर परिवार

## कोहली की निराशा के बाद भी नियम में नहीं होगा बदलाव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की 1-3 से करारी शिकस्त के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने के लिए नए नियम बनाए थे। इन नीतियों पर हाल ही में दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी राय रखी थी। उन्होंने कहा था कि जब खिलाड़ी दौरे के दौरान खराब दौर से गुजर रहा होता है तो उस वक्त परिवार के सदस्य की भूमिका अहम हो जाती है।

अब इस मुद्दे पर बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया का बयान आया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के साथ यात्रा करने को लेकर बनाए गए नियम में कोई बदलाव नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत को मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने नए नीतियां बनाई थी। इसके तहत 45 दिन के दौरे के दौरान खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य अधिकतम दो सप्ताह तक ही साथ रह सकते हैं। इससे कम अवधि के दौरे पर खिलाड़ी अधिकतम एक सप्ताह तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं। बीसीसीआई के इस नियम पर बात करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी के कार्यक्रम के दौरान कहा था कि, लोगों को यह समझाना बहुत कठिन है कि जब भी बाहर हो और आपके साथ कुछ अच्छा नहीं हो रहा है तो उस वक्त परिवार का साथ रहना कितना जरूरी है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इस बात की समझ है कि यह किस हद तक प्रभाव डालता है।

### 'नहीं बदलेगी नीति' : बीसीसीआई

कोहली के इस बयान पर बात करते हुए बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने क्रिकबज से कहा, इस समय मौजूदा नीति बरकरार रहेगी। क्योंकि यह राष्ट्र और हमारी संस्था बीसीसीआई दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीसीसीआई मानता है कि कुछ असंतोष या अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोचों, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है - और इसे सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है।

आईपीएल इतिहास के 5 बड़े विवाद

## हरभजन-श्रीसंत से कोहली-गंभीर के बीच नोकझोंक ने खींचा ध्यान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग का आगाज 22 मार्च से हो रहा है। आईपीएल के इस 18वें सीजन का फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। इस सीजन में 10 टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। कह सकते हैं कि आईपीएल का इतिहास जितना रोचक रहा, उतना ही विवादों से भरा भी रहा है। पहले से 17वें सीजन तक कई बड़े विवाद जुड़ते रहे हैं। आइए जानते हैं इनमें से खास और 5 बड़े विवाद...



### फाउंडर मोदी को ही निकाला

इस ग्रैंड और बड़े टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत ललित मोदी ने की थी। उन्होंने इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। मगर शुरुआती तीन सीजन के बाद ही ललित मोदी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। दरअसल, ललित मोदी पर आईपीएल के आर्थिक मामले में झोलझाल करने का आरोप लगा था।

### भज्जी ने श्रीसंत को जड़ा थप्पड़

आईपीएल 2013 सीजन रोमांचक मुकाबलों के साथ-साथ हरभजन सिंह और एस श्रीसंत के विवाद के कारण भी सुर्खियों में रहा। इस सीजन की शुरुआत के 12वें दिन मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच मैच हुआ था। मैच में मुंबई को हार मिली थी।

### जडेजा पर लगा एक साल का बैन

आईपीएल में खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी लुभावने ऑफर देती रहती हैं। इस जाल में कई खिलाड़ी फंसते हैं, तो कई ईमानदार बने रहते हैं। ऐसे ही एक मामले में स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फंसे थे। तब वो राजस्थान रॉयल्स से खेलते थे।

### फिक्सिंग में दोषी 3 खिलाड़ी

2013 आईपीएल सीजन स्पॉट फिक्सिंग और सट्टेबाजी कांड को लेकर काफी चर्चित रहा है। तब फिक्सिंग मामले में राजस्थान रॉयल्स के तीन खिलाड़ी एस श्रीसंत, अंकित चव्हाण और अजित चंदीला का नाम सामने आया था। इन सभी पर केस चला और दोषी भी पाए गए। इसके बाद बीसीसीआई ने इन खिलाड़ियों को आईपीएल से आजीवन बैन कर दिया।

### मैच में भिड़े कोहली-गंभीर

दिग्गज क्रिकेटर गौतम गंभीर और विराट कोहली भी विवादों से दूर नहीं रह पाए। एक सीजन तो ऐसा रहा, जब एक मैच के दौरान यह दोनों आपस में भिड़ गए। इनके बीच जमकर नोकझोंक देखने को मिली। यह विवाद भी काफी चर्चाओं में रहा था। 2023 सीजन में खेले गए एक मैच में बेंगलुरु ने लखनऊ को 18 रनों से हराया था। इस मैच के बाद हाथ मिलाने के दौरान ही विराट कोहली और लखनऊ टीम के गेंदबाज नवीन उल हक दोबारा भिड़े। इसी दौरान कोहली की गंभीर से भी तीखी बहस हुई। खिलाड़ियों ने बीचबचाव किया था।

# लवलीना को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे कलिता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे हैं। हालांकि कलिता ने इन आरोपों से इनकार किया।

सिंह ने यहां एक आपात प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि टोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ग्रेटर नोएडा में गुरुवार से शुरू हो रही घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेना



भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने लगाया आरोप

चाहती हैं लेकिन कलिता ने उन्हें टूर्नामेंट से हटने के लिए कहा है जो असम मुक्केबाजी संघ में सचिव के पद पर काबिज हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन द्वारा की गई जांच में कलिता वित्तीय कुप्रबंधन के दोषी पाए गए हैं। सिंह ने कहा, 'असम मुक्केबाजों को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है। लवलीना ने प्रतियोगिता के समर्थन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है। लेकिन अधिकारियों को फोन आया है कि हेमंत कलिता ने उन्हें भाग नहीं लेने के लिए कहा है। असम मुक्केबाजी में लवलीना का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए वह अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार कर रही हैं।'

पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर

# अभिषेक-वरुण टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बरकरार

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमशः बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा।

हार्दिक पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया



के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं।

### चक्रवर्ती सिर्फ एंक पीछे

गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि टीम ने जनवरी-फरवरी में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद से इस प्रारूप का कोई मैच नहीं खेला है।

एम्स में हुआ प्रदेश में सरकारी क्षेत्र का पहला ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन

# पैर की नसों के रास्ते किया आर्टिफिशियल हार्ट वॉल्व का प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पैर की नसों के रास्ते आर्टिफिशियल हृदय वाल्व प्रत्यारोपण किया गया है। इस विधि को मेडिकल भाषा में ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन (टीएवीआई) के रूप में जाना जाता है। एम्स में सिर्फ 30 मिनट में 70 वर्षीय मरीज में यह प्रोसीजर हुआ, जो मध्य प्रदेश में सरकारी क्षेत्र का पहला है। अब तक 4 घंटे लंबी चलने वाली जटिल ओपन हार्ट सर्जरी होती थीं। जिसमें पूरी छाती को चीर कर खराब हो चुके हृदय वॉल्व को बदला जाता है। नई विधि से यह प्रक्रिया पैर की नसों के रास्ते एक कैमरा युक्त ट्यूब डाल कर की गई। मरीज के एओर्टिक वाल्व अत्यधिक सिकुड़ गए थे, जिससे शरीर के अंगों तक रक्त प्रवाह बाधित हो रहा था।



## एओर्टिक वाल्व सिकुड़ने से अंगों तक बाधित हो रहा रक्त का प्रवाह

बुजुर्ग मरीज बीते 8 महीनों से गंभीर सांस फूलने की समस्या से ग्रसित था। जांच में पाया गया कि उनकी एओर्टिक वॉल्व अत्यधिक सिकुड़ चुका था, जिससे शरीर के अंगों तक रक्त प्रवाह सही से नहीं हो रहा था। जिसके कारण शारीरिक दुर्बलता और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव लंग डिजीज की स्थिति बन गई। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी से मरीज की मौत का खतरा था। ऐसे में स्पेशलाइज्ड हार्ट टीम ने टीएवीआई प्रक्रिया को सबसे उपयुक्त उपचार के रूप में चुना।

### इन्होंने की सर्जरी

यह प्रक्रिया कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह, डॉ. सुदेश प्रजापति और डॉ. आशीष जैन के साथ कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉ. योगेश निवारिया और डॉ. विक्रम वट्टी द्वारा की गई। जिसमें एनेस्थीसिया टीम से डॉ. वैशाली वेंडेसकर, डॉ. हरीश कुमार और डॉ. एसआरएएन भूषणम शामिल रहे।

### नई विधि से यह लाभ

- चीरा नहीं लगाना पड़ता है।
- सामान्य एनेस्थीसिया देने या वेंटिलेटर का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है।
- मरीज की जल्दी रिकवरी संभव हो पाती है।

### यह ओपन हार्ट सर्जरी का विकल्प

टीएवीआई एक न्यूनतम इनवेसिव हृदय वाल्व प्रतिस्थापन तकनीक है, जो उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी का विकल्प है। हमारा उद्देश्य उन्नत तकनीकों को अपनाकर सभी के लिए किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

**डॉ. अजय सिंह**
निदेशक, एम्स भोपाल

## खबर संक्षेप



### सुनीता की वापसी पर सेवा संकल्प युवा संगठन ने मनाया जश्न

**भोपाल।** सेवा संकल्प युवा संगठन द्वारा भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष से वापसी पर भवानी चौक सोमवारे पर जश्न मनाया गया, संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि 9 महीने अंतरिक्ष में फंसे होने और कठिन समय बिताने के बाद वापसी हुई है। युवाओं ने विलियम्स के कई पोस्टर, तिरंगा झण्डा लहराया और भारत माता के जयकारे लगाए। साथ ही सुनीता विलयम्स के पोस्टर पर गुलाल लगाया, सभी ने सुरक्षित वापसी पर एक दूसरे को शुभकामनाएं देकर मां भवानी प्रांगण में जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। सुनीता इससे पहले भी अंतरिक्ष में गीता और श्रीगणेश जी को लेकर जा चुकी हैं। साथ ही तिरंगा झंडा फहरा चुकी हैं, कार्यक्रम में संगठन के यश जैन, निहाल साहू, गौरव बंसल, सुबोध जैन, विवेक श्रीवास्तव, सुमित आदि लोग मौजूद थे।

### एमवीएम के पूर्व छात्रों का होली मिलन समारोह 23 मार्च को

**भोपाल।** राजधानी के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) द्वारा रविवार 23 मार्च को एमवीएम के सभागार में पूर्व छात्रों का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। होली मिलन में चार क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राएं जुटेंगे। कार्यक्रम की भव्यता और शोभा इसलिए भी बनती है कि 1965 से लेकर 2020 तक के पूर्व छात्र-छात्राएं इसमें बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। कुछ छात्र भोपाल के बाहर से भी आते हैं और अपनी यादों को ताजा करते हैं। एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष सतीश रायजादा और आयोजन समिति के संयोजक डॉ. संतोष कटियार ने बताया कि पूर्व विद्यार्थियों के इस होली मिलन में सभी पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है। जहां उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन भी कराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-जोर से जारी है। आयोजन सुबह 10 बजे से मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में होगा, जो शाम तक चलेगा।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित आदिवासी मोहल्ला खजूरी गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह सीहोर से अपने मामा के घर खजूरी गांव आया था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। तीन चार बार परीक्षा भी दी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इससे वह तनाव में रहने लगा था। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार ने बताया कि मनीष चौधरी पिता मोहन चौधरी (24) खजूरी कलां गांव में अपने मामा थान सिंह के साथ रहता था। मूलतः सीहोर का रहने वाला मनीष यहां मामा के घर रहकर बैंकिंग सेक्टर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। मंगलवार शाम उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। जब मामा के परिवार की नजर पड़ी तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

राजस्थान में भी भोपाल के स्वच्छता मॉडल को मिला दूसरा स्थान

# कचरे से बनाया जा रहा प्लास्टिक बोर्ड चारकोल, स्वच्छता ग्रेड में बढ़ेंगे नंबर

## पिछली बार देशभर में मिला था गारबेज फ्री सिटी में पांचवा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अप्रैल माह में देश भर के शहरों की स्वच्छता रैंकिंग को लेकर रिजल्ट आना है, जिसको लेकर अप्रैल माह के शुरुआती सप्ताह में दिल्ली की स्वच्छता टीम आकर भोपाल की स्वच्छता का आंकलन करेगी। जिसको लेकर राजधानी में स्वच्छता में नंबर वन के लिए नगर निगम प्रयास कर रहा है।

इस बार कई नए कामों को ग्रेड में शामिल किया जा रहा है। जिनमें सीएंडडी प्लांट, बायो सीएनजी और कचरे का वर्गीकरण, ट्रिपल आर फार्मूला वर्किंग और कचरे से प्लास्टिक बोर्ड, कचरे से चारकोल बनाने जैसे काम शामिल हैं। सीएंडडी प्लांट, बायो सीएनजी और चारकोल प्लांट को लेकर एजेंसियों से एग्रीमेंट कर लिए गए हैं। इधर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में पहले से शहर को सुंदर बनाया गया है, जिसका फायदा भी स्वच्छता की रैंकिंग में मिलेगा। प्रदेश की राजधानी कितनी साफ है यह आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा। इससे पहले भोपाल को नंबर वन के पायदान पर पहुंचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

अप्रैल के अंतिम दिनों में स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में रिजल्ट जारी हो सकता है। इस सर्वेक्षण में पता चलेगा कि भोपाल नंबर पांच से आगे बढ़ा है या रैंकिंग में गिरावट हुई है। स्वच्छता सर्वेक्षण का अंतिम सर्वे होने से पहले सभी शहरों को देशभर में आयोजित हो रहे स्वच्छ भारत प्रतियोगिता कांफ्रेंस में शामिल होकर अपने-अपने माडल दिखाने का अवसर भी दिया जा रहा है। नगर निगम भोपाल ने हाल ही में जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भोपाल स्वच्छता माडल का प्रदर्शन किया। इसे प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। पिछली बार भोपाल ने देशभर में पांचवां स्थान हासिल किया था। बीते साल गार्बेज फ्री सिटी में पांच स्टार रेटिंग भी मिली थी।




### ऐसे मिलेगा नंबर वन का तमगा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में 12,500 नंबरों का प्रारूप निर्धारित किया गया है। इसमें 10 हजार अंक चार चरणों के सर्वेक्षण से मिलेंगे। 1,300 अंक गारबेज फ्री सिटी और 1,200 अंक वाटर प्लस प्रमाणन से संबंधित हैं जो पांचवें सर्वे में मिलेंगे। शहरों की दी गई जानकारी यदि 50 प्रतिशत से ज्यादा गलत निकली तो ओवरआल मार्किंग में 30 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे। पांचवें राउंड में 2,500 अंक स्वच्छता सर्वेक्षण के अलावा, 1,300 अंक वाटर प्लस और सेवन स्टार रेटिंग, 1,200 अंक कचरा मुक्त शहर, और 1,200 अंक ओडीएफ, ओडीएफ प्लस, ओडीएफ प्लस प्लस व वाटर प्लस से संबंधित हैं।

### भोपाल के बढ़ेंगे नंबर

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर पूरी तरह से तैयार है। जीआइएस के दौरान शहर को पहले से काफी बेहतर स्थिति में लाया गया है। इस बार स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ आने की पूरी संभावना है। भोपाल के नंबर इस बार स्वच्छता रैंकिंग में बढ़ेंगे।

**हरेंद्र नारायण,**
**कमिश्नर, नगर निगम**

सरकार को करोड़ों रुपए की हुई क्षति, सीएजी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# रॉबर्ट नर्सिंग होम ट्रस्ट ने सरकारी जमीन पट्टे पर लेने के बाद भी उपयोग नहीं की, अफसरों ने भी वापस नहीं ली

हहरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएजी ने इंदौर में करोड़ों रुपए की जमीन का सरकारी पट्टा लेने के 77 साल बाद भी उपयोग नहीं करने का मामला पकड़ा है। इस मामले में अधिकारियों की लापरवाही की वजह से शासन को करोड़ों रुपए की क्षति हुई है। सीएजी को लेखा परीक्षा में यह भी जानकारी मिली कि पट्टेदार को उसकी जरूरत से काफी अधिक जमीन आवंटित कर दी गई थी। शहर के प्रमुख स्थान पर जमीन होने की वजह से आज उस जमीन की कीमत करोड़ों रुपए है।



सीएजी ने पाया कि निगरानी के आभाव में शासकीय भूमि का सर्वोत्तम प्रबंधन सुनिश्चित नहीं हो पाया। उस वक्त रॉबर्ट नर्सिंग होम इंदौर को शहर के प्रमुख स्थान पर 0.8 हेक्टेयर (8,093 वर्गमीटर) जमीन आवंटित की गई थी। किंतु संस्था ने भूमि का पूर्ण उपयोग नहीं किया।

आवंटन के दिनांक से 77 वर्ष बाद भी सम्पूर्ण भूमि का उपयोग न होना यह दर्शाता है कि शहर के प्रमुख स्थान पर उपरोक्त भूमि पट्टेदार की वास्तविक आवश्यकता से अधिक थी। इसे वापस ले लिया जाना चाहिए था। इसके साथ ही एमपीएनबीएनएन.के तहत उल्लिखित निर्धारित दर के दो गुना के बराबर वार्षिक पट्टा किराया और उसके बाजार मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर प्रीमियम लेने के बाद ही अन्य संभावित चैरिटेबल संस्था को सर्वोत्तम उपयोग के लिए आवंटित किया जाना चाहिए था। किंतु राजस्व अधिकारियों की लापरवाही से ऐसा नहीं हुआ।

## जमीन की मौजूदा कीमत कलेक्टर रेट से 38 करोड़ रुपए

सीएजी ने लेखापरीक्षा में पाया कि मौजूदा समय में 48,000 प्रति वर्गमीटर की दर से 8,093 वर्गमीटर (अप्रयुक्त क्षेत्र) के प्रचलित बाजार मूल्य (कलेक्टर मार्गदर्शिका 2022-23) के अनुसार गणना 38.85 करोड़ रुपए की है। इसप्रकार विभाग की निष्क्रियता के कारण भूमि की आवश्यकता वाले अन्य संभावित पट्टा आवेदक सर्वोत्तम उपयोग के लिए भूमि से वंचित हो गए। शासन ने उत्तर दिया (जून 2023) कि रॉबर्ट नर्सिंग होम, इंदौर की प्रबंधन समिति ने नर्सिंग कॉलेज छात्रावास और कर्मचारी आवास के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। हालांकि पर्याप्त कागजात नहीं होने की वजह से उत्तर स्वीकार्य नहीं है। क्योंकि शासन ने लेखापरीक्षा के सत्यापन के लिए सहायक साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए। तथ्य यह है कि आवंटन के 77 वर्ष बाद भी भूमि का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका।

### 10 साल के लिए ली गई थी जमीन

सीएजी के अनुसार एमपीएनबीएनएन की कंडिका 32 (2) के अनुसार किसी चैरिटेबल संस्था को स्थायी पट्टे पर आवंटित भूमि पर आवंटन की तिथि से एक वर्ष के भीतर निर्माण कार्य प्रारम्भ करना होता है। इसके साथ ही तीन साल के भीतर पूर्ण करना आवश्यक है। किंतु रॉबर्ट नर्सिंग होम रेजीडेंसी क्षेत्र इंदौर को (2.92 हेक्टेयर (7.21 एकड़) 135 रुपए के वार्षिक पट्टा किराए पर 10 साल की अवधि के लिए आवंटित की गई थी।

### 3.71 एकड़ जमीन पर हो रही है खेती

संस्था को आवंटित करोड़ों रुपए की जमीन का उपयोग नहीं हुआ। नियमों के अनुसार यह जमीन सरकार को वापस होनी चाहिए थी। राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन (दिसंबर 1997) के अनुसार आवंटित भूमि में से 1.50 हेक्टेयर (3.71 एकड़) भूमि अप्रयुक्त थी और इसका उपयोग खेती के लिए किया जा रहा था। जैसा कि आरआई की ओर से पुनः प्रतिवेदित किया गया। 2022 को लेखापरीक्षा दल ने पटवारी के साथ संयुक्त भौतिक निरीक्षण में आरआई की रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्यों की पुष्टि हुई।

# कांग्रेस विधायक राजे ने ध्यानाकर्षण में उठाया विशेष सशस्त्र बल का जिला पुलिस में संविलियन का मुद्दा

▶ महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह एसएएफ का हो पुलिस में संविलियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस विधायक सुरेश राजे ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल के जवानों का मुद्दा उठाया है। उन्होने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से कहा कि जानना चाहा कि मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल और जिला पुलिस बल की भर्ती प्रक्रिया एक ही है। जब एसएएफ कमांडेट को जिला पुलिस अधीक्षक बनाया जा सकता है, तो इन एसएएफ कर्मचारियों को स्थानांतरण या संविलियन जिला पुलिस के क्यों नहीं किया जा सकता, जबकि महराष्ट्र और हरियाणा सहित अन्य राज्यों में विशेष सशस्त्र पुलिस बल से जिला पुलिस बल में स्थानांतरण किए जा रहे है। अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में भी विशेष सशस्त्र पुलिस बल का जिला पुलिस बल में किया गया तो पुलिस थानों के बल में वृद्धि होगी और प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। विदित हो कि पूर्व में एसएएफ के जवान डीजी डेस्क में आवेदन देकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर चुके है। डीजीपी के आवेदन देकर एसएएफ के जवानों ने मांग की थी कि जब वो थाना पुलिस की तरह काम करते है तो उनकी पदस्थापना भी पुलिस थाने या चौकी में की जा सकती है। हालांकि इस मामले को उच्च स्तर पर गंभीरता से नहीं लिया गया और स्थिति जस की तस बनी हुई है।



# पटवारी बोले-ऐसा विभाग बताएं, जहां शत-प्रतिशत करप्शन न चल रहा हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को एक बार फिर राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। पटवारी ने कहा कि सरकार ने मान लिया है कि यात्री बसों और मालवाहक वाहनों से 600 करोड़ रुपए की वसूली बकाया है। उन्होंने कहा कि सवाल यह भी है कि जब यात्रियों से किराया वसूली यात्रा से पहले हो रही है, तो यात्री बसों से टैक्स क्यों नहीं वसूला जा रहा है? करोड़ों की इस छूट को कौन मंजूर कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना ही पड़ेगा कि जब बस ऑपरेटर्स रोड टैक्स की राशि जमा नहीं कर रहे हैं, तो उनके परमिट कौन और किस आधार पर जारी कर रहा है। यह वही परिवहन विभाग है, जिसने सौरभ शर्मा के जरिए करप्शन की स्टोरी लिखी। पटवारी ने यह भी पूछा कि सरकार कब बताएगी सरकारी खजाने को दीमक कौन लगा रहा है। लूट की ऐसी छूट ही आर्थिक अराजकता के लिए कौन जिम्मेदार है। ऐसे ही कारणों से सरकार को कर्ज लेना पड़ता है। इसी का नुकसान प्रदेश के आम नागरिक आर्थिक बोझ के रूप में उठा रहे हैं। पीसीसी चीफ ने सरकार को कर्ज, करप्शन और कमीशन की सरकार बताते हुए चुनौती दी कि एक भी ऐसा विभाग बतायें जहां शत-प्रतिशत करप्शन नहीं चल रहा हो।



# गेंहू के उपार्जन में महिलाओं की भागीदारी होगी सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेंहू के उपार्जन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों को कार्य देने का प्रावधान उपार्जन नीति में किया गया है। महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों को उपार्जन कार्य देने के लिए प्रक्रिया निर्धारित कर निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों का एक वर्ष पूर्व (एक जनवरी, 2025 की स्थिति में) का पंजीयन होना चाहिए। महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों के बैंक खाते में न्यूनतम 2 लाख रुपए जमा हों। समूह ने पिछले एक वर्ष में नियमित रूप से बैठकों का जायोजन किया गया हो। समूह में समस्त सदस्य/ पदाधिकारी महिलाएं हो। पिछले वर्षों में उपार्जन कार्य में कोई अनियमितता नहीं की गई हो और महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों को उपार्जन कार्य देने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अनुशंसा जरूरी है।



### आवश्यक दस्तावेज जरूरी

समूहों को पंजीयन प्रमाण-पत्र, पिछले 6 माह के बचत खाते का बैंक स्टेटमेंट, पिछले 3 माह की बैठकों का कार्रवाई विवरण और आवश्यक राशि की उपलब्धता का प्रमाण सहित अन्य जरूरी दस्तावेज देने होंगे। उपार्जन कार्य के लिए महिला स्व-सहायता समूहों का चयन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। महिला स्व-सहायता समूहों, ग्राम संगठकों को उपार्जन कार्य के लिए विभाग की ओर से उपार्जन एवं पंजीयन की अवधि के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर का मानदेय दिया जाएगा। साथ ही भारत सरकार की ओर से निर्धारित कमीशन एवं प्रासंगिक व्यय भी दिए जाएंगे।

ट्रेनों में यात्रियों को नहीं होगी पानी की दिक्कत, रेलवे ने जारी किया टेंडर

# निशातपुरा में रेल ट्रैफिक शुरू करने से पहले क्विक वाटरिंग सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहरवासियों को जल्द ही निशातपुरा के रूप में चौथे स्टेशन की सौगात मिल सकती है। एक साल पहले यह स्टेशन बन कर तैयार हो गया, लेकिन अब तक यहां से रेल यातायात शुरू नहीं हो सका है। रेलवे की ओर से यहां पर ट्रेनों के स्टॉपेज शुरू करने से पहले स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के कोचों में यात्रियों को पानी के लिए क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इसके जरिए 24 कोच वाली ट्रेन में महज 8 मिनट में पानी भर जाएगा। इसको लेकर रेलवे की टेंडर जारी कर दिया है। इस संबंध में रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अगले माह तक चौथे स्टेशन की सौगात मिल सकती है।

### एक लाख से अधिक यात्रियों को होगी सुविधा




24 कोच वाली ट्रेन में महज 8 मिनट में भर जाएगा पानी

भोपाल मंडल ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए हैं। यहां पर खान पान की सुविधाएं देने वाले स्टॉल के टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे। भोपाल के चौथे बड़े स्टेशन के रूप में निशातपुरा पर रेल यातायात शुरू होने से नए व पुराने शहर के लगभग एक लाख से अधिक यात्रियों को लाभ मिल सकेगा। यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए बैरागढ़ नहीं जाना होगा। वहीं, भोपाल व रानी कमलापति स्टेशन पर रेल यातायात दबाव कम हो सकेगा। निशातपुरा स्टेशन पर केटरिंग, रेलवे टिकट काउंटर खुलने के साथ अन्य काम पूरे हो चुके है।

### इन ट्रेनों को मिलेगा ठहराव

- 14115/14116 डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन-डॉ. आंबेडकर नगर एक्स. (प्रतिदिन)
- 19421/19422 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद (रविवार/मंगलवार) साप्ताहिक एक्सप्रेस
- 14319/14320 इंदौर-बरेली-इंदौर (गुरुवार/बुधवार) साप्ताहिक एक्सप्रेस
- 19321/19322 इंदौर-पटना-इंदौर (शनिवार/सोमवार) साप्ताहिक एक्स.,
- 19313/19314 इंदौर-पटना-इंदौर (सोमवार, बुधवार/बुधवार,शुक्रवार) द्वि-साप्ताहिक एक्स. आदि।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930